स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

लखनऊ, मंगलवार
16 जून, 2026
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष 2
सं. 2083 वि.
वर्ष 79, अंक - 294 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर *
मूल्य : 3 रुपये

# स्वतंत्र भारत

epaper : epaper.swatantrabharat.net



वैभव सूर्यवंशी की श्रीलंकाई खिलाड़ियों के साथ धक्का-मुक्की

ईरान ने की अमेरिका के साथ शांति समझौते की पुष्टि

# पश्चिम एशिया संघर्ष खत्म

**तेहरान।** पश्चिम एशिया में छिड़े संघर्ष को रोकने के लिए अमेरिका-ईरान के बीच शांति समझौता हो गया

- होर्मुज से नाकाबंदी हटाएंगे ट्रंप
- 19 जून को होंगे शांति समझौते पर हस्ताक्षर



है। ईरान के कानूनी और अंतरराष्ट्रीय मामलों के उप विदेश मंत्री काजेम गरीबाबादी ने अमेरिका के साथ शांति समझौते की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि तेहरान अंतिम समझौते के लिए प्रस्तावित 60 दिनों की वार्ता अवधि में तभी प्रवेश करेगा, जब वह युद्ध समाप्त करने, नाकाबंदी हटाने और ईरानी संपत्तियों को जारी करने संबंधी वॉशिंगटन की प्रतिबद्धताओं का सत्यापन कर लेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका और तेहरान के बीच शांति समझौता पूरा होने का एलान करते हुए होर्मुज जलडमरूमध्य पर अमेरिकी नौसैनिक नाकाबंदी हटाने की घोषणा की है। ईरान के सरकारी प्रेस टीवी के अनुसार, गरीबाबादी ने कहा कि समझौते के आधिकारिक हस्ताक्षर समारोह का आयोजन शुक्रवार को होगा, जिसके बाद समझौता ज्ञापन सार्वजनिक किया जाएगा।

**ईरान ने समझौते को बताया अपनी जीत**

काजेम गरीबाबादी ने कहा, जिस दुश्मन ने अपने नापाक उद्देश्यों को पूरा करने के लिए हमला किया था, वह अपने सभी लक्ष्यों में विफल रहा और इस्लामी गणराज्य ईरान ने युद्ध में बड़ी जीत हासिल की। यह समझौता ज्ञापन केवल कूटनीति का परिणाम नहीं है, बल्कि यह ईरान की सैन्य उपलब्धियों का भी ऋणी है। यह उन शहीदों के पवित्र खून का ऋणी है जिन्हें हमने व्यवस्था के दुश्मनों का सामना करते हुए खोया। आधिकारिक हस्ताक्षर के बाद समझौता ज्ञापन प्रकाशित किया जाएगा। शुक्रवार को आधिकारिक हस्ताक्षर होंगे और दोनों प्रतिनिधिमंडलों के प्रमुख वार्ता के भविष्य के ढांचे को तय करने के लिए चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि अगले चरण की वार्ता शुरू करने से पहले ईरान यह सुनिश्चित करेगा कि अमेरिका ने युद्ध समाप्त करने, नाकाबंदी हटाने और संपत्तियां जारी करने संबंधी अपनी जिम्मेदारियां पूरी की हैं या नहीं। गरीबाबादी ने प्रेस टीवी के हवाले से कहा, 60 दिनों की वार्ता में प्रवेश करना अमेरिका द्वारा इन प्रतिबद्धताओं को पूरा किए जाने पर निर्भर करेगा।

## ट्रंप ने की घोषणा

यह बयान ऐसे समय आया है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वॉशिंगटन और तेहरान के बीच शांति समझौता पूरा होने की घोषणा की। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा, इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के साथ समझौता अब पूरा हो चुका है। सभी को बधाई। मैं होर्मुज जलडमरूमध्य को बिना किसी शुल्क के खोलने की पूरी अनुमति देता हूं और साथ ही अमेरिकी नौसैनिक नाकाबंदी को तत्काल हटाने की भी अनुमति देता हूं। दुनिया के जहाजों, अपने इंजन चालू कर दीजिए। तेल को निकलने दीजिए।

## सहमति का स्वागत, टिकाऊ समझौते की आशा : मोदी

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने अमेरिका-ईरान के बीच शांति समझौते के एलान पर प्रतिक्रिया देते हुए इसका स्वागत किया और कहा कि उम्मीद है कि इससे दुनिया में स्थिरता आएगी। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर साझा पोस्ट में लिखा मैं पश्चिम एशिया में संघर्ष को खत्म करने के लिए अमेरिका और ईरान के बीच बनी सहमति का स्वागत करता हूं। इस संघर्ष के कारण दुनिया भर में गंभीर आर्थिक उथल-पुथल हुई है और कई देशों में जान-माल का नुकसान हुआ है। भारत को उम्मीद है कि इस सहमति को लागू करने से क्षेत्र में शांति और स्थिरता बहाल करने में मदद मिलेगी और आवाजाही व व्यापार की स्वतंत्रता सुनिश्चित होगी। हम उम्मीद करते हैं कि बाकी मुद्दों पर बातचीत से एक टिकाऊ और अंतिम समझौता हो सकेगा।

पीएम मोदी बोले- टेक्नोलॉजी हमारे संबंधों का आधार

# भारत-स्लोवाकिया के बीच कई अहम समझौते



**ब्रातिस्लावा।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके स्लोवाकियाई समकक्ष रॉबर्ट फिचो के बीच ब्रातिस्लावा कैसल में अहम मुलाकात हुई। दोनों के अहम बैठक हुई, जिसके बाद एक संयुक्त प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने इस दौरे को ऐतिहासिक बताया और भारत-ईयू एफटीए को अंतिम रूप देने में स्लोवाकिया की मदद का आभार भी जताया। साझा वक्तव्य के दौरान पीएम मोदी ने कहा, प्रधानमंत्री और मैंने हमारे सहयोग को नई दिशा और नई गति देने के बारे में विस्तार से चर्चा की। हमारे द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक साझेदारी में हुई प्रगति हमारे लिए संतोष की बात है। हालाँकि, हमारी क्षमताएं बहुत अधिक हैं और हमारी आकांक्षाएं उससे भी कहीं अधिक हैं। पीएम मोदी ने कहा, हमारे आत्मीयता भरे स्वागत के लिए मैं प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको अनुभवी नेता होने के साथ भारत के सच्चे मित्र हैं। भारत स्लोवाकिया के संबंधों को नई ऊंचाई तक पहुंचाने में उनकी मित्रता और अटूट प्रतिबद्धता का विशेष महत्व रहा है। मुझे खुशी है कि आज उनसे मिलकर हमारे संबंधों में एक ऐतिहासिक पल के साक्षी बनने का शुभ अवसर मिला। मेरी ये यात्रा किसी भी भारतीय प्रधानमंत्री की स्लोवाकिया की पहली यात्रा है।

**टेक्नोलॉजी हमारी भावी साझेदारी का महत्वपूर्ण स्तंभ- पीएम मोदी**

पीएम मोदी ने कहा कि, इंडिया-ईयू, एफटीए को अंतिम रूप देने में स्लोवाकिया से मिले सहयोग के लिए मैं प्रधानमंत्री जी का विशेष आभार व्यक्त करता हूं। हम इसके जल्द से जल्द इम्प्लीमेंटेशन के लिए काम करेंगे ताकि दोनों देशों के उद्योग, स्टार्टअप्स और ट्रेडर्स इसका अधिकतम लाभ उठा सकें। टेक्नोलॉजी हमारी भावी साझेदारी का महत्वपूर्ण स्तंभ है। डिजिटल टेक्नोलॉजी पर आज किए गए समझौते इसे डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर में सहयोग की नई संभावनाएं बनाएंगे।

## 'लगातार 12 वर्षों तक बने रहना किसी राजनीतिक चमत्कार जैसा'

प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको ने कहा, जाहिर है, मैं राजनीतिक स्थिरता का जिक्र किए बिना नहीं रह सकता, जिसका प्रतिनिधित्व आप भारत के प्रधानमंत्री के तौर पर करते हैं और मैं आपको इस बात के लिए बधाई देता हूं कि आप भारत के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले प्रधानमंत्री हैं, क्योंकि इतने मुश्किल माहौल में और इतनी सारी राजनीतिक पार्टियों वाले व्यापक परिवेश में लगातार 12 वर्षों तक बने रहना किसी राजनीतिक चमत्कार जैसा है। मैं आपको इसके लिए बधाई देना चाहता हूं।

# कथित चढ़ावा चोरी जांच के लिए अयोध्या पहुंची एसआईटी

**अयोध्या।** राम मंदिर में चढ़ावा चोरी की जांच के लिए एसआईटी यानी स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम अयोध्या पहुंच गई है। टीम लखनऊ में सीएम

- नृपेंद्र मिश्रा बोले- अब ढिलाई नहीं बरती जाएगी

योगी से मुलाकात करके अयोध्या आई है। यहां ट्रस्ट के पदाधिकारियों, मंदिर के कर्मचारियों और चिह्नित संदिग्ध लोगों से पूछताछ करेगी। ट्रस्ट ने अब तक अपनी जांच में क्या-क्या किया है, इसकी जानकारी भी लेगी। दूसरी तरफ राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने सोमवार को कहा-अब किसी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जा रही है। इसके दो पहलू हैं- आपराधिक और सुधार। जब ये दोनों पूरे हो जाएंगे, तभी हम श्रद्धालुओं का विश्वास जीत पाएंगे। इसके लिए ट्रस्ट ने मन बना लिया है। मंदिर के रास्ते में एक मोड था, जो क्रास रोड था, वो आया। इसे हम पार करके आगे का भविष्य देख रहे हैं। एसआईटी टीम के पहुंचने से पहले श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय की तबीयत खराब हो गई। 2-3 दिन से उनको जुकाम है। शुगर लेवल भी बढ़ा हुआ बताया जा रहा है। वहीं, दूसरे प्रमुख ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा भी अयोध्या



के बाहर चले गए। सूत्र बताते हैं- वह आंखों के इलाज के लिए केरलम गए हैं। इधर, जैसे-जैसे चढ़ावा चोरी का मामला तूल पकड़ रहा है। अयोध्या में मंदिर ट्रस्ट को लेकर नाराजगी बढ़ती जा रही है। यूपी युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष शरद शुक्ला ने अयोध्या में होर्डिंग लगवाई है। इसमें लिखा है- जो व्यक्ति दान की संपत्ति हड़पता है, वह नरक के कीड़े का जीवन जीता है। श्रीरामलला न्याय करेंगे। हालांकि, बाद में प्रशासन ने होर्डिंग को हटवा दिया। चढ़ावा चोरी मामले में अब तक 5 लोगों (लवकुश, अवनीश, अनुकल्प, करुणे और रामशंकर) के नाम सामने आए हैं।

## रिलायंस के दो ग्रुप एमडी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** ईडी ने प्रिवेंशन ऑफ़ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट, 2002 के तहत अपराधों के लिए रिलायंस अनिल अंबानी ग्रुप (आरएएजी) के ग्रुप मैनेजिंग डायरेक्टर सतीश सेठ और गौतम भाईलाल दोषी को गिरफ़्तार किया है। जांच एजेंसी ने रिलायंस अनिल अंबानी ग्रुप की चल रही जांच के सिलसिले में सतीश सेठ को मेसर्ज रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड और अन्य के ख़िलाफ़ दर्ज ईसीआईआर में गिरफ़्तार किया है। गौतम दोषी को मेसर्ज रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड और अन्य के खिलाफ़ दर्ज ईसीआईआर में गिरफ़्तार किया गया है। ईडी के मुताबिक, सतीश सेठ लंबे समय से आरएएजी से जुड़े रहे हैं और ग्रुप मैनेजिंग डायरेक्टर के पद पर रहते हुए उन्होंने ग्रुप की कई कंपनियों के अहम कमर्शियल और फाइनेंशियल फैसलों पर कंट्रोल रखा है। उन्होंने इंफ्रास्ट्रक्चर, पावर और उससे जुड़े सेक्टर में काम करने वाली ग्रुप की कई कंपनियों में डायरेक्टर के तौर पर भी काम किया है।

# टेलीग्राम गैंग का भंडाफोड़, दो आरोपी गिरफ्तार

**अहमदाबाद/जयुपर।** अहमदाबाद साइबर क्राइम ब्रांच ने सोमवार को राजस्थान के दो लोगों को गिरफ्तार किया। अधिकारियों के अनुसार, दोनों पर टेलीग्राम और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से री-नीट परीक्षा का प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने का दावा कर छात्रों और अभिभावकों से कथित ठगी करने वाले एक अंतरराज्यीय साइबर नेटवर्क को संचालित करने का आरोप है। पुलिस के अनुसार, जांच में यह पता लगने के बाद कि कुछ लोग टेलीग्राम के माध्यम से री-नीट परीक्षा के प्रश्नपत्र और परीक्षा से जुड़ी गोपनीय जानकारी होने का दावा कर रहे थे, मामले में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 318(4), 319(2) और 54 तथा सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 66(D) के तहत साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने कई टेलीग्राम चैनल, टेलीग्राम आईडी और ऑनलाइन समूह बनाए थे, जिनमें री-नीट प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने संबंधी संदेश प्रसारित किए जाते थे। परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों और उनके अभिभावकों को विज्ञापनों, पोस्ट और संदेशों के जरिए निशाना बनाया जाता था। इन माध्यमों से परीक्षा से संबंधित सामग्री और अन्य लाभ उपलब्ध कराने के दावे किए जाते थे। साइबर क्राइम ब्रांच के अनुसार छात्रों और अभिभावकों से प्रश्नपत्र और गोपनीय जानकारी उपलब्ध कराने के नाम पर पैसे लिए जाते थे। जांच एजेंसी का आरोप है कि इन चैनलों का उपयोग भ्रामक जानकारी फैलाने और वित्तीय धोखाधड़ी के लिए किया गया।

- नीट री-एग्जाम पेपर लीक के नाम पर साइबर ठगी




## कुमकुम भाग्य फेम संचिता ने की आत्महत्या

**मुंबई।** टीवी की मशहूर अभिनेत्री संचिता उगले का 30 साल की उम्र में निधन हो गया। मुंबई के नालासोपारा में मौजूद उनके घर में फंदे से लटका उनका शव मिला। घटना रविवार शाम करीब 6.30 से 7.30 बजे के बीच की बताई जा रही है। संचिता नालासोपारा पूर्व के आचोले गांव में अपने माता-पिता और 15 वर्षीय बहन के साथ रहती थीं। रविवार शाम घर में अकेली होने के दौरान उन्होंने कथित रूप से सीलिंग फैन से साड़ी के सहारे फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजन अभिनेत्री को फौरन महानगर पालिका के तुलिंज अस्पताल ले गए।

## भारत में वेलनेस अब शौक नहीं, नई जीवनशैली है

**नई दिल्ली।** 'इलाज से बेहतर रोकथाम है।' 16वीं शताब्दी में, डच दार्शनिक डेसिडेरियस इरास्मस ने यह अमर वाक्य गढ़ा था। हालांकि भारत सहित दुनियाभर में कुछ समय पहले तक हेल्थकेयर पर होने वाला खर्च काफी हद तक प्रतिक्रियात्मक था। यानी लोग बीमार पड़ने पर ही डॉक्टरों के पास जाते थे। लेकिन अब यह सोच बदल रही है। खासकर 2019 की महामारी के बाद सेहत के प्रति जागरूकता में बढ़ोतरी हुई है। इसके पीछे डिस्पोजेबल आय में वृद्धि और डिजिटल साधनों की उपलब्धता बढ़ना भी बड़ी वजह है। बीते दशक में प्रिवेंटिव केयर पर खर्च कुल इलाज खर्च के 10 प्रतिशत से बढ़कर 15 प्रतिशत पर पहुंच गया है। फिटनेस, अच्छा स्वास्थ्य और जीवनशैली के बेहतर विकल्प तेजी से अपनाए जा रहे हैं। लोग नाश्ते से पहले स्लीप स्कोर देख रहे हैं, लंच में प्रोटीन ग्राम गिन रहे हैं, स्मार्टवॉच से हार्टबीट ट्रैक कर रहे हैं और एआई बेस्ड फिटनेस कोचिंग तक ले रहे हैं। बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजी) की 2025 की रिपोर्ट के अनुसार, जहां वैश्विक स्तर पर केवल 12 प्रतिशत लोग ही सचेत रूप से स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए सक्रिय हैं, वहीं करीब 50 प्रतिशत भारतीय इस दिशा में कदम उठा रहे हैं। करीब 74 प्रतिशत लोग अब बीमार पड़ने पर इलाज कराने के बजाय वेलनेस प्रोग्राम, हेल्थ कोचिंग और नियमित निगरानी जैसी निवारक (प्रिवेंटिव केयर) सेवाओं को प्राथमिकता देते हैं।

## अभिषेक बनर्जी से ईडी की पूछताछ

**कोलकाता।** टीएमसी महासचिव अभिषेक बनर्जी कोलकाता में ईडी ऑफिस पहुंच गए हैं। ईडी अभिषेक से कैश-फॉर-स्कूल-जॉब स्कैम में पूछताछ की जा रही है। उन्हें 3 जून को नोटिस जारी कर 15 जून की दोपहर 12 बजे तक एजेंसी के सामने पेश होने का निर्देश दिया गया था। इस मामले में सीबीआई और ईडी दोनों की चार्जशीट में अभिषेक का नाम है। इससे पहले रविवार को विधायकों के फर्जी साइन मामले में सीआईडी ने अभिषेक से 8 घंटे पूछताछ की थी। इस मामले में अभिषेक को फिर से 16 जून को सीआईडी के सामने पेश होना है।

ऐतिहासिक पल | नोएडा से लखनऊ गए किसान, सीएम से मुलाकात

# एयरपोर्ट के लिए दी जमीन, भरी पहली उड़ान

**नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के विकास के लिए जिन ग्रामीणों की जमीन ली गई थी, वे सोमवार को एक ऐतिहासिक पल का हिस्सा बने। उन्होंने

- 170 यात्रियों में किसान और महिलाएं रहीं शामिल

नए शुरू हुए एयरपोर्ट से लखनऊ जाने वाली पहली पैसेंजर फ्लाइट में उड़ान भरी। नोएडा एयरपोर्ट से पहली उड़ान सुबह 8.30 पर लखनऊ के लिए रवाना हुई इसमें एयरपोर्ट के लिए जमीन देने वाले 170 किसान और कामगार गए, जिसमें महिलाएं भी शामिल हैं। एक यात्री अबरार खान ने कहा, हम नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से लखनऊ जाने वाली पहली फ्लाइट में सफर करके बहुत खुश और आभारी हैं। हमने जो सोचा था, वह आज हमारे सामने सच हो रहा है। खान ने बताया कि उन्हें मुख्यमंत्री की तरफ से पहली फ्लाइट का हिस्सा बनने का न्योता मिला था। उन्होंने कहा कि यह सम्मान की बात है। पास के ही एक गांव की रहने वाली महिला हेरा रशीद ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक पल है। फ्लाइट में सवार लगभग 65 साल के एक किसान ने बताया कि उन्होंने एयरपोर्ट के लिए अपनी 30 बीघा जमीन दी थी और वे डेवलपमेंट देखकर खुश हैं। एक और महिला यात्री ने कहा कि पहली फ्लाइट का हिस्सा बनने का मौका ग्रामीणों के लिए गर्व की बात है। जेवर के विधायक धीरेंद्र सिंह ने कहा कि पैसेंजर सर्विस की शुरुआत न सिर्फ एक हवाई रूट की शुरुआत है, बल्कि एयरपोर्ट के सफर में किसानों के योगदान की झलक भी है।

## पायलट की ड्रेस में बच्ची ने मोहा

नोएडा एयरपोर्ट की शुरुआत के पहले दिन एक खूबसूरत तस्वीर सामने आई है, जिसने हर किसी का मन मोह लिया। लखनऊ से नोएडा एयरपोर्ट पहुंची एक नन्ही बच्ची पायलट की ड्रेस में आई थी। क्यूट बच्ची को देख सभी की निगाहें इसी पर टिक गईं। बच्ची की पायलट की ड्रेस में बहुत क्यूट लग रही थी।

## लखनऊ में सीएम योगी से किसानों की मुलाकात

जानकारी के मुताबिक, लखनऊ से निकली फ्लाइट सुबह 8ः05 पर जेवर एयरपोर्ट के रनवे पर उतरी। इस फ्लाइट में आए उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना का एयरपोर्ट पर स्वागत किया गया। लखनऊ से नोएडा एयरपोर्ट आई फ्लाइट यात्रियों को लेकर बंगलुरू के लिए रवाना हुई। वहीं, नोएडा एयरपोर्ट से पहली उड़ान सुबह 8.30 पर लखनऊ के लिए रवाना हुई इसमें एयरपोर्ट के लिए जमीन देने वाले 170 किसान और कामगार शामिल हैं, जिसमें महिलाएं भी शामिल हैं। उन्होंने लखनऊ में सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की।

# डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने किया योग सप्ताह का शुभारंभ

## डॉ.अवधेश मणि ने लोगों को कराये योगासन



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहाँपुर।** ज़िला प्रशासन एवं आयुष विभाग के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पूर्व योग सप्ताह का शुभारंभ किया गया । शहीद संग्रहालय में हुए कार्यक्रम का उद्घाटन ज़िलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी उत्कर्ष द्विवेदी, नगर आयुक्त सौम्या गुररानी ने भगवान धन्वन्तरि व महर्षि पतंजलि के चित्रों पर माल्यार्पण व समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया । इस मौके पर जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि भागमभाग, तनाव, बढ़ती महत्वाकांक्षा के दौर में हम जीवन की लय को खोते चले जा रहे हैं। ऐसे समय में हम भारतीय संस्कृति की अमूल्य विधा, जिसके वैज्ञानिक गुणों, सिद्धांतों के कारण योग एक शीतल छाँव की तरह है, जो हमारे मन प्राण और शरीर के सन्तुलन को बनाए रखकर हमारे जीवन पथ को निष्कण्टक करता है । योग विज्ञान संस्थान के ज़िला प्रधान डॉ अवधेश मणि त्रिपाठी के द्वारा योगासनों का अभ्यास कराया गया । मंच पर ज्योति गुप्ता, अखण्ड प्रताप , चिवनाथ पाल ने योगासनों का प्रदर्शन किया । अतिथियों का स्वागत क्षेत्रीय आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी डॉ सिराज अहमद अंसारी व जिला होम्योपैथ अधिकारी डॉ शबीना नाज ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया । कवि डॉ इन्दु अजनबी के संचालन में हुए आयोजन में प्रमुख रूप से भाजपा महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विवेक कुमार मिश्रा,अपर ज़िलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा, छावनी परिषद के मानद सदस्य अवधेश कुमार दीक्षित, ज़िला कार्यक्रम अधिकारी अविरल सिंह चन्देल, डॉ मनु यादव, डॉ संदीप सिंह, डॉ राजीव कुमार, डॉ शिवपूजन सिंह, विनीत मिश्रा, दपिन्दर कौर, मो. इमरान, अनुराग पाल, ऊषा कश्यप समेत अनेक लोगों ने योगाभ्यास किया ।

# डीएम ने टॉपर छात्रों को कमला विशुन नरायन अवार्ड से किया सम्मानित



**शाहजहांपुर।** सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मध्यान्ह 12ृबजे जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट वर्ष 2026 की परीक्षा में जनपद स्तर पर प्रथम स्थान पर आने वाले यू0पी0बोर्ड एवं सी0बी0एस0ई0 बोर्ड के टॉपर छात्रों को कमला विशुन नरायन अवार्ड 2026 से सम्मानित किया गया है। यू0पी0बोर्ड विद्यालय श्री महेन्द्रपाल सिंह शान्ति देवी इण्टर कालेज जैतीपुर से जनपद में प्रथम स्थान पाने वाले सत्यदेव, व सी0बी0एस0ई0 बोर्ड विद्यालय फर्टिलाइजर पब्लिक स्कूल कृभको नगर पिपरौला से हाईस्कूल में जनपद में प्रथम स्थान पाने वाले अक्षत को नगद धनराशि रू0 5000/- प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा इण्टरमीडिएट में यू0पी0 बोर्ड विद्यालय माता रमा देवी इण्टर कालेज चिलौआ जलालाबाद से जनपद में प्रथम स्थान पाने वाले विशाल व सी0बी0एस0ई0 बोर्ड विद्यालय तक्षशिला पब्लिक स्कूल से इण्टरमीडिएट में जनपद में प्रथम स्थान पाने वाले नवांश अग्निहोत्री को नकद धनराशि रू0 5500/- प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कमला विशुन नरायन अवार्ड 2026 के आयोजक अवनेश अवस्थी जिला विद्यालय निरीक्षक हरिवंश कुमार व छात्रों के माता पिता भी उपस्थित रहे।

# महिला ने नामित पार्षद पर धोखाधड़ी कर लोन लेने का लगाया आरोप

## न्याय की लगाई गुहार, आरोपी पर हो कार्यवाही : अंजू



**शाहजहांपुर।** एक महिला ने नामित पार्षद पर धोखा देकर आधार कार्ड के जरिये 10 लाख को लोन निकालने का आरोप लगाया है। अंजू वाल्मीकि पत्नी बंटी वाल्मीकि निवासी रोजा ने नामित पार्षद पर धोखा कर पीड़ित के नाम पर लोन निकालने का आरोप लगाया है। पीड़ित अंजू ने कहा है उसके दो छोटे बच्चे हैं मुझे परिवार सहित आत्महत्या करने पर मजबूर कर दिया गया है कई दिनों से घर में खाना नहीं बना । अंजू ने कहा रोजा के नामित पार्षद नगर निगम राम निवास वाल्मीकि ने धोखाधड़ी करके पीड़ित महिला के नाम पर 10 लाख का लोन कर दिया और लोन के 9 लाख ?2000 अपनी पत्नी के खाते में ट्रांसफर कर लिए। बैंक के द्वारा जब पीड़ित महिला के घर नोटिस आया तो उसे इसकी जानकारी हुई। तब पीड़ित महिला के पति ने रामनिवास को फोन करते रहे तो फोन नहीं उठाया। रामनिवास के घर पर गए तो रामनिवास ने अभद्रता की और पत्नी को बच्चों सहित एक गोली से उड़ाने की धमकी दी। और अगर कहीं तहरीर दी तो बच्चों सहित गायब कर देंगे ऐसी धमकी दी । इससे पीड़ित महिला के पति काफी भयभीत हैं महिला का कहना है कि उसके पास मरने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा जिला प्रशासन ने उसकी कोई मदद नहीं की तो हम लोग आत्महत्या कर लेंगे। उसको न्याय दिलाए और रामनिवास के खिलाफ जांच कर कार्यवाही की मांग की है। रामनिवास के द्वारा धोखाधड़ी से जो लोन लिया गया है वह लोन का पैसा रामनिवास से ही वसूला जाए। वही रोजा के नामित पार्षद रामनिवास ने बताया कि कुछ लोग षड्यंत्र रच रहे हैं उन जो आरोप धोखा धड़ी का आरोप लगाया गया है वह निराधार है। वह हमेशा लोगों मदद करते आ रहे हैं। सारे आरोप झूठे हैं।

# लखनऊ दिल्ली हाईवे किनारे अतिक्रमण पर चलेगा अभियान

## एनएचएआई ने की पैमाइश सरयू पुलिया से शनि मंदिर तक चिन्हित किए गए अतिक्रमण, जल्द जारी होंगे नोटिस

**स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर।** लखनऊ दिल्ली हाईवे किनारे बढ़ते अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। सोमवार शाम एनएचएआई के कंट्रोल रूम अधिकारी इंद्रेश यादव के नेतृत्व में टीम ने सरयू पुलिया से हाईवे स्थित शनि मंदिर तक सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण की लेखपाल द्वारा पैमाइश कराई। इस दौरान कई स्थानों पर राजमार्ग की भूमि पर किए गए कब्जों को चिन्हित किया गया।पैमाइश के दौरान एनएचएआई अधिकारियों ने सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था का भी जायजा लिया। अधिकारियों ने बताया कि हाईवे किनारे किए गए अतिक्रमण से न केवल यातायात प्रभावित हो रहा है,बल्कि दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ रही है। इसी को देखते हुए अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया शुरू की गई है।कंट्रोल रूम अधिकारी इंद्रेश यादव ने बताया कि पैमाइश के आधार पर अतिक्रमण वाले स्थानों को चिन्हित कर लिया गया है। संबंधित लोगों को स्वयं अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि जिन स्थानों पर अतिक्रमण पाया गया है, वहां जल्द ही नोटिस चस्पा किए जाएंगे। निर्धारित समयावधि के भीतर अतिक्रमण नहीं हटाए जाने पर एनएचएआई द्वारा विशेष अभियान चलाकर अवैध कब्जों को हटाया जाएगा।अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि हाईवे की भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण या कब्जा स्वीकार नहीं किया जाएगा। अभियान के दौरान सड़क किनारे रहने वाले लोगों और दुकानदारों से सहयोग की अपील भी की गई।

# अमृत योग सप्ताह का चेयरमैन संजय गुप्ता ने किया शुभारंभ



**स्वतंत्र भारत पुवायाँ, शाहजहांपुर।** अमृत योग सप्ताह का शुभारंभ 15 जून 2026 को हुआ। नगर पालिका परिषद पुवायां के चेयरमैन संजय गुप्ता और पुवायां इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य जे.पी. मौर्य ने दीप प्रज्वलित कर इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया। दी जेंटलमैन वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में यह योग सप्ताह राजा अजय वर्मा मेमोरियल हॉल, पुवायां इंटर कॉलेज में आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 15 जून से शुरू होकर 21 जून 2026 तक चलेगा, जिसके पहले दिन योग साधकों को सूक्ष्म व्यायाम और विभिन्न योगाभ्यास कराए गए। इस अवसर पर चेयरमैन संजय गुप्ता ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ रहता है, मन शांत होता है और चित्त एकाग्र होता है। गुप्ता ने योग को भारतीय संस्कृति की एक अमूल्य धरोहर बताते हुए प्रत्येक व्यक्ति से इसे अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आग्रह किया।कार्यक्रम संयोजक राजेश गुप्ता और सहसंयोजक अरुण शर्मा ने बताया कि यह योग प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएंगे। योग सप्ताह के पहले दिन लगभग 60 योग साधकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम में सुबोध वर्मा, राजीव शर्मा, संजय मिश्रा, अभय मिश्रा, कृष्ण शंकर, रामसेवक राठौर, श्याम कुमार त्रिवेदी, विश्वमोहन, डॉ. बी. के. गुप्ता, सुनील सिंघानिया, दिनेश कुमार, जगदीश शर्मा सहित नगर पालिका परिषद के प्रतिनिधि मधु सिंह, प्रदीप शर्मा, विनय मिश्र, वाजिद, रजनीश शर्मा और अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों को नियमित योगाभ्यास के लिए प्रेरित करते हुए किया गया।

## समाचार एक नजर में

# संकल्प संस्था ने किया मौलवी अहमद उल्ला शाह को नमन



**शाहजहाँपुर।** रचनात्मक संस्था संकल्प के द्वारा प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के अमर बलिदानी मौलवी अहमद उल्ला शाह के बलिदान दिवस पर लोधीपुर स्थित उनके स्मारक स्थल पर चादरपोशी व गुलपोशी कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए । इस मौके पर हाफिज अशफाक अली ने तिलाबते कुरान व संस्था संस्थापक डॉ अवधेश मणि त्रिपाठी ने प्रार्थना के साथ कार्यक्रम का समापन किया । इस मौके पर संस्था अध्यक्ष हिमांशु पाराशरी, जीसी मिश्रा, प्रमोद पांडेय, राकेश मिश्रा आदि उपस्थित । कार्यक्रम का संचालन कवि डॉ इन्दु अजनबी ने किया ।

# छत से गिरकर बुजुर्ग व युवती घायल, मेडिकल कॉलेज रेफर

**स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर।** नगर में रविवार देर रात दो अलग-अलग हादसों में एक बुजुर्ग और एक युवती छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।दोनों को सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत को देखते हुए राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। मोहल्ला दिलाजाक निवासी आसाराम रविवार रात करीब 10 बजे छत पर सोने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान जीने पर उनका पैर फिसल गया और वह नीचे जमीन पर गिर पड़े। हादसे में उन्हें गंभीर चोटें आईं और वह बेहोश हो गए। परिजन आनन-फानन में उन्हें सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।वहीं मोहल्ला हिंदू पट्टी निवासी युवती अर्शी रात करीब 10ृ15 बजे छत से नीचे उतर रही थी। अचानक संतुलन बिगड़ने से उसका पैर फिसल गया और वह सीढ़ियों से गिरकर घायल हो गई। परिजन उसे भी उपचार के लिए सीएचसी लेकर पहुंचे।डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज भेज दिया।

# जहरीला पदार्थ खाने से किशोरी की हालत बिगड़ी

**स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर।** क्षेत्र के गांव शेरगढ़ की एक किशोरी ने सोमवार सुबह करीब 10 बजे किसी बात से क्षुब्ध होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ ही देर में उसकी हालत बिगड़ने लगी। परिजन उसे तत्काल उसे सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।वहीं मोहल्ले की एक दो वर्षीय बालिका ने सुबह करीब 10ृ30 बजे घर में रखा लोशन धोखे से पी लिया। लोशन पीते ही उसकी तबीयत बिगड़ने लगी, जिससे परिजनों में हड़कंप मच गया। परिजन बालिका को लेकर सीएचसी पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे भी बेहतर इलाज के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

# विजय तन्हा को मिला अनागत मार्तण्ड सम्मान



**शाहजहांपुर।** अखिल भारतीय अनागत साहित्य संस्थान लखनऊ के तत्वावधान में संस्थान कार्यालय त्रिवेणी नगर में अनागत काव्य एवं सम्मान गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डॉक्टर कर्नल गुर्जर लखनवी ने की। मुख्य अतिथि जी सी कुशवाहा, विशिष्ट अतिथि सम्पत्ति कुमार मिश्र भ्रमर वैश्वारी थे। कार्यक्रम का आरंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। वाणी वंदना गिरिराज शर्मा ठेठ मलिहाबादी ने किया अनागत कविता आंदोलन के प्रणेता डॉक्टर अजय प्रसून की विशेष उपस्थिति रही। कुशल संचालन डॉ. आर एस विश्वकर्मा सजल ने किया। इस अवसर पर विजय तन्हा जी को अनागत मार्तण्ड सम्मान प्रदान किया गया जिसमें माल्यार्पण, शाल्यार्पण व सम्मान पत्र प्रदान किया गया। विजय तन्हा ने सम्मान उपरांत कविता पाठ करते कहा -

**नहीं चाहत मेरे दिल की कि मैं मशहूर हो जाऊं।**
**फनी सूरज गंगन का मैं और सबसे दूर हो जाऊं।**
**यही हसरत हमारी है धरा पर प्रेम ही बांटू,**
**मिले न यूं कभी शोहरत अहम से चूर हो जाऊं।।**

अवसर पर कर्नल डॉ एल पी गुर्जर लखनवी, जीएल.गांधी, कैप्टन सरोज सिंह, गिरिराज शर्मा ठेठ मलिहाबादी, प्रवीण कुमार पांडेय आवारा, राम राज भारती, डॉक्टर अजय प्रसून, मीरा शुक्ला, चन्द्रामती , संदीपिका दीक्षित, स्वतंत्र शुक्ल, उपेंद्र सिंह सुमन, मो अबरार, डॉक्टर सुभाष गुरुदेव, राम मूर्ति सिंह %अधीर%, विदुषी विदु, संपत्ति कुमार मिश्र भ्रमर वैश्वारी, जी.सी. कुशवाहा, प्रतिभा सिंह, राम सनेही विश्वकर्मा सजल, कन्हैया लाल, जितेंद्र कुमार गंगवार जय, कुलदीप सिंह, महेश गुप्ता महेश, पंडित विजय लक्ष्मी मिश्रा,सुरेश चंद्र गुप्ता श्याम, विनय सिंहा, इंदु प्रकाश द्विवेदी, नवल किशोर त्रिपाठी, विजय तन्हा , डॉक्टर रागिनी वर्मा, अनिल कुमार जायसवार पंडित बेअदब लखनवी आदि ने अपने गीत गजल छंद एवं मुक्तकों से सबको भाव विभोर कर दिया। धन्यवाद ज्ञापन संस्था के उपाध्यक्ष राम राज भारती ने किया।

# टी स्टॉल पर खाद्य विभाग की छापेमारी

## मसाला व खटाई नमक के नमूने जांच को भेजे

स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर। तहसील गेट के सामने स्थित एक टी स्टॉल पर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को लेकर की गई शिकायत के बाद सोमवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने छापेमारी कर जांच पड़ताल की। टीम ने दुकान से उपयोग में लाए जा रहे मसाले, नमक और खटाई के नमूने लेकर उन्हें परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेज दिया है।



संयुक्त बार एसोसिएशन के अध्यक्ष श्रवण कुमार ने खाद्य सुरक्षा विभाग से शिकायत करते हुए आरोप लगाया था कि महेंद्र टी स्टॉल पर समोसे और पकौड़ी तैयार करने में घटिया गुणवत्ता की सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है, जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है शिकायत को गंभीरता से लेते हुए सोमवार दोपहर करीब दो बजे खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुभाष तिवारी, अजीत सिंह और मनोज कुमार की टीम मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने दुकान का निरीक्षण किया और खाद्य सामग्री की जांच के दौरान मसाला, नमक और खटाई के नमूने एकत्र कर विधिक प्रक्रिया के तहत सील कर दिए।खाद्य सुरक्षा अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि प्राप्त शिकायत के आधार पर मौके पर जांच की गई है। जांच के दौरान लिए गए नमूनों को परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।खाद्य सुरक्षा विभाग की इस कार्रवाई से खाद्य कारोबारियों में हड़कंप मच गया।

# इफको वाइस चेयरमैन ने की पन्नघाट पर सीता रसोई की घोषणा

## कुँवर बलवीर सिंह ने सोमवती अमावस्या पर भंडारे का आयोजन कराया



**स्वतंत्र भारत पुवायाँ शाहजहांपुर।** सोमवती अमावस्या के पावन अवसर पर पुवायां क्षेत्र के गोमती तट स्थित पन्नघाट पर एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इफको के वाइस चेयरमैन कुँवर बलवीर सिंह ने इस भंडारे का आयोजन कराया और इसी दौरान पन्नघाट पर सीता रसोई बनवाने की घोषणा की। कुँवर बलवीर सिंह ने बताया कि स्वामी रूद्रदेवानंद महाराज के अनुरोध पर जल्द ही पन्नघाट पर एक विशाल सीता रसोई की स्थापना की जाएगी। इसका उद्देश्य श्रद्धालुओं के लिए भंडारे के आयोजनों को सुगम बनाना है। पन्नघाट (पांडव घाट) स्थित मंदिर के पुजारी स्वामी रूद्र देवानंद महाराज ने जानकारी दी कि प्रत्येक माह की अमावस्या को यहां भंडारे का आयोजन होता है। इस बार इफको के वाइस चेयरमैन बलवीर सिंह ने भंडारा कार्यक्रम के आयोजन का जिम्मा संभाला था। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों,कार्यकर्ताओं और श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष राजीव सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख अनुराग सिंह, पूर्व विधायक शकुंतला देवी, ब्लॉक प्रमुख पति सुरजन लाल पप्पू, भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष दिनेश अवस्थी, जिला मंत्री विपिन शुक्ला, प्रशांत पटेल, संघ के विभाग प्रचारक प्रमुख नरेंद्र शुक्ला, सुमित कठेरिया, रोहित कठेरिया, डॉ रामकुमार अकेला, राजीव कुमार शर्मा, विपिन मिश्रा, पुनीत शर्मा, उदयराज सिंह, प्रमोद सिंह, कवि प्रदीप वैरागी और बबलू सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# पुरुषोत्तम मास के पांचवें सोमवार को शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब

## हर हर महादेव के जयकारों से गूंजा क्षेत्र के शिवालय

स्वतंत्र भारत निगोही शाहजहांपुर। पुरुषोत्तम मास शुभारंभ होते ही निगोही क्षेत्र के छोटे बड़े शिव मंदिरों पर शिव भक्तों के आस्था का सैलाब उमड पड़ा है! पुरुषोत्तम मास का शुभारंभ 17 मई दिन रविवार से हुआ है ! पुरूषोत्तम माह को अधिक मास भी कहते हैं !

इस मास के शुभारंभ होने से वैवाहिक कार्यक्रम मुंडन संस्कार उपनयन गृह प्रवेश सहित अन्य स्वीकार एवं नए घर का निर्माण आदि प्रतिबंधित हो जाते हैं !

आज अमावस्या के दिन सुबह से ही इस मास को लेकर भूत भावन भगवान शिव के मंदिरों में रुद्राभिषेक महामृत्युंजय जब सहित अन्य पूजन अर्जुन बंदन शुरू हो गया है ! जिससे शिव भक्तों का जन सैलाव उमड पड़ा है ! आलम यह हो गया है कि सुबह से लेकर शाम तक शिव मंदिरों पर पूजन अर्चन बंधन करने वालों की भीड़ लगी रही ऐसा प्रतीत होता है कि पूरा क्षेत्र तपामय शिव में हो गया! अधिक मास के प्रारंभ से चारों तरफ हर हर महादेव का जयघोस सुनाई दे रहा है ना चाहते हुए भी इस भरे कलयुग में धर्म के प्रति लोगों की बढ़ती आस्था से दिन प्रतिदिन शिवालयों पर श्रद्धालु भक्त पहुंच रहे हैं! आज पुरुषोत्तम माह के पांचवे सोमवार को क्षेत्र का छोटा बड़ा शिव मंदिर आस्था का प्रमुख केंद्र बन गया है! हसौआ ग्राम पंचायत के पूर्व प्रधान मुनेश्वर दयाल वर्मा एवं माता श्री, श्री मती किशोरी देवी ने गांव रघवापुर स्थित शिव मंदिर पर पूजा अर्चना करते हुए घर परिवार के अलावा ग्राम पंचायत वासियों एवं क्षेत्र वासियों के सुख समृद्धि लिए मंगल मय कामनाएं की! इसके अलावा पंचमुखी शिव मंदिर गौरी मंदिर प्रकटेश्वरनाथ आदि मंदिरों पर पुरुषोत्तम मास का शुभारंभ 17 में से हुआ है और आज अमावस्या के दिन सोमवार के दिन भोर में ही मंदिरों पर गंगन भेदी जय घोष के नारे गूंजते सुनाई दिए ! इन सवालों के घेरे में अपने जीवन को धन्य बनाने के लिए शिव भक्तों ने अपने क्षेत्र में शिव मंदिरों की ओर रुख कर रखा है! जिससे क्षेत्र के गांव देहात नगर के हर छोटे-बड़े मंदिर हर हर महादेव की जय हो के गंगन भेदी जय कारें गूंज रहा है ! इस संदर्भ में विख्यात पंडित बृजेश जी ने बताया पुरुषोत्तम मास जो शिव भक्त काम क्रोध लोग मुंह छोड़कर शिव का पूजन अर्चन बंधन करता है !उसके जीवन की हर छोटी बड़ी बाधाएं दूर हो जाती है!



# सड़क किनारे बने अस्थायी अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

## प्रशासन की कार्रवाई से लोगों को मिली राहत



स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर। क्षेत्र में सड़क मार्ग को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए सोमवार को प्रशासन और लोक निर्माण विभाग की संयुक्त टीम ने व्यापक अभियान चलाया। तहसील सदर के अंतर्गत तिलहर रिंग रोड से लेकर ढकिया परवेजपुर और गांव खानपुर तक सड़क किनारे किए गए अस्थायी एवं स्थायी अतिक्रमण को हटाया गया। अभियान के दौरान सड़क की पटरी पर कब्जा कर बनाए गए निर्माण, टीनशेड, खोखे और अन्य अवैध अतिक्रमण हटवाए गए।अभियान में पीडब्ल्यूडी के अधिकारी दिनेश कुमार, सदर तहसील के तहसीलदार, राजस्व विभाग के लेखपाल, सीओ इशिका सिंह तथा थाना तिलहर अपराध निरीक्षक सुनील यादव पुलिस की टीम मौजूद रहे। अधिकारियों की मौजूदगी में जेसीबी मशीनों की सहायता से सड़क की दोनों ओर की पटरी को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।अधिकारियों ने बताया कि सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण के कारण आवागमन प्रभावित हो रहा था।कई स्थानों पर सड़क की चौड़ाई कम हो जाने से वाहन चालकों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।इसके अलावा दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती थी। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद यह कार्रवाई की गई।कार्रवाई के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने लोगों को चेतावनी दी कि भविष्य में सड़क की भूमि अथवा सरकारी पटरी पर किसी प्रकार का अवैध कब्जा न किया जाए। यदि दोबारा अतिक्रमण किया गया तो संबंधित लोगों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।अतिक्रमण हटने के बाद सड़क का स्वरूप साफ दिखाई देने लगा और आवागमन सुगम हो गया। स्थानीय लोगों ने प्रशासन की इस कार्रवाई लोगों ने ने बताया कि लंबे समय से सड़क किनारे किए गए कब्जों के कारण आवागमन में दिक्कत होती थी। अभियान के बाद लोगों ने राहत की सांस ली और प्रशासन से ऐसे अभियान नियमित रूप से चलाने की मांग की।

# सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

स्वतंत्र भारत खुदागंज शाहजहांपुर।
क्षेत्र के ग्राम भुंडा हरवंशपुर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के शुभारंभ अवसर पर सोमवार को भव्य कलश यात्रा बड़े ही धूमधाम और श्रद्धाभाव के साथ निकाली गई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं, पुरुषों एवं युवाओं ने भाग लिया। पूरे गांव में भक्तिमय माहौल बना रहा और जयकारों से वातावरण गूंज उठा। आयोजकों ने बताया कि कथा का वाचन पंडित सुरेश मिश्रा जी के श्रीमुख से किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालु सात दिनों तक श्रीमद्भागवत कथा का रसपान करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त ग्रामवासियों का सराहनीय सहयोग रहा। इस अवसर पर आयोजक अनिल सिंह, अमित सिंह, रामू सिंह, श्यामू सिंह, अमरपाल सिंह, सुखबीर सिंह, समरपाल सिंह, कृष्णपाल सिंह सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में कथा श्रवण कर धर्म लाभ प्राप्त करने की अपील की।

# वैज्ञानिक शोध एवं बौद्धिक सम्पदा के विकास में देगी अहम योगदान

**शाहजहांपुर।** जीएफ कॉलेज के वनस्पति विभाग के डॉ मोहम्मद सईद अख्तर और डॉ सैयद साद को प्लांट ग्रोथ और डिग्री मॉनिटरिंग डिवाइस के लिए एक प्रतिष्ठित भारतीय पेटेंट नम्बर-498639-001, 4 जून को मिला है।यह बहुमूल्य डिवाइस बॉयोटेक्नोलॉजी और स्मार्ट फार्मिंग को जो?ता है।यह डिवाइस ज? वाले हिस्से में माइक्रोबियल गतिविधि को ट्रैक करता है एवं इसके साथ ही फसल की सेहत पर न?र रखता है।इससे पौधों में बीमारियों का पता उनके लक्षण दिखाई देने से बहुत पहले ही पता चल जाता है,जिससे पौधों में कीटनाशक दवा की ?रूरत काफी कम हो जाती है।यह डिवाइस संधारणीय कृषि की ओर डेटा आधारित रास्ता दिखाता है तथा बायो-?र्टिलाइ?र की क्षमता को बेहतर बनाने एवं मिट्टी की सेहत को सुरक्षित रखने में मदद करता है।इस पेटेंट का वैज्ञानिक शोध एवं बौद्धिक सम्पदा के विकास में अहम योगदान है।इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो मोहसिन हसन खान,वनस्पति विभाग के शिक्षक और कॉलेज परिवार के समस्त शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने हार्दिक बधाई एवं प्रसन्नता व्यक्त की है।

# रामपुर नवादिया में कृषि जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

## किसानों को दी गई महत्वपूर्ण जानकारी



स्वतंत्र भारत खुदागंज शाहजहांपुर। क्षेत्र के ग्राम रामपुर नवादिया में कृषि विभाग द्वारा किसान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कृषि विभाग के प्रभारी हेमपाल ने किसानों को मोटे अनाज (श्री अन्न) की खेती के लाभ, उसकी बढ़ती मांग तथा स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए इसके महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही उन्होंने जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए गोबर की खाद के उपयोग और उसके लाभों पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों तथा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कृषि योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नवेद आलम सहित कृषक बृजेंद्र कुमार, नन्हेंलाल, नन्हेकू, रामाश्रय मास्टर एवं अन्य ग्रामीण किसान उपस्थित रहे। इसके अलावा ग्राम पंचायत रामपुर नवादिया में ग्रामीणों को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं अन्य लाभकारी योजनाओं के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकारियों ने पात्र लाभार्थियों से योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। कार्यक्रम में मौजूद किसानों एवं ग्रामीणों ने कृषि एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़ी जानकारी प्राप्त कर संतोष व्यक्त किया।

# विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस पर गोष्ठी आयोजित



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में ÷विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस÷ के विषय पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन '' विनोबा सेवा आश्रम, बरतारा में किया गया। शिविर की अध्यक्षता विनोबा सेवा आश्रम के संस्थापक रमेश भैया के द्वारा किए गए विनोबा सेवा आश्रम के संस्थापक रमेश भैया के द्वारा वृद्ध जनों के अधिकारों के विषय में चर्चा करते हुए उनके अधिकारों के बारे में बताया गया जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पीएलबी अनिल कुमार वर्मा के द्वारा शिविर में वरिष्ठ नागरिकों के संरक्षण एवं कल्याण से संबंधित माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007 के प्रावधानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा बताया गया कि बुजुर्गों के साथ किसी भी प्रकार की उपेक्षा, प्रताड़ना या दुर्व्यवहार होने पर उन्हें कानून के माध्यम से सहायता प्राप्त करने का अधिकार है। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदान की जाने वाली निःशुल्क विधिक सहायता, योग्य व्यक्तियों को निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराए जाने की व्यवस्था, प्री-लिटिगेशन के माध्यम से आपसी विवादों के सौहार्दपूर्ण समाधान तथा लोक अदालत की उपयोगिता के बारे में जानकारी दी गई। एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के टोल फ्री नंबर 18 00 18 05235 के बारे में जानकारी दी विनोबा सेवा आश्रम के प्रबंधक श्री ब्रह्मदेव जी के द्वारा वृद्ध जनों के अधिकारों के बारे में विस्तृत चर्चा की गई शिविर के अंत में ब्रह्मदेव ने सभी का आभार व्यक्त किया। शिविर में अंजलि, डॉ संजीव एवं वृद्ध जन एवं अन्य कर्मचारी गण उपस्थित रहे ।

# परिवहन आयुक्त ने निरीक्षण कर देखी व्यवस्थाएं

## बकायेदार वाहन स्वामियों को नोटिस भेजने के निर्देश



**शाहजहांपुर।** प्रदेश के परिवहन आयुक्त ने सोमवार को जनपद का दौरा कर परिवहन विभाग की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने कांट स्थित ऑटोमेटेड ड्राइविंग टेस्टिंग सेंटर (एडीटीसी), डंपिंग एवं डिटेंशन यार्ड का निरीक्षण करने के साथ उप संभागीय परिवहन कार्यालय में विभागीय कार्यों की समीक्षा की। अधिकारियों को राजस्व वसूली में तेजी लाने और सड़क सुरक्षा संबंधी निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा गया। भ्रमण कार्यक्रम के तहत परिवहन आयुक्त सबसे पहले कांट स्थित ऑटोमेटेड ड्राइविंग टेस्टिंग सेंटर पहुंचे, जहां उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके बाद डंपिंग एवं डिटेंशन यार्ड का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बाद में उन्होंने उप संभागीय परिवहन कार्यालय, नियामतपुर में विभिन्न पटलों का निरीक्षण किया और कर्मचारियों से कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त की। समीक्षा बैठक में विभागीय कार्यों की प्रगति पर चर्चा करते हुए परिवहन आयुक्त ने प्रशमन शुल्क लक्ष्य की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बकाया वसूली की स्थिति पर असंतोष जताते हुए 30 जून तक 20 हजार रुपये से अधिक बकाया रखने वाले सभी वाहन स्वामियों को मांग पत्र भेजने के निर्देश दिए। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि 20 हजार रुपये से अधिक बकाया वाले 1601 वाहन स्वामियों को पहले ही मांग पत्र भेजे जा चुके हैं, जबकि शेष 2696 वाहन स्वामियों को जल्द नोटिस जारी किए जाएंगे। परिवहन आयुक्त ने कार्यालय के अभिलेखागार में सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश भी दिए। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं में दोषी पाए जाने वाले वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस के निलंबन और निरस्तीकरण की कार्रवाई प्रभावी ढंग से लागू करने पर जोर दिया, ताकि सड़क सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाया जा सके। उन्होंने सड़क सुरक्षा, प्रवर्तन कार्रवाई और विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उप परिवहन आयुक्त बरेली परिक्षेत्र कमल प्रसाद गुप्ता, संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रणव झा, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) सर्वेश कुमार सिंह, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) हरिओम, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी विकास कुमार यादव तथा यात्री एवं मालकर अधिकारी रामाश्रय प्रसाद गौतम सहित विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# धूमधाम से मना टापर वाले बाबा का 16वां स्थापना दिवस

## पूजा अर्चना के बाद हुआ विशाल भंडारा



**स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर।** परम सिद्ध ब्रह्मलीन टापर वाले त्यागी जी महाराज के 16 वें स्थापना दिवस पर बाबा की मूर्ति को स्नान आदि कराने और नवीन वस्त्र धारण कराए जाने के साथ पूजा अर्चना की गई। शाम को भोग अर्पण कर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया । जो देर रात तक चला । नगर के स्टेशन रोड स्थित रस्तोगी धर्मशाला में ब्रम्हलीन त्यागी बाबा की मूर्ति की 14 जून 2011 में रस्तोगी धर्मशाला के स्वामी अशोक रस्तोगी ने परिजनों व सहयोगियों के सानिध्य में स्थापना कराई थी। तभी से बाबा का स्थापना दिवस प्रति वर्ष धूमधाम से मनाया जाता है । इसी क्रम में रविवार को सुबह नौ बजे पंडित अयोध्या प्रसाद शर्मा के सानिध्य में मंत्रोच्चार के साथ अशोक रस्तोगी, हरिमोहन गुप्ता, वैभव रस्तोगी , सौरभ गुप्ता रवि , अशोक गुप्ता ठेकेदार , सौरभ रस्तोगी , अरनब रस्तोगी , सिद्धार्थ गुप्ता आदि ने मूर्ति स्नान कराकर नवीन वस्त्र धारण कराए । पूजना अर्चना कर भोग अर्पण किया गया । शाम सात बजे से विशाल भंडारा शुरू हुआ । जो देर रात तक चला । इस दौरान महिला श्रद्धालुओं ने मंगल गीत भी गाये।

# चोरों ने नकब लगाकर राजमिस्त्री के घर को बनाया निशाना



स्वतंत्र भारत ददरौल शाहजहांपुर। ग्राम नुसरतपुर बाड़ीगांव में चोरों ने नकब लगाकर राजमिस्त्री के घर से जेवर और नगदी समेत करीब दो लाख रुपए का माल चोरी कर लिया। चोर घर से बक्सा उठा कर ले गए थे। जो थोड़ी दूर पर खेत में पड़ा मिला। घटना की तहरीर आरसी मिशन पुलिस को दे दी गई है। रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है। आरसी मिशन थाना क्षेत्र के ग्राम बाड़ीगांव निवासी रियासत राजमिस्त्री हैं। रविवार की रात को घर के बरामदे में सो रहे थे। तभी चोर घर पीछे से नकब लगाकर भीतर दाखिल हो गए। अलमारी का लॉक तोड़कर उसमें रखी 10 ग्राम सोने की झुमकी और बक्सा उठाकर ले गए बक्से में बीस हजार रुपए नगद रखे थे। सोमवार को सुबह जाग होने पर रियासत ने जब दीवार में नकब लगी अच्छी तो पुलिस को सूचना दी?। सूचना पर आरसी मिशन पुलिस मौके पर आ गई। पुलिस ने घटना के संबंध में आसपास के लोगों से पूछताछ की। बक्सा थोड़ी ही दूरी पर खेतों में पड़ा मिला। घटना की तहरीर दिए जाने के बावजूद भी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है। वहीं 20 मई को आरसी मिशन थाना क्षेत्र के गांव रौसर कोठी निवासी सर्राफा व्यापारी उदयवीर सिंह की लालबाग रौसर कोठी में स्थित दुकान से दो लोग अंगूठी उठा ले गए थे। रिपोर्ट दर्ज होने के करीब एक माह से अधिक समय व्यतीत होने के बाद भी खुलासा नहीं हो सका है। इंस्पेक्टर धर्मेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि बाड़ीगांव में नकब लगाकर चोरी हुई है। जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर।** लखीमपुर खीरी जिले थाना मोहम्मदी के गांव लाल बोधी निवासी 38 वर्षीय अरविंद कुमार की बाइक में लखनऊ-दिल्ली हाईवे पर नगरीय पुलिस चौकी क्षेत्र में बंथरा पुल के पास ट्रक से टक्कर लग गई। रात 10÷15 बजे हुए हादसे में अरविंद कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार अरविंद बाइक से शाहजहांपुर की तरफ जा रहे थे। हादसे के बाद पुलिस ने उनकी तलाशी ली तो आधार कार्ड के जरिये पहचान हो सकी। प्रभारी निरीक्षक सुनील यादव ने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचना दी जा रही है। ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

# सोमवती अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने लगाई राम गंगा में डुबकी

## चढ़ाया प्रसाद,किया दान पुण्य, कन्याओं को कराया भोज



**स्वतंत्र भारत मिर्जापुर/परौर -शाहजहांपुर।** सोमवार को परौर में रामगंगा घाट पर मंजा के पास लोगों ने सोमवती अमावस्या के अवसर पर स्नान किया। रामगंगा में प्रसाद चढ़ाया एवं सत्यनारायण भगवान की कथा सुनी। कुछ लोगों की मनौतिया पूर्ण होने पर लोगों ने राम गंगा की वस्त्रों से पहरावन की तथा गंगा पर मौजूद पंडा पुजारियों को खिचड़ी, आटा का दान दिया। रामगंगा पर स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की काफी भीड़ भाड़ रही। दुकानदारों से बच्चों ने खेल खिलौने खरीदे एवं महिलाओं ने सौंदर्य प्रसाधन का सामान खरीदा।

# निजी मेडिकल कॉलेज के गेट पर युवक का हंगामा



स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर। लखनऊ-दिल्ली हाईवे स्थित तिलहर क्षेत्र के एक निजी मेडिकल कॉलेज के मुख्य गेट के बाहर सोमवार दोपहर एक युवक ने शराब के नशे में जमकर हंगामा किया। युवक द्वारा गाली-गलौज किए जाने से वहां मौजूद लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।प्रत्यक्षदर्शियों की सूचना पर नगरिया चौकी प्रभारी गौरव शुक्ला पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे, लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही युवक वहां से फरार हो गया। बताया जाता है कि युवक काफी देर तक मेडिकल कॉलेज के गेट के बाहर अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए उत्पात मचाता रहा, जिससे राहगीरों और कॉलेज आने-जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।नगरिया चौकी प्रभारी गौरव शुक्ला ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची थी। युवक शराब के नशे में गाली-गलौज करते हुए हंगामा कर रहा था। पुलिस को देखकर वह मौके से भाग निकला। उसकी पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस सतर्क है।

# विद्युत समस्याओं को व्यापार मंडल अध्यक्ष ने खोला मोर्चा



**शाहजहांपुर।** चरमराई विद्युत व्यवस्था, स्मार्ट मीटर की अनिवार्यता और विद्युत विभाग के तानाशाही पूर्ण रवैये के खिलाफ उप्र उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल (नगर शाहजहाँपुर) के अध्यक्ष सचिन बाथम के नेतृत्व में व्यापारियों ने कड़ा रुख अपनाया है। नगर अध्यक्ष सचिन बाथम ने व्यापारियों के हितों की रक्षा और आम जनता को मिल रहे कष्टों को दूर करने के लिए अधिशासी अभियन्ता (विद्युत वितरण-द्वितीय, शाहजहाँपुर) को एक मांग पत्र सौंपकर जनहित की इन समस्याओं के तत्काल निस्तारण की मांग की है। अधिशासी अभियन्ता को भेजे पत्र में संगठन के अध्यक्ष सचिन बाथम और महामंत्री अमित शर्मा सहित दर्जनों व्यापारियों ने मुख्य रूप से निम्नलिखित गंभीर मुद्दे उठाए हैं÷ नगर अध्यक्ष सचिन बाथम ने कहा कि इस भीषण गर्मी में लगातार हो रही बिजली कटौती और ट्रांसफार्मर की लीडें फुंकने के कारण जनता और व्यापारी पूरी तरह त्रस्त हैं। हर वर्ष गर्मी शुरू होने से पहले विभाग तैयारियों के बड़े-बड़े दावे करता है, लेकिन धरातल पर स्थिति बेहद खराब है, जिससे उपभोक्ताओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। विशेष बजट के बावजूद कार्य अधर में÷ सचिन बाथम ने आरोप लगाया कि जर्जर विद्युत तारों और क्षमता से कम (अंडरलोड) ट्रांसफार्मरों को बदलने के लिए शासन से विशेष बजट आया था। इसके बावजूद विभाग की घोर लापरवाही के कारण कार्य समय से पूरा नहीं हो सका, जिसका खामियाजा आज पूरी जनता भुगत रही है। व्यापार मंडल अध्यक्ष सचिन बाथम ने साफ किया कि नए कनेक्शन या मीटर बदलने के नाम पर उपभोक्ताओं की मर्जी के बिना उन पर जबरन स्मार्ट मीटर न थोपा जाए, क्योंकि स्मार्ट मीटर की कोई कानूनी बाध्यता नहीं है। सचिन बाथम ने भारी आक्रोश जताते हुए कहा कि बहादुरगंज पावर हाउस से बहादुरगंज गल्ला मंडी होते हुए जाने वाला रास्ता हमेशा से व्यापारियों और आम जनता का मुख्य मार्ग रहा है। पिछले कुछ दिनों से विभाग के कर्मचारियों द्वारा इस रास्ते को बंद करने का प्रयास किया जा रहा है। सचिन बाथम ने चेतावनी दी है कि स्थानीय व्यापारी इसे कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे, क्योंकि इसी गेट से रोजाना सैकड़ों व्यापारियों का आवागमन होता है। मोहल्ला भारद्वाजी में गांधी पार्क से सुशील दीक्षित (सभासद) वाली गली में एक नया ट्रांसफार्मर रखे जाने की मांग प्रमुखता से उठाई गई है, ताकि इस क्षेत्र में रोज-रोज होने वाली बिजली कटौती और ट्रिपिंग से स्थानीय निवासियों को निजात मिल सके। अध्यक्ष सचिन बाथम ने विभाग को दो टूक चेतावनी दी है कि यदि इन जनसमस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो संगठन व्यापारियों और जनता के हक के लिए उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान मुख्य रूप से गल्ला मंडी के अध्यक्ष अनूप कुमार गुप्ता, महामंत्री पंकज गुप्ता, महानगर , संगठन मंत्री सरताज अली, सदर बाजार अध्यक्ष पंकज टंडन, अशोक गुप्ता, संजय गुप्ता, फुरकान अली, सगीर अंसारी, विवेक सहगल, अमित अग्रवाल, महेंद्र कुमार दूबे, मितिल गुप्ता, राहिल अंसारी, दिलशाद, साजिद, नादिर, मुन्ने खान, सुशील दीक्षित, शदान खान, सतीश, सुहेल, शाहनवाज, दानिश, मोईन ख़ान , प्रमोद मल्होत्रा, विवेक सहगल, सुबहान, दानिश मलिक, नदीम सहित भारी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

# ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से बाइक सवार की युवक की मौत

## खुटार गोला रोड पर सीमावर्ती खीरी क्षेत्र में हुआ हादसा



**स्वतंत्र भारत खुटार।** ट्रैक्टर ट्रॉली चालक ने बाइक को ओवरटेक कर अचानक मोड़ दी ट्रैक्टर ट्राली जिससे बाइक में टक्कर लग गई। बंडा निवासी सुमित कुमार 22 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया। 108 एंबुलेंस ने घायल को सीएचसी पहुंचाया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पीएम को भेजा दिया। थाना व कस्बा बंडा के मोहल्ला रामनगर कॉलोनी निवासी अमित राठौर ने बताया कि उसका बड़ा भाई सुमित पुत्र रामकरन राठौर बाइक से घर से गोला खीरी को को जा रहा था। उसकी बाइक के पीछे मोहल्ले का ही रहने वाला राहुल पुत्र विजयपाल बैठा था। सुमित खुटार गोला रोड मैलानी थाना क्षेत्र के कठिना पुल के पास पहुंचा ही था कि, उसी समय पीछे से आ रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली चालक द्वारा ट्रैक्टर ट्राली को अचानक मोड़ दिया। जिससे बाइक चला रहे सुमित राठौर बाइक सहित ट्रैक्टर ट्राली में जा घुसा। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। जबकि पीछे दूसरी बाइक पर चल रहे उसके भाई अमित राठौर ने जब हादसा होते देखा तो वह चीखने चिल्लाने लगा। जिस पर राहगीरों ने ट्रैक्टर ट्रॉली को मौके पर ही घेर कर रोक लिया। मौके पर पहुंचे उसके भाई अमित राठौर अन्य परिजनों ने घायल सुमित को एक ई रिक्शा से लेकर खुटार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां पर डॉक्टर ने सुमित राठौर को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही अन्य परिवारीजन भी अस्पताल पहुंच गए। जिस पर मृतक के पिता रामकरन राठौर ने बताया कि उसके दो बेटे हैं। जिस पर बड़ा बेटा सुमित राठौर 22 वर्षीय व छोटा बेटा अमित राठौर 20 वर्षीय हैं। जिसमें ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से सुमित राठौर की मौत हो गई है। सुमित राठौर अपने पीछे अपनी पत्नी शीतला देवी, मां लक्ष्मी देवी, भाई अमित व पिता रामकरन को रोता बिलखता छोड़ गया। उधर बाइक पर पीछे बैठे राहुल 20 वर्षीय को भी मामूली चोटे आई। जिस पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे छुट्टी दे दी। बताते चलें कि घटना थाना मैलानी, जनपद खीरी की होने के कारण काफी देर तक शव का पंचनामा भरने में सीएचसी में माथा पच्ची होती रही, उसके बाद खुटार पुलिस ने शव का पंचनामा भर पीएम के लिए भेज दिया।

## मांझे की चपेट में आने से बाइक सवार घायल

**स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर।** थाना कटरा क्षेत्र के गांव देवनगर निवासी सुरेंद्र सिंह सोमवार शाम तिलहर क्षेत्र के गांव कुआं डंडा में हवन कार्यक्रम में शामिल होने के बाद बाइक से अपने घर लौट रहे थे शाम करीब 6~30 बजे तिलहर-रुजवारी मार्ग पर दोराजपुर स्थित एक सरदार के झाला के पास अचानक तेज आंधी चलने लगी। इसी दौरान सड़क पर लटक रहे कांच लगे प्रतिबंधित मांझे की चपेट में आने से वह घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर मौजूद राहगीरों ने उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिलहर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उनका उपचार किया। सूचना मिलने पर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। घटना के बाद क्षेत्रीय लोगों ने कांच वाले मांझे की बिक्री और उपयोग पर प्रभावी रोक लगाने की मांग की है। उनका कहना है कि इस तरह का मांझा आए दिन राहगीरों और वाहन चालकों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है।

## दुर्घटना से बचाव को सड़कों पर लगेंगे रिफ्लेक्टर, सचेतक बोर्ड : डीएम

**शाहजहांपुर।** डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जिला सडक सुरक्षा समिति की बैठक कैंप कार्यालय सभागार में की गई। उन्होंने निर्देश दिए कि सडकों पर दुर्घटना से बचाव हेतु रिफ्लेक्टर, साइनेज आदि लगाया जाए। नेशनल हाईवे पर स्पीड साइनेज लगाए। उन्होंने चिन्हित ब्लैक स्पॉट स्थलों पर दुर्घटनाओं को रोकने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित के निर्देश दिए। विशेष रूप से सीतापुर-बरेली हाईवे पर ई-रिक्शा संचालन नियंत्रित करने तथा हाईवे पर ई-रिक्शा के संचालन पर प्रभावी रोक लगाने के निर्देश दिए। बैठक में डीएम ने बरेली-सीतापुर मार्ग, अल्लाहगंज-जलालाबाद मार्ग तथा कटरा मार्ग के दुर्घटना संभावित स्थलों पर रंबल स्ट्रिप, स्पीड ब्रेकर एवं समुचित प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए संबंधित कार्यदायी संस्थाओं को आवश्यक निर्देश दिए।

# खाद्य विभाग की छापेमारी में अचार व लस्सी के सैंपल लिए गए

## नकली एवं मिलावटी खाद्य पदार्थों पर अंकुश लगाने के लिए अभियान जारी



**पुवायां।** जिलाधिकारी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने नगर में विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित किए। सहायक खाद्य आयुक्त द्वितीय चंद्रशेखर मिश्रा के निर्देशन में चलाए गए अभियान के दौरान मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुभाष तिवारी एवं क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी मानवेंद्र कुमार ने राजीव चौक के निकट स्थित आदविक इंटरप्राइजेज से आम के अचार का नमूना लिया। इसके अलावा बस स्टैंड के पास स्थित एक मिठाई की दुकान से लस्सी का सैंपल संग्रहित किया गया। खाद्य अधिकारियों ने बताया कि लिए गए नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा। जांच रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने कहा कि मिलावटी एवं नकली खाद्य पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने तथा उपभोक्ताओं को शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ऐसे अभियान आगे भी लगातार चलाए जाते रहेंगे।

## सोमवती अमावस्या पर हलवा चना, शर्बत का हुआ वितरण

**स्वतंत्र भारत खुटार।** सोमवती अमावस्या के मौके पर आज खुटार पूरनपुर रोड स्थित मोहन पर मोड पर देवी मंदिर के समीप योगेश मिश्रा मिंकु और रितेश मिश्रा की ओर से रहागीरों को हलवा चना शर्बत का वितरण किया गया। सुबह 10 बजे से शुरू हुआ हलवा, चना और शरबत वितरण का कार्यक्रम दोपहर बाद शाम तक जारी रहा। इस मौके पर तमाम ग्रामवासी भी मौजूद रहे। इसी तरह गांव रामपुर कला में सिख समाज के लोगों के द्वारा मीठे जल और चना का वितरण किया गया। जिसमें तमाम लोगों ने हिस्सा लिया और राहगीरों को मीठे जल और चना का सेवन कराया।

# हाइवे पर खड़े ट्रक में ट्रैक्टर-ट्रॉली ने मारी टक्कर, ट्रक चालक गंभीर घायल

## ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर फरार हुए चालक, रोड पर गिरा दी मिट्टी

**स्वतंत्र भारत पुवायां शाहजहांपुर।** बंडा रोड पर शनिवार को एक खड़े ट्रक में मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे प्राथमिक उपचार के बाद शाहजहांपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार बंडा रोड पर टेहरी गांव के पास एक ट्रक सड़क किनारे खड़ा था। ट्रक चालक बबलू ने बताया कि वाहन में करंट न आने की समस्या के कारण वह ट्रक को सड़क किनारे खड़ा कर इंजन की मरम्मत कर रहा था। इसी दौरान बंडा रोड की ओर से तेज गति से आ रही मिट्टी से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने ट्रक में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि चालक बबलू गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल 108 एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुवायां लाया गया।

सीएचसी पुवायां के चिकित्सक डॉ. संजीव ने बताया कि घायल के सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आई हैं। हादसे में उसका दाहिना कान भी कटकर अलग हो गया। गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए शाहजहांपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक मौके से फरार हो गया। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर सोनालिका कंपनी का था, जो टक्कर के बाद सड़क पर मिट्टी गिराते हुए वहां से निकल गया। पुलिस मामले की जानकारी जुटाने और फरार चालक की तलाश में जुटी है।

# अनियंत्रित बोलेरो तालाब में गिरी, लोगों व पुलिस ने बचाई दो युवकों की जान



**स्वतंत्र भारत (जलालाबाद-शाहजहांपुर)।** जलालाबाद थाना क्षेत्र के गांव रैपुरा में रविवार देर रात बड़ा हादसा उस समय टला जब कलान-जलालाबाद मार्ग पर ग्राम पंचायत कोला के मजरा रैपुरा के पास एक बोलेरो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे तालाब में जा गिरी तालाब काफी गहरा बताया जाता है। वाहन में सवार दो युवक कई घंटों तक बोलेरो के अंदर फंसे रहे। सूचना पर मय दल बल के पहुंचे प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह चौहान द्वारा स्थानीय गांववासियों की मदद से राहत एवं बचाव कार्य आरम्भ कराया। तालाब से दोनों लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने में सफलता हासिल की। लोगों के प्रयास और पुलिस की कड़ी मशक्कत रंग लायी। हरदोई जनपद के थाना लुनार ग्राम बरबन निवासी चांद बाबू (30) पुत्र नासिर व यहीं के गोलू (26) पुत्र मीर हसन जो बोलेरो के अन्दर फंसे हुए थे दोनों को सुरक्षित बाहर निकालने में सफलता हासिल की। दोनों को मामूली चोटें लगीं थीं जिन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगरिया जलालाबाद में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को अस्पताल से छुट्टी दे दी और हालत सामान्य बताई। सोमवार प्रातः हाइड्रा मशीन की मदद से दुर्घटनाग्रस्त बोलेरो को भी तालाब से बाहर निकाल लिया गया। पुलिस की तत्परता और ग्रामीणों की सूझबूझ से दो व्यक्तियों की जान बच गयी बड़ा हादसा होते बाल-बाल बचा वरना दो लोगों की जान को खतरा भी पहुंच सकता था। कोतवाल अरविन्द सिंह चौहान से पूछने पर उन्होंने बताया इनके परिजनों को सूचित कर दिया गया है, गाड़ी को तालाब से निकलवा दिया है, प्राथमिक उपचार कराया है, दोनों व्यक्ति सुरक्षित हैं, घटना रात एक बजे के आसपास की है।

# ट्रेनों में अवैध वेंडरों की भरमार रोज करते है यात्रियों से अभद्रता



**स्वतंत्र भारत रोजा जंक्शन शाहजहांपुर।** रोजा और सीतापुर के बीच ट्रेनों में कई तरीके से बिक्री करते हुए कई लोग पाए जाते हैं ट्रेनों के अंदर घड़ी ज्वेलरी से लेकर चना चूड़ा चाय बिस्कुट नमकीन चश्मा बेल्ट लेडीज पर्स रेवाड़ी खीरा आम हर चीज आपको भेजते हुए लोग पाए जाएंगे आए दिन यात्रियों में और इनमें मारपीट होती है रेल विभाग ने ट्रेन के अंदर पानी की बोतल रेल नीर बेचने का लाइसेंस पेमेंट कंपनियों का दिया है लेकिन यह तरीके से बचने वाले कई कंपनियों की पानी की बोतल ?20 में बिक्री करते हैं जिससे आए दिन ट्रेन में और अवैध रूप से बेचने वाले लोगों के बीच मारपीट की घटनाएं आम होती है यही नहीं सीतापुर से चलने वाली ट्रेनों में सैकड़ो लोग अवैध रूप से बिक्री करते पाए जाते हैं सीतापुर जंक्शन और रोजा जंक्शन के बीच आए दिन चेन पुलिंग करते हैं इसकी कई बार शिकायत लोको पायलटो ने कंट्रोल को जब कंट्रोल को शिकायत की जाती है तब एक दो दिन उनके घर पकड़ की जाती है उसके बाद फिर मामला वहीं चलने लगता है रोजा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर 6 प्लेटफार्म बने हुए हैं पैर पूरब और पश्चिम दिशा की ओर जाने वाली ट्रेन आकर रूकती है और जाती हैं अवैध रूप से बिक्री करने वाले यह लोग पानी की बोतल ?20 में और कीड़ा कड़ी चना बिस्किट डूबने दामों में बिक्री करते हैं जिससे कि यात्रियों में और लोगों के बीच आए दिन मारपीट होती है अभी 10 दिन पूर्व जनता एक्सप्रेस के चालक को आलम नगर रेलवे स्टेशन पर मारपीट होने के कारण 90 मिनट की देरी से ट्रेन चली थी और रोजा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर हंगामा किया गया था तमाम वेंडरों को उतार कर पीटा गया था कुछ दिन तो अवैध बिक्री करने वाले इधर-उधर गायब हो गए लेकिन उसके बाद रोजा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर सैकड़ो की तादाद में बिक्री करते दिखाई देते हैं । रोजा जंक्शन रेलवे स्टेशन बी क्लास रेलवे स्टेशन में गिना जाता है यहां पर रेल नीर से पानी की बोतल बिकनी चाहिए लेकिन कई लोकल ब्रांड की पानी की बोतल ?20 में बेची जाती हैं जब यात्री इनका विरोध करते हैं तो मारपीट पर उतारू हो जाते हैं इस संबंध में स्टेशन अधीक्षक श्रीकांत से जब बात की तो उन्होंने बताया कि रोजा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर 6 लोगों का मेडिकल है 6 लोग ही अनादिकृत है बाकी रनिंग में 25-30 लोगों का मेडिकल है जो ट्रेन के अंदर चलकर खाद्य पदार्थ बिक्री कर सकते हैं इनका मेडिकल बरेली से हुआ है स्टेशन अधीक्षक श्रीकांत यादव उत्तर रेलवे रोजा जंक्शन शाहजहांपुर

समय-समय पर अभियान चला कर फर्जी वेंडर पकड़े जाते हैं जब चेन पुलिंग की सूचना मिलती है तब उनके खिलाफ कार्रवाई की जाती है अजीत कुमार सिसोदिया जीआरपी चौक के प्रभारी उत्तर रेलवे रोजा जंक्शन।

# खेत में जानवर घुसने के विवाद में चार नामजद समेत पांच अज्ञात पर मुकदमा दर्ज

**सिधौली, शाहजहांपुर।** थाना सिधौली क्षेत्र के गांव जमदुइया में खेत में जानवर चले जाने को लेकर हुए विवाद के बाद पुलिस ने चार नामजद समेत पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। गांव निवासी इलियास ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 11 जून को वह अपने जानवर चरा रहा था। इसी दौरान जानवर चरते-चरते फिरासत के खेत में पहुंच गए। आरोप है कि इस बात से नाराज होकर फिरासत के बेटे जापान, शोएब, अफसर और हारून गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने गन्ना गोड़ने वाली कशी से हमला कर दिया, जिससे उसके सिर में खुली चोट तथा कंधे पर चोटें आईं। इलियास ने यह भी आरोप लगाया कि पुरानी रंजिश के चलते उसका भतीजा मेहताब बाइक से गांव में मुंशी के मकान के सामने से गुजर रहा था, तभी शोएब व अफसर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। विरोध करने पर आरोपी ने धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे मेहताब के सिर में गंभीर चोट आई तथा कान के पास भी चोटें आईं। आरोप है कि घटना के दौरान जान से मारने की धमकी भी दी गई। पुलिस ने इलियास की तहरीर के आधार पर जापान, शोएब, अफसर और हारून समेत पांच अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# थाने के पास रखा ट्रांसफार्मर फूंकने से नगर की एक चौथाई आबादी में अंधेरा

## ट्रांसफार्मर बदलने का काम जारी, 21 घन्टे का समय बीतने के बाद लोगों में दिखा गुस्सा

**स्वतंत्र भारत (जलालाबाद-शाहजहांपुर)।** थाना कोतवाली के पास रखा ट्रांसफार्मर फुंक जाने के कारण लगभग 21 घंटे का समय बीत चुका है अभी तक विद्युत व्यवस्था बहाल नहीं हो पाई है जबकि नगर में अनेक स्थानों से फेस चले जाने व बिजली न आने की कई सूचनाऐं मिली हैं विद्युत विभाग का कहना है कि वह ठीक करवा रहे हैं शीघ्र विद्युत लाइन ठीक हो जाएगी और विद्युत व्यवस्था भी सुचारू होगी। रविवार की शाम थाना कोतवाली के निकट रखा ट्रांसफार्मर फुंक गया जिसको ठीक करने में कर्मचारियों को एक रात और 1 दिन का समय बीत चुका है पुनः वही समय लौट कर आ गया है अभी तक ट्रांसफार्मर बदला नहीं गया है बताया जा रहा है कि देर रात तक ट्रांसफार्मर दूसरा लगा दिया जाएगा और बिजली व्यवस्था ठीक हो जाएगी। आए दिन ट्रांसफार्मर फुंकना और तार टूटना, फेस जाना बार-बार बिजली की आंख मिचोली से लोग तंग आ चुके हैं भीषण गर्मी में बिजली न आने के कारण लोगों का हाल बेहाल हो गया है नगर के बीचो-बीच थाना कोतवाली के निकट रखा ट्रांसफार्मर फुंक गया जिससे एक चौथाई नगर का हिस्सा बिजली से वंचित हो गया दो-चार घंटे की बात हो तो व्यक्ति झेल सकता है लेकिन गर्मी के मौसम में एक रात और 1 दिन बिना बिजली के बिताना बहुत ही मुश्किल काम है। लोगों के मोबाइल डाउन हो चुके हैं बिजली से चलने वाले सभी यंत्र बंद पड़े हैं, लगातार उपभोक्ता बिजली विभाग से संपर्क बनाए हुए हैं और बिजली विभाग बहुत जल्दी काम कर रहा है तब 24 घंटे का समय पूरा होने वाला है। समाचार लिखे जाने तक बिजली व्यवस्था बहाल नहीं हो पाई थी ट्रांसफार्मर की वजह से सैकड़ों घरों में बिजली नहीं पहुंची है। वहीं उपभोक्ताओं ने बताया कि नगर के मुख्य चौराहे से रोडवेज बस अड्डे तक बिजली गुल रही बरेली रोड स्थित सरायं साधौ मोड़ पर फेस चले जाने की वजह से लोग बेहाल हो गए। वहीं विद्युत कर्मियों का एक ही कहना है कि वह लोग लगे हुए हैं लगातार काम कर रहे हैं शीघ्र विद्युत व्यवस्था बहाल कर दी जाएगी।

# संकल्प केयर के नये स्थान पर फ्री चेकअप कैंप कल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** संकल्प हेल्थ केयर के नये स्थान पर फ्री हेल्थ चेकअप कैम्प का आयोजन बुधवार, 17 जून को समयः 12 बजे से 4 बजे तक कनौजिया पेट्रोल पम्प के सामने वाला रोड डॉ. अंकित अग्रवाल के सामने, कच्चा कटरा, मो? पर किया जाएगा।उक्त जानकारी

डॉ. शेषांक गंगवार मानसिक रोग, सेक्स रोग एवं नशा मुक्ति विशेषज्ञ ने देते हुए बताया कि कैंप में मानसिक बीमारियां-

सिर दर्द, माईग्रेन सेक्स रोग,बार बार हाथ धोना,हिस्टीरिया

मिर्गी के दौरे,आत्महत्या का विचार आना,घबराहट, एक्साइटी, चिन्ता,नींद न आना, बेचैनी,याददाश्त में कमी आदि की कंसल्टेशन फीस फ्री और जांचों पर 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। उन्होंने बताया कि नसों में जलन, सुन्नपन, झनझनाहट बच्चों का अधिक चंचल होना व अन्य समस्याएं की भी निःशुल्क सलाह दी जाएगी।

# ध्यानोत्सव ने ध्यान साधना से मानव कल्याण का दिया संदेश



**शाहजहांपुर।** श्री रामचंद्र मिशन और हार्टफुलनेस मेडीटेशन की ओर से रामचंद्र मिशन आश्रम में चल रहे ÷ध्यानोत्सव÷ के समापन दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ एडीएम प्रशासन रजनीश मिश्रा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।ध्यानोत्सव के तीसरे दिन सहज मार्ग साधना पद्धति और हार्टफुलनेस मेडीटेशन की प्रार्थना के माध्यम से आंतरिक शांति और आध्यात्मिक उन्नति के लिए कितनी उपयोगी है इस पर विस्तार से चर्चा की गई

श्री रामचंद्र मिशन आश्रम में चल रहे ÷ध्यानोत्सव÷ के तीसरे दिन के आरंभ में लखनऊ से आये चंद्रकांत ने योग के कुछ प्रमुख आसन कराये। इसके उपरांत लखनऊ की उमा सक्सेना द्वारा लिखित और निर्देशित नाटक ÷ध्यान÷ का भावपूर्ण मंचन किया गया।नाटक में त्रिलोकी नाथ,माया सिंह,संतोषी,रीता, रजनीश, गुंजन, रमापति सिंह आदि के अभिनय को सराहना मिली। जोन प्रभारी शालिनी मेहरोत्रा ने सहज मार्ग साधना पद्धति और हार्टफुलनेस मेडिटेशन की प्रार्थना अर्थ समझाते हुए विस्तार से प्रकाश डाला । उन्होंने कहा कि ध्यानोत्सव का मूल उद्देश्य व्यक्ति के अंतर्मन में दया, करुणा, प्रेम और सह-अस्तित्व की भावनाओं का विकास करना है, ताकि जीवन और कार्य के बीच संतुलन स्थापित हो सके। प्रशिक्षक राजगोपाल अग्रवाल ने प्रतिभागियों को ध्यान अभ्यास कराया। इस मौके पर एडीएम रजनीश मिश्रा ने कहा कि रामचंद्र मिशन ध्यान साधना के माध्यम से लोगों की आध्यात्मिक उन्नति कर मानव कल्याण का जो काम कर रहा है वह वास्तव में एक अद्वितीय उदाहरण है।

# पेपर लीक को लेकर सपाईयों ने प्रदर्शन कर दिया ज्ञापन



स्वतंत्र भारत ब्यूरो पीलीभीत। समाजवादी पार्टी और समाजवादी युवजन सभा के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को पीलीभीत के पूरनपुर में महंगाई, बेरोजगारी तथा किसानों व युवाओं की समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित एक 12 सूत्रीय ज्ञापन तहसीलदार आशीष कुमार गुप्ता को सौंपा।

यह प्रदर्शन सपा नेता राजकुमार के कार्यालय से शुरू होकर तहसील परिसर तक रैली के रूप में निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक शामिल हुए। ज्ञापन में जनहित से जुड़े कई गंभीर मुद्दे उठाए गए हैं। प्रमुख मांगों में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की बढ़ती कीमतों पर तत्काल नियंत्रण तथा किसानों को पर्याप्त मात्रा में उचित मूल्य पर यूरिया खाद उपलब्ध कराना शामिल है।अन्य मांगों में प्रश्नपत्र लीक की घटनाओं पर रोक लगाने और रिक्त सरकारी पदों पर शीघ्र भर्ती करने की मांग की गई। कार्यकर्ताओं ने पूरनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को आधुनिक चिकित्सालय बनाने की मांग की गई

# पीलीभीत संक्षिप्त

## पर्यटक को बाघ ने दौड़ाया

**पीलीभीत।** घटना पीलीभीत टाइगर रिजर्व के चूका पर्यटन स्थल की है, जहां पर्यटकों पर एक बाघ के दौ?ने का वीडियो सामने आया है। जिससे वन कर्मियों में हड़कंप मच गया । विभाग ने पर्यटकों को सचेत रहने की सलाह दी है बताया जाता है कि कुछ पर्यटक चूका बिच पर मौज मस्ती कर रहे थी तभी वह एक बाघ आ गया और उसने सभी को दौड़ाया। लेकिन कोई हानि नहीं हुई।

## सांड के हमले से बुजुर्ग की मौत

**बरखेड़ा पीलीभीत।** छुट्टा सांड के हमले में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। बरखेड़ा क्षेत्र में छुट्टा सांड के हमले में गंभीर रूप से घायल एक बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत हो गई है, जिससे इलाके में रोष है। घटना उस समय है जब वह किसी कम से जारहा था

## विवाहिता ने की आत्महत्या

**पीलीभीत।** एक 25 वर्षीय विवाहिता ने अपने ही ऑफिस में जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। मृतका ने अपने पति के खिलाफ शिकायत भी दी थी, जिसके बाद ससुराल वाले शव को मायके में छोड़कर फरार हो गए।

## सड़क हादसे में बच्चे गंभीर घायल

**पीलीभीत।** गजरौला के विधिपुर में बाइक की टक्कर से चार साल का बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया है,। वहीं एक अन्य दुर्घटना में बाइक से गिरकर 7 साल के बच्चे की कंटीले तारों में उलझने से मौत हो गई है। दोनों घरों में परिवारों में कोहराम मच गया।



# अपहृत युवती को नशे की हालत में दिल्ली ले जाकर निजामुद्दीन को सौंपा

- सहेली की मदद से युवक ने किया था युवती का अपहरण
- पिता के दबाव के बाद पीड़िता को भेजा घर
- युवती को दे रहे बदनाम करने व परिवार को मार डालने की धमकी
- पीड़िता ने तहरीर देकर की कार्रवाई मांग की

स्वतंत्र भारत




**जंगबहादुरगंज-खीरी।** थाना पसगवां क्षेत्र के एक गांव की युवती ने अपने ही गांव के कुछ लोगों पर बहला-फुसलाकर अपहरण करने, दिल्ली ले जाने तथा बाद में धमकी देकर बदनाम करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने कोतवाली प्रभारी पसगवां को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

दी गई तहरीर के अनुसार, घटना 8 जून 2026 की सुबह की है। पीड़िता अपने घर के बाहर सफाई कर रही थी, तभी गांव निवासी रमेश्वर की पुत्री 'छोटी बिटिया' उसे शौच जाने के बहाने अपने साथ ले गई। आरोप है कि गांव से करीब 500 मीटर दूर सुनसान स्थान पर पहले से मौजूद सौरभ पुत्र जयपाल ने उसे जबरन पकड़ लिया। विरोध करने पर पीड़िता बेहोश हो गई, जिसके बाद उसे कथित रूप से एक मिनी डाला वाहन से दिल्ली ले जाया गया। पीड़िता का आरोप है कि दिल्ली पहुंचने पर सौरभ ने उसे निजामुद्दीन पुत्र सूबेदार के हवाले कर दिया। इधर, परिजनों द्वारा लगातार खोजबीन और दबाव बनाए जाने पर कुछ समय बाद उसे गांव के पास छोड़ दिया गया। बाद में जानकारी मिली कि निजामुद्दीन ही पीड़िता और उसकी सहेली को दिल्ली से वापस गांव लेकर आया था। पीड़िता का कहना है कि घर लौटने के बाद भी परेशानियां खत्म नहीं हुईं। आरोप है कि सौरभ और निजामुद्दीन गांव में उसकी छवि खराब करने का प्रयास कर रहे हैं, रास्ते में अशोभनीय टिप्पणियां करते हैं तथा विरोध करने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देते हैं। पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई तथा सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है। वहीं पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# 17 को महिलाओं की समस्याएं सुनेंगी राज्य महिला आयोग सदस्य

- 18 को पसगवां में नारी चौपाल व चिकित्सा शिविर

स्वतंत्र भारत





**लखीमपुर-खीरी।** महिलाओं की समस्याओं के त्वरित निस्तारण और उन्हें न्याय दिलाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी 17 एवं 18 जून को जिले के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगी। इस दौरान वह महिला उत्पीड़न से जुड़े मामलों की समीक्षा करने के साथ ही विभिन्न विभागों की योजनाओं की जमीनी हकीकत परखेंगी। कार्यक्रम के अनुसार 17 जून को पूर्वाह्न 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में महिला जनसुनवाई आयोजित होगी। इसमें जिले भर की महिलाएं अपनी शिकायतें सीधे आयोग सदस्य के समक्ष रख सकेंगी। जनसुनवाई में पुलिस, स्वास्थ्य, बाल विकास, समाज कल्याण, बेसिक शिक्षा समेत संबंधित विभागों के अधिकारियों को अद्यतन रिपोर्ट के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। जनसुनवाई के बाद आयोग सदस्य जिला कारागार का निरीक्षण कर महिला बंदियों की स्थिति और उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा करेंगी। इसके उपरांत जिला महिला चिकित्सालय का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लेंगी। दौरे के दूसरे दिन 18 जून को वह ब्लॉक पसगवां में आयोजित नारी चौपाल में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। यहां महिलाओं को जागरूक करने के साथ उनकी समस्याओं को सुना जाएगा।

## ज़मीन के बटवारे को लेकर बेटे ने किया मां पर जानलेवा हमला

निघासन-खीरी। मझगईं थाना क्षेत्र के मुर्गहा गांव में जमीन के बंटवारे को लेकर एक बुजुर्ग महिला से मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता ने अपने पुत्र पर लाठी-डंडों से हमला कर घायल करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई और सुरक्षा की मांग की है।

जानकारी के अनुसार, उषा देवी पत्नी स्वर्गीय मनीराम ने मझगईं थाने में दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि रविवार शाम उनका पुत्र रितिक जमीन के बंटवारे की मांग कर रहा था। जब उन्होंने बंटवारे से इनकार किया तो विवाद बढ़ गया। आरोप है कि इसी दौरान रितिक ने लाठी-डंडे से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। पीड़िता के अनुसार, शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर उन्हें बचाया। इसके बाद वह घायल अवस्था में थाने पहुंचीं और पुलिस को तहरीर देकर अपनी आपबीती बताई। उषा देवी का कहना है कि उन्होंने अपने बेटे का पालन-पोषण कर उसे बड़ा किया, लेकिन अब वही उनके लिए खतरा बन गया है। उन्होंने आशंका जताई कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो उनकी जान को नुकसान पहुंच सकता है। घटना की जानकारी मिलने के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल है। वहीं, मझगईं पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आरोपी रितिक के खिलाफ नियमानुसार सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### सप्ताहभर का योग शिविर शुरू

**लखीमपुर-खीरी।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में इंटरनेशनल नेचुरोपैथी ऑर्गेनाइजेशन एवं विनोदिनी प्रेरणा योग केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में सनातन बालिका इंटर कॉलेज में एक सप्ताह के योग शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर में शहर की बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। योग सत्र की शुरुआत यौगिक सूक्ष्म क्रियाओं एवं ब्रह्मनाद से की गई। प्रतिभागियों को यौगिक सूक्ष्म क्रियाओं के महत्व से अवगत कराते हुए नेत्र शक्ति विकासक, स्मरण शक्ति विकासक एवं मेधा शक्ति विकासक क्रियाओं का अभ्यास कराया गया। इसके अलावा सूर्य नमस्कार, नवासन,



कोणासन, हस्तपादोत्तानासन, पवनमुक्तासन तथा विभिन्न प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास भी कराया गया। साधिका रत्ना कीर्ति, प्रीति एवं शर्मिला ने त्रिकोणासन का प्रदर्शन किया। आईएनओ योग प्रशिक्षक शालू ने बताया कि यह आसन शरीर की पार्श्व मांसपेशियों और पैरों को मजबूत बनाता है तथा स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए लाभदायक है। वहीं शर्मिला ने महिलाओं को वायु अपान मुद्रा की जानकारी देते हुए बताया कि इसे मृत संजीवनी मुद्रा भी कहा जाता है, जो हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने में सहायक होती है।

### आग से दो बाइकें व घरेलू सामान जला

**बिजुआ-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** भीरा थाना क्षेत्र के ग्राम महेशापुर में सोमवार दोपहर अज्ञात कारणों से आग लग गई। इस घटना में एक मकान का छप्पर और टीन शेड जलकर राख हो गया। आग से दो मोटरसाइकिल, एक साइकिल, चारपाई, पंखा और अन्य घरेलू सामान भी जल गए। यह घटना महेशापुर निवासी हरीराम पुत्र जाराखन पासी के मकान में दोपहर करीब 1:30 बजे हुई।



आग बुझाने के प्रयास में हरीराम के हाथ हल्के झुलस गए। हालांकि, इस हादसे में कोई अन्य जनहानि नहीं हुई। ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया। भीरा थानाध्यक्ष रोहित दुबे ने बताया कि मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मौके पर शांति व्यवस्था संबंधी कोई समस्या नहीं है। आग लगने के वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है।

### शराब की दुकान से 50 हजार की चोरी

**बिजुआ खीरी (स्वतंत्र भारत)।** फूलबेहड़ थाना क्षेत्र के दाऊदपुर में एक शराब की दुकान से चोरों ने शटर तोड़कर लगभग 50 हजार रुपये का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। यह घटना बीती रात हुई। सोमवार सुबह जब शराब सेल्समैन दुकान खोलने पहुंचे, तो उन्होंने शटर टूटा हुआ पाया। इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। इसके बाद फूलबेहड़ थानाध्यक्ष संतोष सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। सेल्समैन रितेश जयसवाल के अनुसार, चोर दुकान से 6 हजार रुपये नकद, शराब, 8 हजार रुपये की डीवीआर और 32 हजार रुपये की स्कैनर मशीन ले गए। चोरी हुए सामान का कुल मूल्य लगभग 50 हजार रुपये है। थानाध्यक्ष संतोष सिंह ने बताया कि सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की है। उन्होंने यह भी बताया कि अभी तक इस संबंध में कोई लिखित तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने के बाद मुकदमा दर्ज कर आगे की उचित कार्रवाई की जाएगी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है ताकि चोरों का पता लगाया जा सके।

### साले ने लाठी से फोड़ा जीजा का सिर

**जंगबहादुगंज खीरी (स्वतंत्र भारत)।** ससुर के बुलावे पर ससुराल में आये दमाद को साले ने लाठी से सिर फोड़ कर स्वागत किया है। जानकारी के अनुसार कोतवाली पसगवां क्षेत्र के ग्राम अजबापुर में राजपाल पुत्र रामस्वरूप निवासी ग्राम आंझी थाना मझिला हरदोई का अपनी ससुराल अपने ससुर के बुलावे पर आया था जहां 14 जून समय करीब रात 9 बजे राजपाल अपने ससुर के साथ खाना खा रहा था इसी बीच उसका साला हरीराम पुत्र लछ्मिन आ गया और शराव के नशे में बहनोई राजपाल से मज़ाक मजाक में गाली देने लगा। जब धीरे -धीरे नशा और चढ़ा तब साले के द्वारा जीजा को गालियां देने लगा जीजा द्वारा मना करने पर साले ने पास में रखी लाठी से जीजा का सिर फोड़ दिया जीजा खून से लथपथ हो गया जिसका ससुर ने रात में ही इलाज करा दिया। जिसके बाद जीजा ने कोतवाली पसगवां पुलिस को तहरीर देकर साले के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के की मांग की है। पसगवां कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र प्रताप सिंह से इस मामले में पता किया तो बताया है कि हां एक प्रार्थना पत्र आया है जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

### वारंटी को किया गिरफ्तार

**खमरिया खीरी (स्वतंत्र भारत)।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में सोमवार को लंबे समय से वांछित चल रहे वारंटी मेवालाल (45) पुत्र बिहारी निवासी दामूखेड़ा, थाना ईसानगर को गिरफ्तार किया। इस बाबत थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार सिंह ने बताया कि अभियुक्त के खिलाफ नौ वर्ष पहले मारपीट के तहत मामला दर्ज था,जिसमे न्यायालय में निर्धारित पेशी पर अनुपस्थित रहने के कारण उसके विरुद्ध वारंट जारी किया गया था। गिरफ्तारी के बाद विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश कर दिया।इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक योगेश कुमार, हेड कांस्टेबल सुरेन्द्र कुमार पाल और आरक्षी सत्यम पाण्डेय की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## गैलेक्सी इलेवन ने जीता मुकाबला

**बिजुआ खीरी।** बस्तौली नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-3 के तहत रविवार रात दो मुकाबले खेले गए। ये मुकाबले दीक्षित ग्रुप ऑफ बिजनेस और भारत टेंट हाउस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किए गए। पहले मैच में जहरुद्दीन इलेवन ने जोधपुर इलेवन को 26 रनों से हराया। टॉस जीतकर जहरुद्दीन इलेवन ने 10 ओवर में 94 रन बनाए। जवाब में जोधपुर इलेवन 10 ओवर में 68 रन ही बना सकी। जहरुद्दीन इलेवन के बिस्सू को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मुकाबले में गैलेक्सी इद्यद्नवन ने फर्मेसी इलेवन को हराया। फर्मेसी इलेवन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 7 विकेट पर 61 रन बनाए। गैलेक्सी इलेवन ने यह लक्ष्य 9 ओवर में हासिल कर लिया। गैलेक्सी इलेवन के नासिर को उनके ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। सोमवार रात पहला सेमीफाइनल बादल भानपुर वारियर्स और वी-11 संडा के बीच व दूसरा सेमीफाइनल जहीरुद्दीन-11 और गैलेक्सी-11 के बीच खेला जाएगा।



## दो मौतों वाले हादसे की जांच पर उठे सवाल

- शपथ पत्रों के बावजूद पुलिस कार्रवाई पर विवाद
- जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत

स्वतंत्र भारत

**मितौली-खीरी।** मितौली थाना क्षेत्र में 4 अप्रैल 2026 को हुए सड़क हादसे की जांच को लेकर नया विवाद सामने आया है। हादसे में विवश कुमार और प्रह्लाद पुत्र छेदू की मौत के बाद दर्ज मुकदमे एवं पुलिस विवेचना पर सवाल उठाते हुए मामला मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल तक पहुंच गया है।

पुलिस अभिलेखों के अनुसार बड़ागांव-मितौली मार्ग पर ट्रैक्टर-ट्रॉली और मोटरसाइकिल की टक्कर में दोनों युवकों की मौत हो गई थी। घटना के बाद मृतक विवश कुमार की पत्नी शैलेंद्री देवी की तहरीर पर पुलिस ने उमर खान निवासी बड़का सेमरांवा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। मामले ने तब नया मोड़ लिया जब जमील खान पुत्र अनवर खान, निवासी ग्राम सेमरावां, थाना महोली (सीतापुर), ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर विवेचना की निष्पक्षता पर सवाल उठाए। शिकायतकर्ता का आरोप है कि उपलब्ध तथ्यों, कथित प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों और बाद में प्रस्तुत नोटरीकृत शपथ पत्रों का समुचित परीक्षण नहीं किया गया। शैलेंद्री देवी, जमील खान तथा जगतपाल सिंह पुत्र भोला सिंह ने शपथ पत्रों के माध्यम से मामले की निष्पक्ष और व्यापक जांच की मांग की है। जमील खान और जगतपाल सिंह ने स्वयं को घटना का प्रत्यक्षदर्शी बताया है। वहीं शैलेंद्री देवी एवं कथित प्रत्यक्षदर्शियों ने विवेचना कर रहे उपनिरीक्षक धर्मेंद्र सिंह पर अभद्र व्यवहार और दबाव बनाने का आरोप लगाया है। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। फिलहाल मामला मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर विचाराधीन है तथा शिकायतकर्ता ने उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

## अवैध तमंचा और कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**बांकेगंज-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** मैलानी थाना क्षेत्र की बांकेगंज चौकी पुलिस ने अपराध नियंत्रण अभियान के तहत एक युवक को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर मैकूपुर निवासी शिवांक पुत्र गुड्डू को पकड़ा गया। तलाशी में उसके पास से 315 बोर का एक अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया।



उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। गिरफ्तारी टीम में बांकेगंज चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अंकुर कुमार, कांस्टेबल सुशांत कुमार और कांस्टेबल शिवांग शामिल रहे।

## पुरानी पेंशन बहाली को लेकर अटेवा की जनसभा

स्वतंत्र भारत

**मोहम्मदी-खीरी।** अटेवा के जन जागरण अभियान के तहत मोहम्मदी स्थित आर.वाई.एस. पैलेस में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु ने कहा कि पेंशन सरकारी सेवा का सबसे बड़ा आकर्षण और कर्मचारियों के बुढ़ापे का सहारा होती है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2004 में केंद्र सरकार और 2005 में राज्य सरकारों द्वारा पुरानी पेंशन व्यवस्था समाप्त कर दी गई, जिसे पुनः लागू कराने के लिए कर्मचारियों की आवाज को सदन तक पहुंचाना आवश्यक है। उन्होंने आगामी विधान परिषद चुनाव में कर्मचारियों से अपने प्रतिनिधि को समर्थन देने की अपील की। सभा में कर्मचारियों ने विजय कुमार बंधु के समर्थन में जोरदार आवाज बुलंद की। इस अवसर पर नीरजपति त्रिपाठी, विक्रमादित्य मौर्य, ओम प्रकाश, आशीष वर्मा, जैनूल खान, जगदीश गंगवार सहित हरदोई, बरेली, पीलीभीत एवं मोहम्मदी क्षेत्र के अनेक कर्मचारी और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## किशोर को पानी में खींच ले गया मगरमच्छ, तलाश जारी



- ग्रामीणों की वन अधिकारियों व हल्का दरोगा से हुई कहासुनी

**खमरिया-खीरी।** ईसानगर क्षेत्र में जंगली जानवरों के आतंक के बीच मगरमच्छ के हमले की एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। थाना ईसानगर क्षेत्र के ग्राम भट्ठापुरवा मजरा बेल्तुआ निवासी लालमन पाल (12) पुत्र प्रताप को रविवार दोपहर बाद कथित रूप से मगरमच्छ पानी के किनारे से खींचकर गहरे पानी में ले गया। घटना के बाद पूरे इलाके में भय और चिंता का माहौल है।

जानकारी के अनुसार, लालमन अपने साथी विशाल पुत्र संबारी के साथ गांव के बाहर स्थित दहौरा नाला के पास भैंस चराने गया था। इसी दौरान वह शौच के लिए पानी के किनारे पहुंचा, जहां मौजूद मगरमच्छ ने उस पर हमला कर दिया। प्रत्यक्षदर्शी विशाल के अनुसार, मगरमच्छ लालमन को दबोचकर पानी में ले गया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए।

सूचना पर थाना प्रभारी ब्रजेश कुमार सिंह भी मौके पर पहुंचे और प्रत्यक्षदर्शी से जानकारी लेने के बाद वन विभाग को बुलाकर सर्च अभियान शुरू कराने का अनुरोध किया। वन विभाग की टीम फॉरेस्टर सुनील कुमार के नेतृत्व में मौके पर पहुंची, लेकिन अंधेरा होने के कारण रविवार रात अभियान प्रभावी ढंग से नहीं चल सका।

सोमवार सुबह से वन विभाग ने दोबारा सर्च अभियान शुरू किया। वहीं ग्रामीणों ने धौरहरा के वन क्षेत्राधिकारी को मौके पर बुलाकर जांच कराने और मगरमच्छ को पकड़ने की मांग की। इस दौरान ग्रामीणों, वन अधिकारियों और हल्का दरोगा के बीच नोकझोंक भी हुई। समाचार लिखे जाने तक न तो बालक का कोई सुराग मिल सका था और न ही मगरमच्छ का पता चल पाया था।

## अमृत सरोवर कैंटीन का हुआ शुभारंभ



**मितौली-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** मितौली कस्बे के मध्य स्थित जिला पंचायत द्वारा निर्मित अमृत सरोवर परिसर में स्थापित कैंटीन का शुभारंभ सोमवार को जिला पंचायत प्रतिनिधि एवं पूर्व भाजपा जिला मंत्री बृजेश सिंह ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के साथ ही अमृत सरोवर परिसर में आने वाले लोगों को अब चाय-नाश्ता एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध हो सकेंगी। कार्यक्रम के दौरान प्रथम ग्राहक के रूप में कमलेश गौतम को चंदन टीका लगाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बृजेश सिंह ने कहा कि अमृत सरोवर केवल एक जल संरक्षण परियोजना नहीं है, बल्कि यह क्षेत्र के लोगों के लिए सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का भी केंद्र बनता जा रहा है। उद्घाटन समारोह में क्षेत्राधिकारी यादवेंद्र, थाना प्रभारी मितौली महेश पाठक, जिला पंचायत सदस्य सूरज सिंह, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ. दविंदर सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष जितेंद्र सिंह बग्गा, मुन्नालाल सोनी, अमित गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य संदीप गुप्ता, अवधेश कुमार उर्फ बिपिन बिहारी गुप्ता (मैगलगंज), विवेक मिश्रा, कमलेश गौतम, सचिन सिंह, नितिन सहित क्षेत्र के तमाम संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहे।

# डीएम व एसपी ने गौरीफंटा बॉर्डर पहुंचकर सीमा स्तम्भों का किया अवलोकन

स्वतंत्र भारत



**पलिया कलां खीरी।** सोमवार को सशस्त्र सीमा बल के अंतर्गत संचालित व्यापार एवं पारगमन पोस्ट गौरीफंटा का डीएम अंजनी कुमार सिंह पुलिस अधीक्षक तथा डॉ. ख्याति गर्ग द्वारा भ्रमण एवं निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान भारत-नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर स्थित सीमा स्तंभों का अवलोकन एवं जांच की गई ।

साथ ही सीमा क्षेत्र में स्थित नो मेंस लैंड पर संभावित अतिक्रमण की स्थिति एवं उससे संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई एवं सीमा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था, निगरानी तंत्र तथा समन्वय संबंधी विषयों की जानकारी प्राप्त की । भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा सीमा क्षेत्र में गश्त भी की गई तथा सीमा सुरक्षा से संबंधित आवश्यक बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया । इसके अतिरिक्त सीमा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाए रखने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए । इस अवसर पर 39वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल, पलिया के कमांडेंट रबीन्द्र कुमार राजेश्वरी, सीमा चौकी गौरीफंटा के प्रभारी रवि कुमार समोता, सहायक कमांडेंट सहित सशस्त्र सीमा बल एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे ।

## बाघ हमले में मृतक किसान का अंतिम संस्कार

**बिजुआ-खीरी।** भीरा थाना क्षेत्र के रामनगर कलां में बाघ के हमले में जान गंवाने वाले किसान रामदीन का सोमवार को प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में अंतिम संस्कार कर दिया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। रविवार को हुई घटना के बाद परिजन शव उठाने को तैयार नहीं थे। वे मृतक के परिजनों को मुआवजा दिए जाने, हमलावर बाघ को पकड़ने तथा मामले में जिम्मेदारी तय करने की मांग पर अड़े रहे। इसको लेकर रातभर पुलिस और वन विभाग के अधिकारियों के साथ वार्ता चलती रही। सोमवार सुबह सहमति बनने के बाद परिजन पोस्टमार्टम के लिए राजी हुए। दोपहर बाद शव गांव पहुंचा तो पत्नी, बच्चों और अन्य परिजनों के विलाप से माहौल गमगीन हो गया। अंतिम दर्शन के लिए आसपास के गांवों और मजरों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। प्रशासन और पुलिस की निगरानी में अंतिम संस्कार संपन्न कराया गया। ग्रामीणों ने वन विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि डेढ़ माह के भीतर बाघ के हमले से यह दूसरी मौत है, लेकिन विभाग अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं कर सका है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि बाघ को जल्द नहीं पकड़ा गया तो आंदोलन किया जाएगा। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है।



## जनकल्याण मेले के दूसरे दिन पहुंचे पूर्व राज्यसभा

स्वतंत्र भारत



**मितौली-खीरी।** विकासखंड मितौली परिसर में आयोजित केंद्र सरकार के बारह वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित तीन दिवसीय जनकल्याण मेले के दूसरे दिन राष्ट्रीय परिषद सदस्य, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता पूर्व राज्यसभा सांसद जुगुल किशोर ने कार्यक्रम का शुभारंभ कर स्टालो का निरीक्षण किया और गोद भराई के साथ-साथ अन्नप्राशन संस्कार भी किये

मुख्य अतिथि को एडियो पंचायत प्रमोद कुमार ने मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ स्मृति चिन्ह देकर स्वागत अभिनंदन किया मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में केंद्र सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में गरीब, किसान, मजदूर, महिला, युवा, वंचित, शोषितो के उत्थान के लिए अनेक जनक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित कर सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है जिससे करोड़ों लोगों के जीवन स्तर में सुधार आया है अवसर पर उन्होंने विकास खंड परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण कर संचालित योजनाओं की जानकारी ली। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं की गोद भराई तथा बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी कराया गया। साथ ही संबंधित अधिकारियों को जनहितकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष कस्ता कौशल किशोर बाजपेई, मितौली मन्ना लाल राठौर, सर्वेश सिंह, शमशाद अली, एडियो पंचायत प्रमोद कुमार, नैमिष यादव, बीटी रामाशंकर त्रिपाठी सहित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिकों ने सहभागिता की। जनकल्याण मेले में विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित भी किया गया।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## पर्यटन को प्रोत्साहन

पश्चिम एशिया में तीन महीने से भी अधिक समय से जारी जबर्दस्त अशांति के कारण पूरा वैश्विक आर्थिक परिदृश्य संकटग्रस्त हो चुका है। भारत इसका अपवाद नहीं है जो आयात की जाने वाली महत्वपूर्ण वस्तुओं जैसे कच्चे तेल, गैस और उर्वरक के लिए काफी बढ़े दाम दे रहा है। इसीलिए खुद प्रधानमंत्री ने सोना न खरीदने, पेट्रोल डीजल बचाने और विदेश यात्राएं कम करने की सलाह दी है। लक्ष्य एक ही है कि विदेशी मुद्रा बचाई जाए। इसका एक बेहतर समाधान हो सकता है कि विदेशी मुद्रा की आमद ही बढ़ाई जाए। इसके लिए भारत के पास सबसे आसान रास्ता अपने पर्यटन उद्योग में संभावनाएं तलाशना है। यह सांस्कृतिक विविधता तथा अनूठी लोक संस्कृतियों का ऐसा समृद्ध देश है जिसका मुकाबला कोई अन्य देश नहीं कर सकता है। यदि इनकी ओर देश विदेश के पर्यटकों को आकर्षित करने के और बेहतर उपाय किए जाएं तो जहां अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश की छवि और निखरेगी, वहीं इससे आय में भी बढ़ोतरी होगी। इससे विदेशी पूंजी अर्जित करने का नया रास्ता भी खुल सकेगा। अभी तक सांस्कृतिक-ऐतिहासिक धरोहरों के स्थलों को पर्यटन का मुख्य केंद्र बनाया गया था जो काफी प्रभावी सिद्ध हुआ। दिल्ली का लाल किला, आगरा का ताजमहल, मुंबई का गेटवे ऑफ इंडिया, लखनऊ का इमामबाड़ा और राजस्थान के रणथंभौर, आंबेर के तथा अन्य किले इसी श्रेणी में आते हैं। इसी क्रम को बढ़ाते हुए लोक संस्कृति को भी पर्यटन के साथ जोड़ा जाए तो दोनों अभूतपूर्व ऊंचाई तक जा सकते हैं। यहां की घरेलू दस्तकारियां, अनूठे लोक नृत्य और ग्रामीण लोक व्यवहार वैसे भी विदेशी और देशी पर्यटकों को अपनी ओर खींचते रहे हैं। उत्तर प्रदेश और राजस्थान में अक्सर ऐसा देखने में आता रहा है। कृषि प्रधान देश होने से यहां की लोक संस्कृति को विशिष्ट आयाम मिलता है। देश के सकल घरेल उत्पाद के आंकड़ों के अनुसार कृषि क्षेत्र के मुकाबले सेवा क्षेत्र से और अधिक आय प्राप्त होती है और इस क्षेत्र में पर्यटन की मुख्य भागीदारी है। इसलिए सेवा क्षेत्र की विविधताओं का पर्यटन से जुड़ाव आर्थिक गतिविधियों के नए आयाम निश्चित रूप से खोलेगा। इसके अलावा हमारे यहां की लोक संस्कृति का प्रचार-प्रसार विदेशों तक होगा और भारत के प्रति विदेशियों का आकर्षण और बढ़ेगा। अच्छा हो यदि केंद्र और राज्य सरकारें पर्यटन को प्रोत्साहन के लिए मिलकर नीतियां और कार्यक्रम बनाएं तथा उनको अमल में लाएं।

## उपयोगी योजना

ऊर्जा संकट और ऊर्जा बचाने की बढ़ती जरूरत के आज के समय में उत्तर प्रदेश सरकार एक उपयोगी कदम उठाने जा रही है जिसके अंतर्गत एक लाख से अधिक लघु बायोगैस संयंत्र स्थापित किए जाएंगे। सरकार का मकसद है कि ग्रामीण परिवार कम लागत में अपने घरों पर ही मिनी बायोगैस संयंत्र लगाकर रसोईगैस के खर्च में बड़ी कमी ला सकें। इस योजना के अनुसार 25 से 50 हजार रुपए की लागत में लघु बायोगैस संयंत्र स्थापित किए जा सकेंगे। इससे गोबर एवं अन्य जैविक अपशिष्ट का उपयोग कर स्वच्छ ईंधन तो तैयार होगा ही, साथ में किसानों को जैविक खाद भी बड़े पैमाने पर प्राप्त होगी। इसके अलावा ग्रामीणों को रसायनमुक्त भोजन भी प्राप्त हो सकेगा। इस योजना के तहत बड़ी संख्या में ग्रामीण परिवार कम खर्च में अपने घरों पर इन्हें स्थापित कर सकेंगे। इस तरह यह योजना गो संरक्षण को बढ़ावा देने के साथ ग्रामीण परिवारों को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भी बनाएगी और इस तरह उनकी घरेलू बचत में इजाफा होगा। यह एक तथ्य है कि ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली का अब अधिकाधिक उपयोग बढ़ता जा रहा है और इसके पारंपरिक साधनों की जगह ले ली है। इसका मुख्य कारण कम खर्च, आसानी से उपलब्धता तथा सुविधाजनक इस्तेमाल है। यह बात अभी तक इस्तेमाल किए जाने वाले ऊर्जा के साधनों में नहीं थी। उनमें असुविधा और खर्च दोनों ही काफी अधिक थे। दूसरी बात यह कि गो संरक्षण प्रदेश सरकार की एक प्रमुख नीति है जिसके अंतर्गत कई व्यापक कदम उठाए गए हैं। बायोगैस संयंत्रों में अधिकाधिक इस्तेमाल होने से गोबर का सही ढंग से उपयोग होगा और उसके फायदे भी मिलेंगे। स्पष्ट है कि इस कदम से गो संरक्षण, स्वच्छ ऊर्जा और ग्रामीण आत्मनिर्भरता एक साथ आगे बढ़ेंगे। बस ध्यान यह रखना होगा कि ग्रामीण जनसंख्या को इस बहुउपयोगी योजना का आसानी से लाभ मिल सके।

## काँव-काँव

◆◆◆

**भारत दुनिया को समाधान देने वाला देश है-मोदी**
जनता अपनी समस्याओं का समाधान खुद ढूंढ़े!
**अमेरिका ईरान समझौते का मसौदा बनकर तैयार**
इजरायली लॉबी की बेचैनी फिर बढ़ रही होगी!
**मई महीने में रूस से कच्चे तेल के आयात में बढ़ोतरी**
यह है अंकल सैम को सही जवाब!
**अजय राय ने पूरी की नंगे पांव गिरिराज परिक्रमा**
जेहिपे बिपदा परत है,सोई आवत यहि देस..
**राममंदिर घोटाले की हो न्यायिक जांच -अवधेश**
कुछ और जज राज्यसभा सदस्य बनने वाले हैं!
**सीक्रेट बायोलैब्स को अमेरिका से फंडिंग-तुलसी**
दिल्ली से हजारों लड़कियां आज भी लापता हैं!

◆◆◆

# अमेरिकी मित्रता में डूबते भारतीय भरोसे के जहाज


**- ईके मिश्र**

अमेरिका के प्रति भारत की शिखरस्थ सहिष्णुता , एक राष्ट्र के रूप में हमारे स्वाभिमानी स्वायत्तता के सिद्धांतों को चुनौती दे रही है। प्लाऊ के झंडे तले परिचालन करने वाले वाणिज्यिक जहाज पर अमेरिकी नौसेना का हमला हुआ, जिसके चालक दल में सवार तीन भारतीय नाविकों की मौत हुई। साल की शुरुआत में रूस के झंडे तले चलने वाले 'बेला वन' नामक जहाज पर अमेरिकी नौसेना ने अपने हेलीकॉप्टर उतार जब्तीकरण की कार्यवाही की थी। आरोप था, रूस का यह जहाज वेनेजुएला के प्रतिबंधित तेल को ले जा रहा था। इस जहाज और चालक दल पर गोलीबारी कर हिंसक कार्यवाही नहीं की गई थी। बल्कि कैप्टन को छोड़ बाकी सभी चालक दल के सदस्यों की सुरक्षित वापसी अमेरिका ने सुनिश्चित की। रूसी झंडे की महत्ता ने , न केवल सैन्य मुठभेड़ को दरकिनार किया बल्कि चालक दलों को भी सुरक्षित रखा । हालांकि जब्तीकरण के इस वाकये ने रूस की अंतरराष्ट्रीय छवि को धूमिल किया था। इस घटना के बाद समुद्री जलमार्गों में शैडो फ्लीट या गुप्त जहाजी बेड़ों की आवाजाही भारी मात्रा में बढ़ी है। दरअसल प्रत्यक्ष विवादों व प्रतिबंधों से बचने के लिए और कम लागत, सस्ते शुल्क तथा शिथिल नियमों का लाभ उठाने के लिए विश्व के कई देश समुद्री आवागमन के लिये सुविधाजनक राष्ट्र ध्वजों का वरण करते हैं। व्यापारिक दृष्टि से अपनाई गई यह सुविधा , जहाजों पर तैनात चालक दलों की दुविधा का बड़ा कारण बनती है और अब यह उनके जीवन को भी लील रही है। युद्ध और तनावपूर्ण स्थितियों में लिप्त पक्षों के सरलतम मारक लक्ष्यों में यह गुप्त जहाज बेड़े होते हैं। चूंकि बड़ी आर्थिक शक्तियां जो अक्सर ऐसी वैकल्पिक व्यवस्था को अपनाती है , वृहद हितों व प्रतिष्ठा को ऊपर रखते हुए , सीधे संघर्ष और उत्तरदायित्व से बचना पसंद करती है। जबकि युद्धरत पक्षों के लिए ऐसे हमले विश्वस्तर पर सैन्य प्रवीणता सिद्ध करने का जरिया बनते है। भारतीय जीवन निधि पर किए गए अमेरिकी सैन्य हमलों के बाद भारत सरकार की प्रतिक्रिया कूटनीतिक प्रोटोकॉल आधारित रही, जिसमें कार्यवाहक राजदूत जैसन मिक्स को दो बार तलब कर कड़ी निंदा की गई। संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून के अनुच्छेद 38 के अनुसार, सभी जहाजों और विमानों को ट्रांजिट पैसेज का अधिकार है, अनुच्छेद 17 के अनुसार, सभी विदेशी जहाजों को किसी भी देश के जलक्षेत्र में आवाजाही का अधिकार है , ऐसे में ग़ैर-युद्धरत जहाजों को निशाना बनाना पूर्णतः अवैध है। इसके खिलाफ हमें अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर को तलब कर , सख्ती से माफी व मुआवजे की मांग रखना चाहिए । आवश्यकता अनुसार हेग स्थित अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में भी इस मुद्दे को उठाया जाना चाहिए। फारस की खाड़ी और होर्मुज में अमेरिका के द्वारा खड़ी की गई नाकाबंदी के बाद से शैडो फ्लीट समेत लगभग 200 वाणिज्यिक जहाजों को गुप्त रूप से रास्ता देने का दावा खुद ट्रंप कर रहे थे। यही नहीं अमेरिका ने जहाजों के गोपनीय परिवहन के लिए ,ढ्रस ट्रांसपोंडर ऑफ (लोकेशन बंद) करने की तकनीक और ओमान के तटीय क्षेत्र से गुजरने के मार्ग भी सुझाए। अब जो जहाज इस माहौल में परिवहन संचालन करते हो, उन्हें अचानक निशाने पर लेना स्पष्ट करता है कि अमेरिका समुद्री परिवहन में भी वही भ्रम की स्थितियां पैदा कर रहा है, जो भारत के रूस से तेल खरीदने पर करता है। तेल की वैश्विक आपूर्ति सुचारू बनाए रखने के लिए युद्धकाल में रूसी तेल क्रय को प्रोत्साहित करना और निज हित सधते ही, वही रूस का तेल खरीदने पर टैरिफ थोपना। आज भारत को आवश्यकता है कि इस अमेरिकी पटकथा का यथोचित रहस्योद्घाटन करे, भारतीय विदेशमंत्री विश्वपटल पर इसका मुखर उल्लेख तो करते हैं, लेकिन नायक की तरह इस पटकथा का अंत नहीं कर पा रहे हैं। वैश्विक व्यापार और ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए अमेरिका आधारित नीतियों पर निर्भरता को खत्म कर के ही , हम राष्ट्रीय गौरव व नागरिक सम्मान को बनाए रख सकेंगे । हमें, अमेरिका को सहयोगी व साझेदार के रूप में देखने के फितूर से बाहर निकलना होगा, इस बात की प्रतीक्षा भी निरर्थक ही है कि, अमेरिकी नेतृत्व के बदलने से समीकरणों में कुछ विशेष अंतर आएगा। अमेरिकी उप विदेश मंत्री के बयाँ से यह स्पष्ट होता है, जो कहते है- 'हम समझौतों को लेकर भारत के साथ वह गलती नहीं करेंगे जो 20 साल पहले चीन के साथ की थी।' उनकी यह बात चीन को दी गई तकनीकी सहायता और बाजारों तक उन्नत पहुंच को लेकर थी, जिसने चीन को आज अमेरिका के समकक्ष खड़ा कर दिया है। अमेरिकी टैरिफ हो या हार्मूज की नाकेबंदी , चीन ने सीना तान अमेरिकी को चुनौती पेश की है। टैरिफ के बदले टैरिफ , दुर्लभ खनिज के निर्यात पर प्रतिबंध , ताइवान पर सीधे चेतावनी और ईरान से पाकिस्तान के रास्ते निरंतर तेल आयात, यह सभी वो कदम हैं जो अमेरिकी साम्राज्य को स्पष्ट चुनौती देते हैं। पर क्या चीन आज इस मजबूत स्थिति में एकाएक पहुंचा है 1980 से 1990 के दशक में जब चीन अपनी विकास यात्रा को गढ़ रहा था,तब चीनी सर्वोच्च नेता 'डेंग शियाओपिंग' ने 'ताओगुआंग यांगहुई (अपनी ताकत छुपाओ, सही समय का इंतजार करो)' के सिद्धांत को प्रतिपादित किया जिसके तहत चीन ने अंतर्राष्ट्रीय विवादों में अमेरिका को सीधे चुनौती न देकर, ऊर्जा जरूरतों और अर्थव्यवस्था पर केंद्रित विकास को प्राथमिकता दी। इसका सबसे ज्वलंत उदाहरण तब देखने को मिला जब सन 1999 में कोसोवो युद्ध के दौरान अमेरिका ने यूगोस्लाविया की राजधानी बेलग्रेड में स्थित चीनी दूतावास पर हमला किया, जिसमें 3 चीनी पत्रकार मारे गए और बीसियों चीनी घायल हुए। इसके बाद चीन में भारी जनआक्रोश फैला , अमेरिकी दूतावास पर पथराव हुए, चीनी सेना भी तुरंत जवाबी कार्यवाही करना चाहती थी, लेकिन राष्ट्रपति जियांग जेमिन ने सैन्य टकराव के बजाए अमेरिका से औपचारिक माफी और मुआवजे की मांग की और मामले को शांत कर दिया। चीन यह समझता था कि उस दौर में अमेरिका से सीधा संघर्ष उसकी अर्थव्यवस्था और विकास लक्ष्यों को आहत करेगा , फलस्वरूप उसने भी सहिष्णुता के उन रास्तों को अपनाया, जो आज भारत अपना रहा है। भारत के लिए यह चुनौती दोहरी हो जाती है , अमेरिका और चीन दोनों भारत को तीसरी महाशक्ति बनने से रोकना चाहते हैं। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन की अगुवाई में आज भारत अतुलनीय कार्य कर रहा है, कई सामरिक महत्व की निर्माण योजनाएं कार्य कर रही हैं, अंतरिक्ष में भारत की मौजूदगी बड़ी है, ऐसे दौर में अमेरिका से सीधा संघर्ष कई मोर्चों पर भारत को नुकसान पहुंचा सकता है। यद्यपि पारंपरिक रूप से भारत में मानव जीवन की महत्ता को सर्वोपरि माना गया है, तदर्थ हम भौतिक व्यापारिक हितों को पुष्ट करने के लिए अमेरिकी तुष्टिकरण की नीति पर पूर्णतः नहीं चल सकते हैं । राष्ट्र प्रथम की भारत नीति और भारतीयों की जीवन निधि को सार्वभौमिक मंच पर हमें प्रधानता के साथ आलोकित करना होगा। भारत सरकार भले तटस्थ रुख को अपनाए रखे लेकिन राष्ट्रवाद के उदात्त चरित्रों को, आनुषंगिक संगठनों को , छात्रों व स्वयंसेवकों को , हम भारतवासियों को, अमेरिकी राहों के आड़े आने दे, उनके चहेते दूतों के कानों में हमारे मृत भाइयों के विरह से उठे करुण कष्ट के कुछ स्वर पहुंचने दे , भारत स्थित उनके घर के कुछ बर्तन खड़काने का लोकतांत्रिक अवसर दे।

यदि ऐसा होता है, तो यह भारत व भारतवासियों का अमेरिकी नेतृत्व को सबसे मुखर और प्रखर प्रत्युत्तर होगा। जिसमें एक तरफ तो वह प्रधानमंत्री मोदी को अपना परम मित्र व प्रमुख साझेदार बताते हैं, लेकिन भारत के खिलाफ टैरिफ और भारतवासियों के विरुद्ध हथियार उठाते हैं। भारतीय जनमानस को स्वसीमित हितों से ऊपर राष्ट्रीय स्वाभिमान का एकस्वर आव्हान करना होगा।

'वसुधैव कुटुम्बकम्' की हमारी सांस्कृतिक सीख को हमें चरितार्थ करना होगा, संपूर्ण जगत जिसे हम परिवार मानते है उसे युद्धस्थ अराजकता के अंध से सहोदय के विश्व बंधुत्व में ज्योतिर्मय करना होगा।

## ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

### अथ द्वादशोऽध्याय:

(गतांक से आगे

इस पर श्रीकृष्ण ने कहा- अर्जुन! निष्काम कर्ममार्ग अच्छा लगे चाहे ज्ञानमार्ग, दोनों ही दृष्टियों से कर्म तो करना ही पडेगा। इतने पर भी जो इन्द्रियों को हठ से रोककर मन से विषयों का स्मरण करता है वह दम्भाचारी है. जानी नहीं। अतः अर्जुन! तू कर्म कर। कौन-सा कर्म करे?, तो 'नियतं कुरु कर्म त्वम्'- निर्धारित किये हुए कर्म को कर। निर्धारित कर्म क्या है? तो बताया- यज्ञ की प्रक्रिया ही एकमात्र कर्म है। यज्ञ की विधि को बताया, जो आराधना-चिन्तन की विधि-विशेष है. परम में प्रवेश दिलानेवाली प्रक्रिया है। जब निष्काम कर्ममार्ग और ज्ञानमार्ग दोनों में ही कर्म करना है. यज्ञार्थ कर्म करना है. क्रिया एक ही है तो अन्तर कैसा? भक्त कर्मों का समर्पण करके इष्ट के आश्रित होकर यज्ञार्थ कर्म में प्रवृत्त होता है, तो दूसरा सांख्ययोगी अपनी शक्ति को समझकर (अपने भरोसे) उसी कर्म में प्रवृत्त होता है, पूरा श्रम करता है।

अध्याय पाँच में अर्जुन ने पुनः प्रश्न किया- भगवन्! आप कभी सांख्य-माध्यम से कर्म करने की प्रशंसा करते हैं, तो कभी समर्पण-माध्यम से निष्काम कर्मयोग की प्रशंसा करते हैं- इन दोनों में श्रेष्ठ कौन है? यहाँ तक अर्जुन समझ चुका है कि कर्म दोनों दृष्टियों से करना होगा, फिर भी दोनों में श्रेष्ठ मार्ग वह चुनना चाहता है। श्रीकृष्ण ने कहा- अर्जुन ! दोनों ही दृष्टियों से कर्म में प्रवृत्त होनेवाले मुझको ही प्राप्त होते हैं; किन्तु सांख्यमार्ग की अपेक्षा निष्काम कर्ममार्ग श्रेष्ठ है। निष्काम कर्मयोग का अनुष्ठान किये बिना न कोई योगी होता है और न ज्ञानी। सांख्ययोग दुष्कर है, उसमें कठिनाइयाँ अधिक हैं।

यहाँ तीसरी बार अर्जुन ने यही प्रश्न रखा कि भगवन् ! आपमें अनन्य भक्ति से लगनेवाले और अव्यक्त अक्षर की उपासना से (सांख्यमार्ग से) लगनेवाले, इन दोनों में श्रेष्ठ कौन है?

क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

◆◆◆

**संसारविषवृक्षस्य द्वे फले अमृतोपमे।**
**सुभाषितं च सुरवदु सडगतिः सज्जने जने।।**

इस संसार रूपी विषैले वृक्ष के दो फल हैं, जो अमृत के समान मधुर व सेवन करने योग्य हैं। पहला, सुभाषित, अर्थात् मधुर वाणी, जो अत्यन्त स्वादिष्ट है और दूसरा, साधु व्यक्तियों का संग-साथ, जिससे व्यक्ति का कल्याण होता है।

◆◆◆

# सैन्य परंपराओं और पोशाक में ऐतिहासिक बदलाव

**- महेन्द्र तिवारी**

भारतीय सेना का इतिहास पराक्रम, शौर्य और अप्रतिम बलिदान की गाथाओं से समृद्ध है। स्वतंत्रता के बाद से ही हमारी सेना ने देश की सीमाओं की रक्षा करने और राष्ट्रीय संप्रभुता को अक्षुण्ण बनाए रखने में अभूतपूर्व भूमिका निभाई है। हालांकि, स्वतंत्रता के कई दशकों बाद भी सेना की कुछ आंतरिक व्यवस्थाओं, नियमों, पोशाक और प्रतीकों में ब्रिटिश काल की स्पष्ट छाप दिखाई देती थी। वर्तमान समय में भारतीय सेना अपनी इस ऐतिहासिक पृष्ठभूमि में एक युगांतरकारी और अत्यंत महत्वपूर्ण परिवर्तन के दौर से गुजर रही है। सेना द्वारा अपनी वेशभूषा नीति, औपचारिक परंपराओं और सदियों पुराने रीति-रिवाजों में किए जा रहे बदलाव इस बात का जीवंत प्रमाण हैं कि अब देश अपनी औपनिवेशिक विरासत को पीछे छोड़ने के लिए मानसिक रूप से पूरी तरह तैयार हो चुका है। इन महत्वपूर्ण और दूरगामी सुधारों का मुख्य उद्देश्य भारतीय सेना को विदेशी प्रभाव से मुक्त कराकर विशुद्ध रूप से भारतीय संस्कृति, सभ्यता और अपनी ऐतिहासिक जड़ों से गहराई से जोड़ना है। यह संपूर्ण प्रक्रिया भारत सरकार के उन 5 महासंकल्पों का एक अनिवार्य हिस्सा है, जिन्हें पंच प्रण के नाम से जाना जाता है। इन संकल्पों में से एक अत्यंत महत्वपूर्ण प्रण गुलामी की हर सोच और उसके प्रत्येक प्रतीक से पूर्ण मुक्ति पाना है, जिसे भारतीय सेना अब धरातल पर पूरी निष्ठा के साथ उतार रही है। सैनिक परंपराओं में सबसे पहला और प्रत्यक्ष बदलाव सैन्य कवायद और आधिकारिक समारोहों के दौरान देखा जा सकता है। ब्रिटिश शासनकाल से ही यह व्यवस्था निरंतर चली आ रही थी कि जब भी कोई वरिष्ठ सैन्य अधिकारी किसी सैनिक कदमताल या विदाई समारोह की सलामी लेता था, तो वह समीक्षा अधिकारी के रूप में अपने साथ एक विशेष औपचारिक तलवार रखता था। यह तलवार ब्रिटिश काल में औपनिवेशिक शासकों द्वारा अपनी शक्ति, सर्वोच्च कमान और भारतीय सैनिकों पर अपने प्रभुत्व का प्रदर्शन करने का एक मुख्य माध्यम मानी जाती थी। स्वतंत्र भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था और संप्रभु राष्ट में इस तरह के सामंती प्रतीकों की कोई आवश्यकता नहीं रह गई थी। इसी ऐतिहासिक तथ्य को ध्यान में रखते हुए अब समीक्षा अधिकारी द्वारा सैन्य मार्च के दौरान या किसी भी अन्य औपचारिक निरीक्षण में तलवार रखने की इस पुरानी प्रथा को पूरी तरह से समाप्त कर दिया गया है। इसके साथ ही, वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों द्वारा अपनी कमान और नेतृत्व के प्रतीक के रूप में ले जाई जाने वाली विशेष छड़ी के उपयोग की भी गहन समीक्षा की गई है और इसके इस्तेमाल को अब बेहद सीमित कर दिया गया है। यह निर्णय स्पष्ट करता है कि भारतीय सेना में नेतृत्व और सम्मान का आधार कोई बाहरी वस्तु या औपनिवेशिक दिखावा नहीं, बल्कि अधिकारी की अपनी योग्यता, कर्तव्यपरायणता और अपने देश के प्रति अटूट निष्ठा है।

इस वैचारिक परिवर्तन का सीधा और गहरा असर सैन्य अधिकारियों के पहनावे और पोशाक से जुड़े नियमों पर भी दिखाई दे रहा है। एक लंबे समय से यह देखा जा रहा था कि सैन्य अधिकारियों के भोजनालयों और अन्य महत्वपूर्ण औपचारिक आयोजनों में पश्चिमी देशों के कोट, औपचारिक वस्त्रों और गले के बंध का ही प्रचलन अनिवार्य बना हुआ था। भारतीय जलवायु और यहाँ की गौरवशाली संस्कृति के सर्वथा विपरीत इस तरह के विदेशी पहनावे को ढोना भी एक प्रकार की मानसिक परतंत्रता का ही हिस्सा माना जा सकता है। इस पुरानी व्यवस्था को बदलते हुए अब अधिकारियों की औपचारिक पोशाक में पहली बार 'बंदी' नाम के पारंपरिक भारतीय परिधान को आधिकारिक तौर पर स्थान दिया गया है। यह बिना आस्तीन का एक विशेष वस्त्र है, जिसे आम बोलचाल में पारंपरिक कुर्ता या भारतीय नेहरू वेशभूषा के रूप में भी जाना जाता है। अब सैन्य अधिकारी इसे अपनी कमीज और पतलून के साथ अत्यंत गर्व से धारण कर सकते हैं। यह कदम न केवल भारतीय वस्त्र उद्योग और स्थानीय शिल्पकला को नया सम्मान देता है, बल्कि सैन्य जीवनशैली में एक विशिष्ट भारतीय पहचान का समावेश भी करता है। इसके माध्यम से यह दृढ़ संदेश दिया गया है कि हमारे अपने पारंपरिक परिधान भी दुनिया के किसी भी उच्च स्तरीय आधिकारिक आयोजन के लिए पूरी तरह से गरिमापूर्ण और सर्वश्रेष्ठ हैं।

परंपराओं के इस शुद्धिकरण के अंतर्गत केवल पहनावा ही नहीं बदला गया है, बल्कि अधिकारियों की विदाई के तौर-तरीकों में भी बड़े सुधार किए गए हैं। पूर्ववर्ती नियमों के अनुसार, जब भी सेना के शीर्ष पदों पर आसीन अधिकारी, जैसे थल सेनाध्यक्ष या सैन्य कमान प्रमुख अपनी लंबी सेवा के बाद सेवानिवृत्त होते थे, तो उन्हें विदाई देने के लिए घोड़ों से खिंचने वाली एक पुरानी पारंपरिक बग्घी का उपयोग किया जाता था। यह घोड़ों वाली बग्घी प्रथा पूरी तरह से ब्रिटिश राजसी ठाट-बाठ और आम जनता तथा साधारण सैनिकों से दूरी बनाए रखने की औपनिवेशिक मानसिकता से प्रेरित थी, जो एक लोकतान्त्रिक देश की सेना में उचित नहीं जान पड़ती थी। अब सेना ने इस सामंती विदाई प्रथा को भी हमेशा के लिए बंद करने का ऐतिहासिक फैसला किया है। अब अधिकारियों की विदाई बेहद सादगीपूर्ण, अनुशासित और भारतीय मूल्यों के अनुरूप की जाती है। यह बदलाव सैन्य अधिकारियों और उनके अधीन काम करने वाले जवानों के बीच की दूरी को कम करने तथा सेना के भीतर एक समतावादी और आत्मीय वातावरण स्थापित करने में बहुत सहायक सिद्ध हो रहा है। सैन्य संस्कृति का एक और बेहद संवेदनशील और महत्वपूर्ण हिस्सा उसका संगीत होता है, जो सैनिकों के भीतर अदम्य साहस का संचार करता है। युद्ध के मैदान से लेकर शांति काल के समारोहों तक, सैन्य संगीत दल हमेशा से जवानों में जोश और देशप्रेम की भावना भरते रहे हैं। लेकिन स्वतंत्रता के इतने वर्षों बाद भी हमारे विभिन्न सैन्य संगीत दल पुरानी अंग्रेजी और स्कॉटिश धुनों को बजाने के लिए विवश थे। गणतंत्र दिवस उत्सव के समापन समारोह के अवसर पर आयोजित होने वाले भव्य कार्यक्रम में वर्षों तक एक विदेशी प्रार्थना धुन बजाई जाती थी, जिसका भारतीय जनमानस से कोई भी भावनात्मक जुड़ाव नहीं था। अब इस व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन करते हुए उस पुरानी विदेशी धुन के स्थान पर 'ऐ मेरे वतन के लोगों' जैसी अमर, लोकप्रिय और हृदयस्पर्शी भारतीय देशभक्ति धुन को शामिल किया गया है। इसके अतिरिक्त, सेना के सभी संगीत दल अब विदेशी धुनों की बजाय भारतीय शास्त्रीय संगीत, लोक संगीत और देश की माटी से जुड़ी देशभक्ति की धुनों को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहे हैं। जब सैन्य वाद्यों से भारतीय राग और लोक धुनें निकलती हैं, तो वे न केवल सैनिकों का मनोबल बढ़ाती हैं बल्कि पूरे देश को एक सांस्कृतिक सूत्र में पिरोने का काम करती हैं।

## प्रेरक प्रसंग

### मोह का नतीजा

एक नदी के किनारे दो मित्र घूम रहे थे। नदी में बाढ़ आ रही थी। बहुत-सी चीजें धारा में बहती दिखाई दे रही थीं।

अचानक एक कम्बल बहता हुआ उधर आया। वह बीच धारा में था। मित्रों में से एक को लालच हो आया। अपने साथी के रोकते रोकते वह पानी में कूद पड़ा।

वह अच्छा तैराक था। जरा-सी देर में कम्बल के पास पहुंच गया। कम्बल पानी में भीगकर बहुत भारी हो गया था। बाढ़ के कारण नदी का बहाव बहुत तेज़ था। उसमें तैरना बड़ा कठिन था। फिर उस भारी कम्बल को लेकर तैरना तो और भी मुश्किल था। वह आदमी जोर लगाकर किनारे की ओर आने की कोशिश करता कि बड़ी-बड़ी लहरें उसे उठाकर तीव्र धारा में पटक देतीं।

किनारे पर खड़े मित्र ने यह देखा तो वह घबरा गया। उसने चिल्लाकर कहा, अरे, कम्बल को छोड़ दो।

लेकिन मित्र का कम्बल के प्रति मोह पैदा हो गया था। मित्र की बात सुनकर उसने कहा, मैं क्या करूं!

मैं तो कम्बल को छोड़ रहा हूं, पर यह कम्बल मुझे नहीं छोड़ रहा है। पानी के तेज बहाव में संघर्ष करते-करते वह थक गया, फिर भी उसने कम्बल को नहीं छोड़ा।

उसे मोह का नतीजा जो होना था, वही हुआ।

उसने कम्बल को नहीं छोड़ा और वह कम्बल के साथ लहरों में समा गया।

मित्र को डूबते देखकर साथी को बड़ा दुःख हुआ। उसके मुंह से निकाला, मोह आदमी को डुबोकर ही चैन लेता है!

## आपका पत्र मिला

### प्लास्टिक जनित कचरे के खिलाफ जागरूकता बढ़े

पर्यटकों द्वारा प्लास्टिक थैलियों, डिस्पोजल ग्लास, पानी की बोतलें, चिप्स आदि की खाद्य थैलियां उपयोग के बाद कचरे के रूप में इधर-उधर फेंक दी जाती है, इससे न केवल पर्यटन स्थल की सुंदरता बिगड़ती है, बल्कि पर्यावरण प्रदूषण फैलता है और स्थल विशेष की पारिस्थितिकी पर भी दुष्प्रभाव पड़ता है। यह प्लास्टिक जनित कचरा भूमि की उर्वरता को बुरी तरह प्रभावित करता है।

इसका निस्तारण आसानी से सम्भव नहीं है, जलाने पर भी यह गम्भीर वायु प्रदूषण का कारण बनता है। यह कचरा आसानी से नष्ट नहीं किया जा सकता, परिणामतः यह दीर्घकाल तक यह थल,जल और वायु प्रदूषण का कारण बना रहता है। इस समस्या का निदान करना प्रकृति के हितों की रक्षार्थ परम् आवश्यक है। रोकथाम हेतु सभी जरूरी और अनिवार्य कदम उठाए जाना चाहिए। इस समस्या के समाधान हेतु कुछ सुझाव है, जिनका अनुसरण कर एक सीमा तक इस समस्या को नियंत्रित किया जा सकता है।

प्लास्टिक की थैलियाँ प्रतिबंधित होने के बावजूद धड़ल्ले से बन रही है, बिक रही है, लोगों द्वारा उपयोग की जा रही है। सर्वप्रथम इनके उत्पादन,विक्रय ,वितरण और उपयोग को समाप्त किया जाए। विकल्प केतौर पर कागज/कपड़े की थैलियों या आसानी से समाप्त होने वाली थैलियों का उपयोग किया जाए। बोतलबंद पानी और पैकेट खाद्य सामग्री के विक्रय को प्रतिबंधित किया जाए, यह किसी भी दृष्टि में पर्यवरण और स्वास्थ्य के लिए हितकारी नही है। इसके लिए लोग स्वयं इस चीजों का उपयोग करना बंद कर दें, और दूसरों को भी इससे होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक करें।

**मोहित सोनी**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं।
**संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrab-harat77@gmail.com*




# ‘संकट कटै मिटै सब पीरा। जो सुमिरै हनुमत बलबीरा॥





## सुंदरकांड में हनुमान सिखाते हैं सफलता के सूत्र



किसी भी क्षेत्र में सफल होने के लिए जरूरी है योग्यता। सबसे पहले आपको अपनी योग्यता का निर्धारण करना है, उसके बाद आपको यह तय करना है कि आप किस क्षेत्र में सफल होना चाहते हैं। रामचरित मानस का पांचवा अध्याय सुंदरकांड सफलता का सबसे बड़ा उदाहरण है। वानरों के सामने एक असंभव सी दिखने वाली चुनौती थी। सौ योजन यानी करीब 400 किमी लंबा समुद्र लांघकर लंका पहुंचने की। जब वानरों के दल में समुद्र लांघने के बात आई तो सबसे पहले जामवंत ने असमर्थता जाहिर की। फिर अंगद ने कहा मैं जा तो सकता हूं लेकिन समुद्र पार करके फिर लौट पाऊंगा इसमें संदेह है। अंगद ने खुद की क्षमता और प्रतिभा पर संदेह जताया। ये आत्म विश्वास की कमी का संकेत है। जामवंत ने हनुमान को इसके लिए प्रेरित किया। हनुमान को अपनी शक्तियों की याद आई और उन्होंने अपने शरीर को पहाड़ जैसा बड़ा बना लिया। आत्म विश्वास से भरकर बोले की अभी एक ही छलांग में समुद्र लांघकर, लंका उजाड़ देता हूं और रावण सहित सारे राक्षसों को मारकर सीता को ले आता हूं। अपनी शक्ति पर इतना विश्वास था हनुमान को। जामवंत ने कहा नहीं आप सिर्फ सीमा मैया का पता लगाकर लौट आइए।

हमारा यही काम है। फिर प्रभु राम खुद रावण का संहार करेंगे। हनुमान ने एक ही उड़ान में समुद्र को लांघ लिया। रास्ते में सुरसा और सिंहिका ने रोका भी लेकिन उनका आत्म विश्वास नहीं डोला। जब हम किसी काम पर निकलते हैं तो अक्सर मन विचारों से भरा होता है। आशंकाएं, कुशंकाएं और भय भी पीछे-पीछे चलते हैं। हम अधिकतर मौकों पर अपनी सफलता को लेकर आश्वस्त नहीं होते।

जैसे ही परिस्थिति बदलती है हमारा विचार बदल जाता है। ये काम में असफलता की निशानी है। अगर आप इन स्थितियों से गुजरते हैं तो साफ है कि आप में आत्म विश्वास की कमी है। सफलता के लिए सबसे जरूरी है आत्म विश्वास। जब तक हम खुद पर ही भरोसा नहीं करेंगे, हमारे प्रयास कभी सौ फीसदी नहीं होंगे।

## दूसरों की धन-संपत्ति देखकर नीयत खराब न करें : स्वामी विवेकानंद



सुखी और सफल जीवन के लिए पैसों के साथ ही ईमानदारी और आत्म सम्मान बहुत जरूरी है। इन गुणों के साथ ही हमें दूसरों की धन-संपत्ति देखकर अपनी नीयत खराब नहीं करनी चाहिए। ये बात स्वामी विवेकानंद जी के एक किस्से से समझ सकते हैं।

प्रचलित किस्से के अनुसार एक दिन किसी व्यक्ति ने स्वामी जी से पूछा कि आप तो संन्यासी हैं, वैरागी हैं और आप कहते रहते हैं कि पैसा कमाओ, लेकिन आप ये बताएं कि हमें पैसा क्यों कमाना चाहिए। विवेकानंद जी ने उस व्यक्ति कि मैं दो प्रकार के धन कमाने के कहता हूं। एक धन वह है, जिससे घर-संसार चलता है और दूसरा धन वह है, जिससे हमारा चरित्र बनता है। स्वामी जी ने अपनी बात समझाने के लिए उस व्यक्ति को एक कहानी सुनाई। एक सेठ अपने नौकर के साथ ऊंट खरीदने गया। उसने मंडी में एक ऊंट पसंद किया और उसे खरीदकर अपने घर लेकर आ गया। सेठ ने ऊंट की पीठ से गादी हटाई तो वहां एक पोटली दिखाई दी।

उस पोटली में देखा तो उसमें हीरे थे। सेठ समझ गया कि ये हीरे ऊंट के पुराने मालिक के हैं, जिससे ऊंट खरीदा है। पोटली में हीरे देखकर नौकर ने कहा कि हमें तो ऊंट के साथ हीरे भी मिल गए हैं। सेठ ने नौकर से कहा कि हमने तो सिर्फ ऊंट खरीदा है, हीरे नहीं, इसलिए ये पोटली ऊंट के व्यापारी को वापस देनी होगी।

अगले दिन सेठ ऊंट बेचने वाले व्यापारी के पास पहुंच गया और हीरों की थैली लौटा दी। ऊंट के व्यापारी ने कहा कि आप तो बहुत ईमानदार हैं। ये कीमती हीरे हैं, मैं रखकर भूल गया था। आपकी नीयत एकदम साफ है। अपनी ईमानदारी के लिए आप इसमें से एक हीरा रख लीजिए। सेठ ने कहा कि मुझे ये हीरा नहीं चाहिए। मैंने किसी भेंट के लिए ये पोटली आपको नहीं दी है। मेरा कर्तव्य था, मैंने आपको ये थैली दे दी। हीरों के मालिक ने सेठ को हीरा देने की बहुत कोशिश की, लेकिन सेठ ने हीरा नहीं लिया।

जब हीरों के मालिक ने बार-बार निवेदन किया तो सेठ ने कहा कि मैंने पहले से ही दो हीरे रख लिए हैं। इसलिए अब एक और हीरा नहीं चाहिए।

ये बात सुनते ही हीरों के मालिक को गुस्सा आ गया। उसने कहा कि मैं तो आपको ईमानदार समझ रहा था, लेकिन आपने तो पहले से ही हीरे रख लिए हैं।

हीरों के मालिक ने तुरंत ही पोटली में से हीरे निकाल कर गिनना शुरू कर दिए। उस थैली में 50 हीरे थे, गिनने के बाद उसे पूरे 50 हीरे मिल गए। हीरों के मालिक ने कहा कि थैली में तो पूरे हीरे हैं, आप किन दो हीरों की बात कर रहे हैं।

ऊंट खरीदने वाले सेठ ने कहा कि मेरे ये दो हीरे हैं ईमानदारी और आत्म सम्मान। ये दो हीरे मैंने पहले से बचाकर रखे हैं, इसलिए आपके पूरे 50 हीरे आपको वापस मिल गए है। ये कहानी सुनाने के बाद विवेकानंद जी ने उस व्यक्ति को समझाया कि हमें धन कमाना चाहिए, लेकिन ईमानदारी और आत्म सम्मान बनाए रखना चाहिए। दूसरों की धन-संपत्ति देखकर हमें हमारी नीयत खराब नहीं करनी चाहिए।

### मूर्तिपूजा का औचित्य

अलवर के दीवान राजा मंगल सिंह ने विवेकानंद को मुलाकात के लिए 1891 में बुलावा भेजा। मंगल सिंह ने विवेकानंद से कहा कि ÷स्वामीजी ये सभी लोग मूर्तिपूजा करते हैं। मैं मूर्तिपूजा में यकीन नहीं करता। मेरा क्या होगा? पहले तो स्वामीजी ने कहा कि ÷हर किसी को उसका विश्वास मुबारक।

फिर कुछ सोचते हुए स्वामीजी ने राजा का चित्र लाने के लिए कहा। जब दीवार से उतारकर राजा का तैल चित्र लाया गया तो स्वामीजी ने दीवान से तस्वीर पर थूकने के लिए कहा। दीवान उनकी बात से अजीब निगाहों से उन्हें देखने लगे। तब स्वामी जी ने कहा कि यह तो मात्र एक कागज का टुकड़ा है फिर भी आपको इसमें हिचक महसूस हो रही है क्योंकि आप सबको पता है कि ये आप के राजा का प्रतीक है? स्वामीजी ने राजा से कहा, ÷आप जानते हैं कि ये केवल चित्र है फिर भी इस पर थूकने पर आप अपमानित महसू करेंगे। यही बात उन सभी लोगों पर लागू होती है जो लकड़ी, मिट्टी और पत्थर से बनी मूर्ति की पूजा करते हैं। वो इन धातुओं की नहीं बल्कि अपने ईश्वर के प्रतीक की पूजा करते हैं।

## शाम के समय मुख्य द्वार पर दीपक जलाने से मिलते हैं कई लाभ

ईश्वर के प्रति अपना सम्मान प्रकट करने का सभी को अलग-अलग तरीका होता है। हिंदू धर्म में पूजा को ईश्वर का आराधना का जरिया माना गया है। पूजा के दौरान



दीपक जलाना भी एक जरूरी प्रक्रिया है। ऐसे में यदि आप रोजाना मुख्य द्वार पर दीपक जलाते हैं तो इससे लक्ष्मी मां की कृपा आपके परिवार पर बनी रहती है। ऐसे में इन दौरान कुछ बातों का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। **इस समय जलाएं दीया :** शाम के समय मुख्य द्वार पर दीपक जलाने से व्यक्ति को बहुत से लाभ मिलते हैं। इससे नकारात्मकता दूर होती है। साथ ही इससे राहु का दुष्प्रभाव भी कम हो सकता है। ऐसे में शाम को घर के मुख्य द्वार पर दीपक जलाने के लिए सबसे उत्तम समय शाम के 6 से 8 बजे के बीच का माना गया है।

**यहां रखें दीया :** धार्मिक ग्रंथो के अनुसार शाम के समय दीपक को मुख्य द्वार पर जलाना बहुत-ही शुभ माना गया है। द्वार पर दीये को इस प्रकार रखें कि जब आप बाहर निकलें तो दीपक आपके दाहिनी ओर हो और दीए का बाती बाहर की ओर होनी चाहिए।

**ऐसी होनी चाहिए बाती :** आप घर के मुख्य द्वार पर सरसों के तेल या गाय के घी का दीपक जला सकते हैं। यदि आप मुख्य द्वार पर तेल का दीपक जला रहे हैं, तो इसके लिए रुई के स्थान पर लाल धागे का इस्तेमाल करना ज्यादा शुभ माना जाता है। **इन बातों का रखें ध्यान :** मुख्य द्वार पर दीपक जलाने के लिए कभी भी खंडित दीपक का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। वरना इससे अशुभ परिणाम भी प्राप्त हो सकते हैं।

## घर में इन जगहों पर रखें ठाकुर जी की बांसुरी, दूर होंगे सारे कष्ट



वास्तु का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। इसके जरिए हम अपने घर में एक खुशनुमा माहौल कायम कर सकते हैं और नकारात्मक ऊर्जा को दूर कर सकारात्मक ऊर्जा का संचार कर सकते हैं। मान्यता है कि प्राचीन काल में केवल हिंदू और बौद्ध धर्म के लोग ही वास्तु शास्त्र के नियम अपनाते थे लेकिन आधुनिक युग में सभी लोग सुख शांति, समृद्धि और खुशहाल जीवन व्यतीत करने के लिए वास्तुशास्त्र को अपना रहे हैं। लेकिन कुछ ऐसे भी लोग है जो वास्तु के नियम पर नहीं चलते। जिस कारण उन्हें काफी सारी परेशानियों से गुजरना पड़ता है। जिसका कारण है घर में वास्तु दोष का होना। जिसे आप भगवान श्री कृष्ण की बांसुरी से दूर कर सकते है। **फैलाए सकारात्मकता :** घर में बांसुरी रखने से सकारात्मकता ऊर्जा आती है। वास्तु का कहना है कि जो लोग घर में बांसुरी रखते है उनके घर और परिवार में परस्पर प्रेम और उल्लास की भावना सदैव बना रह सकता है। साथ ही आप कार्य में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। वास्तु में यह मानयता है कि बांसुरी को हमेशा नजर पड़ने वाले स्थान पर ही रखना चाहिए।

## वास्तु टिप्स : इन पौधों को घर में लगाने से बढ़ सकती हैं आपकी दिक्कतें

यदि घर की हर चीज को वास्तु शास्त्र के अनुसार रखा जाए, तो घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहती है। घर में पेड़-पौधे लगाते समय भी वास्तु का ध्यान रखा जाना जरूरी है, इससे व्यक्ति के सौभाग्य के रास्ते खुलते हैं। लेकिन वहीं कुछ पौधों को अशुभ भी माना गया है। आइए जानते हैं वास्तु के अनुसार किन पौधों को घर के अंदर नहीं रखना चाहिए। न रखें सूखे हुए पौधे : अगर आपके घर में लगा कोई पौधा सूख जाता है या मुरझाया जाता है तो इसे एक अशुभ संकेत माना जाता है। साथ ही यह घर में किसी नकारात्मक ऊर्जा होने का भी संकेत देते हैं। ऐसे में व्यक्ति के हर काम में रुकावट आने लगती है। इसलिए ऐसी स्थिति में इन पौधों को घर से बाहर कर देना चाहिए। इसमें होता है बुरी आत्माओं का वास : वैसे तो मेहंदी के पौधे में बहुत-से गुण पाए जाते हैं, लेकिन फिर भी इसे घर के अंदर लगाना शुभ नहीं माना जाता। ऐसा माना जाता है कि इस पौधे में बुरी आत्माओं का वास होता है यही कारण है कि मेहंदी के पौधे को घर



में लगाने की मनाही है। तरक्की में आ सकती है रुकावट : वास्तु शास्त्र के अनुसार घर में बोनसाई का पौधा रखना शुभ नहीं माना गया। वास्तु शास्त्र की मानें तो यह पौधा व्यक्ति की तरक्की में रुकावट पैदा कर सकता है। ऐसे में इसे घर के अंदर बिल्कुल नहीं लगाना चाहिए। आप चाहे तो इसे घर के बाह लगा सकते हैं। दुर्भाग्य लाता है यह पौधा : कई लोग घर में कैक्टस का पौधा लगाते हैं, लेकिन वास्तु शास्त्र में कांटेदार पौधों को घर में लगाना शुभ नहीं माना गया। ऐसे में घर में कैक्टस का पौधा भी नहीं लगाना चाहिए, वरना यह पौधा दुर्भाग्य ला सकता है। जिससे घर-परिवार में तनाव और चिंता की स्थिति पैदा होने लगती है। वहीं कपास का पौधा भी घर के अंदर लगाना शुभ नहीं माना गया।

## गुरुवार के दिन व्रत रखने का महत्व क्या है, व्रत कथा

हिंदू धर्म में गुरुवार को बृहस्पतिवार कहा जाता है, और इस दिन गुरुदेव की पूजा करने से शुभ फल प्राप्त होता है. गुरुवार को बृहस्पति ग्रह का दिन माना जाता है. इस दिन गुरुदेव की विशेष पूजा करने से भक्त को बुद्धि, ज्ञान, और सफलता की प्राप्ति होती है। गुरुवार व्रत की कई कथाएं प्रचलित हैं उनमें से ही एक कथा हम आपको बता रहे हैं। वैसे गुरुवार व्रत की विधि सरल होती है। इस दिन किसी भी केले के पेड़ के सामने बैठकर हाथ में हल्दी चने की दाल लेकर व्रत कथा पढ़नी या सुननी चाहिए। जो भी लोग धार्मिक महत्व के बारे में जानते हैं वो इस दिन केले का सेवन नहीं करते और पीले रंग के कपड़े पहनते हैं. इतना ही नहीं खाने में भी पीले रंग का ही प्रयोग करते हैं।



### गुरुवार की व्रत कथा

एक समय की बात है, एक गाँव में एक ब्राह्मण थे जिनका नाम श्रीधर था। श्रीधर बड़े भक्तिभाव से गुरुदेव की पूजा करते थे। वह गुरुवार को गुरुदेव की विशेष पूजा करने के लिए व्रत रखते थे। एक दिन, गाँव के एक दरिद्र व्यक्ति ने श्रीधर के पास आकर भीख मांगी। श्रीधर ने अपनी दानशीलता का परिचय दिया और उसे भोजन के लिए अपने साथ बुलाया।

वह दरिद्र व्यक्ति बड़े खुश होकर श्रीधर के साथ भोजन करने लगा। भोजन के दौरान, श्रीधर ने उससे गुरुदेव के प्रति अपनी भक्ति की बातें सुनाई। वह दरिद्र व्यक्ति भी गुरुदेव के प्रति श्रद्धाभाव से भरा हुआ था। भोजन के बाद, दरिद्र व्यक्ति ने श्रीधर से विनती की, भगवान, मैं एक गरीब आदमी हूँ और मेरे पास और कोई साधन नहीं है। कृपया मुझे कोई ऐसा उपाय बताएं जिससे मेरी दुर्दशा सुधरे और मैं सफल हो सकूं। श्रीधर ने उसे गुरुवार व्रत के महत्व के बारे में बताया और उसे साक्षात गुरुदेव की पूजा करने का उपदेश दिया। दरिद्र व्यक्ति ने श्रीधर की सीखों का पालन करते हुए गुरुवार को गुरुदेव की पूजा करना शुरू किया। विशेष रूप से गुरुवार को गुरुदेव की आराधना करने से, उसकी दुर्दशा में सुधार हुआ और उसका जीवन परिवर्तित हो गया। वह धनवान और सुखी हो गया। इस कथा से हमें यह सिखने को मिलता है कि गुरुवार को गुरुदेव की पूजा करना हमें ज्ञान, बुद्धि, और सफलता में मदद कर सकता है।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

### दैनिक पंचांग लखनऊ मंगलवार, 16 जून 2026

श्री शुभ सम्वत् 2083 शके1948 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ ज्येष्ठ मासोत्तमे शुक्ल पक्षे, द्वितीया तिथौ मंगल वासरे 24/53/ आर्दा नक्षत्रे 16/13/ वृद्धि योग 24/35/ बालव करणे 14/40/ मिथुन राशिगत चन्द्रमा घं. मि. पर।

व्रत एवं त्यौहार- द्वितीया (शुद्ध) ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्षारम्भ।

**मेष :** अधिकारी से विरोध होगा। कार्य क्षेत्र की स्थिति तनावपूर्ण होगी। कार्य की आलोचना संभव है। पारिवारिक व्यय बढ़ेगा।

**वृष :** दैनिक कार्यों में व्यस्त रहेगे। आर्थिक कमी के चलते पारिवारिक तनाव धैर्य से विपरीत परिस्थितियों में सुधार होगा।

**मिथुन :** किसी शुभ सूचना से स्थिति में सुधार होगा। आमोद प्रमोद में रुचि लेंगे। संतान की ओर से प्रसन्नता रहेगी।

**कर्क :** विरोधी शिथिल होंगे। किसी पड़ोसी के विषय में कानूनी उलझन कष्ट देंगी। बिना सोचे कार्य में पछतावा होगा।

**सिंह :** अधूरे काम पूरे होंगे। महत्वपूर्ण चर्चाएं होंगी। अपने विचारों के अनुरूप वातावरण का निर्माण करना चाहेंगे।

**कन्या :** कार्य व्यापार में सामान्य प्रगति। पुरानी समस्याओं का समाधान। आर्थिक योजना में पूंजी निवेश कर सकते हैं।

**तुला :** व्यापार में सावधानी से कदम उठाएं। हानि संभावित है। कार्यक्षेत्र में अधिकारी से व्यवहार में सावधानी रखें। मतभेद की संभावना है।

**वृश्चिक :** घरेलू निर्णय के विषय में किसी सूचना से विचलित होंगे। वातावरण में सुधार होगा। असंतोष दूर होगा। जीवनसाथी के व्यवहार से परेशान होंगे

**धनु :** अधीनस्थों से उपेक्षा मिलेगी। संभव है कुछ खोना पड़े। महत्वपूर्ण परिचय तथा आर्थिक आश्वासन का लाभ उठा सकते हैं। अधूरे काम पूरे होंगे।

**मकर :** पारिवारिक जीवन में सुख सहयोग विशेष रहेगा। विरोधी के व्यवहार में सुधार आएगा। शुभ मांगलिक कार्यों में सम्मिलित होने से प्रसंन्नता भी बढ़ेगी।

**कुंभ :** स्वास्थ्य नरम होगा। काम में स्थिरता रहेगी। निकट के मित्रों से मेलजोल होगा। शत्रु सक्रिय होंगे। शत्रुओं से निपटना पड़ सकता है।

**मीन :** संचित धन में कमी होगी लेकिन लाभ अन्य वस्तु के रूप में प्राप्त होगा। एकाएक बनते हुए कार्यों में व्यवधान पैदा होंगे। मेहनत से आय होगी।

## शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए-डा. राजागणपति आर.

( स्वतंत्र भारत )

सीतापुर । राजस्व कार्यों, कर-करेत्तर राजस्व वसूली, सीएम डेस्क बोर्ड तथा मुख्यमंत्री कृषक




दुर्घटना कल्याण योजनान्तर्गत प्राप्त आवेदनों के निस्तारण हेतु गठित समिति की बैठक जिलाधिकारी डा. राजागणपति आर. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को शासन की मंशा के अनुरूप समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने राजस्व वादों के निस्तारण, वरासत, नामांतरण, सीमांकन, आय, जाति एवं निवास प्रमाण-पत्रों के निर्गमन, भू-विवादों के समाधान तथा तहसीलवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसामान्य से जुड़े राजस्व मामलों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए। कर-करेत्तर राजस्व की समीक्षा के दौरान विभागवार प्राप्तियों एवं लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति का परीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को राजस्व वसूली में तेजी लाने, बकाया देयों की प्रभावी वसूली सुनिश्चित करने तथा निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत प्राप्ति हेतु विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। सीएम डेस्क बोर्ड के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों एवं संदर्भों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री कार्यालय एवं अन्य उच्च स्तरीय संदर्भों का निस्तारण पूरी गंभीरता, तथ्यपरकता एवं गुणवत्ता के साथ किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए तथा प्रत्येक प्रकरण का स्थलीय सत्यापन कर संतोषजनक आख्या प्रस्तुत की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समय से पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

सभी अधिकारी विभागीय कार्यों की नियमित समीक्षा करें तथा जनहित से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता एवं उत्तरदायित्व के साथ कार्य करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी आयुष चौधरी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक खादिल अंजुम, नगर मजिस्ट्रेट मीनाक्षी पाण्डेय, संबंधित उप जिलाधिकारी, सहित संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## पुलिस ने शातिर चोर को मय माल के साथ किया गिरफ्तार

( स्वतंत्र भारत )

सीतापुर। महमूदाबाद कोतवाली पुलिस युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी किए गए ४९ सौ रुपए की नकदी, बैग व अवैध तमंचा मय कारतूस बरामद किया है। पकड़ा गया युवक शातिर किस्म का अपराधी है और उसके ऊपर लखनऊ व सीतापुर में सात मुकदमें दर्ज हैं। कोतवाली के एसआई विनोद गिरि, शैलेंद्र कुमार, एचसीपी विशाल गुप्त, आरक्षी चंद्र प्रकाश, प्रशांत की टीम मुखबिर की सूचना पर शनिवार की रात करीब आठ बजे गश्त पर थे। तभी नूरपुर-अगैय्या मार्ग पर एक आटो आता दिखाई दिया। टोकने पर आटो छोड़ चालक भागने लगा जिसे पुलिस टीम द्वारा दौड़ाकर पकड़ लिया गया। तलाशी लेने पर युवक के पास से एक अवैध तमंचा, कारतूस तथा बैग में रखे ४९२० रुपए व पैंट शर्ट व बरामद हुए। पूछताछ में युवक ने अपना नाम रेउसा के




कलिमापुर के जितेंद्र मिश्र उर्फछोटू पुत्र प्रेम प्रकाश बताया। पकड़े गए युवक ने बताया कि उसने चार जून को बाइपास मार्ग से आटो सवार से छीना था। कोतवाल भानु प्रताप सिंह ने बताया कि आटो से पैसे छीने जाने के संबंध में कोतवाली में चार जून को बिसवां के मिर्जापुर के गुलशन के भाई विशाल कुमार ने मुकदमा दर्ज कराया था। विशाल ने बताया कि वह लखनऊ में महनत मजदूरी करता है। उसने घर पैसे भेजने के लिए भाई गुलशन को बुलाया था। गुलशन चार जून की शाम को लखनऊ से आटो ई-रिक्शा पर सवार होकर महमूदाबाद आ रहा था। रास्ते में सभी सवारियां उतर गईं तो क्रासिंग के निकट बायपास के किनारे आटो रोक चालक ने पेशाब करने को कहा। गुलशन ज्योंही पेशाब करने के लिए उतरा तो बैग रखा आटो लेकर चालक भाग निकला था किंतु गुलशन ने आटो नंबर नोट कर लिया था। गुलशन के मुताबिक बैग में २० हजार रुपए व पुराने कपड़े थे। कोतवाल ने बताया कि पकड़े गए युवक पर लखनऊ के गुड़म्बा में एक, मड़ियांव में दो, सीतापुर के रेउसा में तीन व महमूदाबाद में एक केस दर्ज है। युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## हिन्दू धर्म की महिलाओं व बाबा बागेश्वर धाम के भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने के आवाहन पर अभद्र टिप्पणी करने वाले कासिफखान पर केस दर्ज

( स्वतंत्र भारत )

सीतापुर। सदरपुर के रंडा खुर्द के युवक ने सऊदी अरब से इंस्टग्राम पर एक वीडियो पोस्ट पर हिन्दू



धर्म की महिलाओं व बाबा बागेश्वर धाम के भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने के आवाहन पर अभद्र टिप्पणी करने को लेकर ट्वीटर पर प्रसारित की गई वीडियो का संज्ञान लेकर आईजी ने पुलिस अधीक्षक को मामले में कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। आईजी की फ्टकार के बाद तीन दिन से आरोपी को बचाने में जुटी पुलिस ने शनिवार की रात गंभीर धाराओं में केस दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस युवक का पासपोर्ट रद्द करने की तैयारी भी कर रही है। उधर एफ्आईआर दर्ज होने के बाद हिंदूवादी संगठन आरोपी को जेल भेजने के साथ स्थानीय पुलिस भूमिका की जांच कराए जाने की मांग करने लगे हैं। सदरपुर के रंडा खुर्द के कासिफ खान पुत्र मोहम्मद ने इंस्टाग्राम पर वीडियो प्रसारित कर बाबा बागेश्वर धीरेंद्र शास्त्री द्वारा भारत को हिंदू राष्ट्र बनाए जाने के आवाहन का मजाक बनाते हुए रील बनाकर धीरेंद्र शास्त्री व हिंदू धर्म की महिलाओं के खिलाफ बेहद आपत्तिजनक टिप्पणी समेत कई अन्य दंगा भड़काऊ सामग्री वाले वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित किए गए थे। ट्वीटर पर वीडियो प्रसारित होने के बाद पुलिस तीन दिन से कासिफ को थाने पर बिठाए थी और मामले को थाने से ही निपटाने का प्रयास कर रही थी। मामले में कार्रवाई न होती देख धार्मिक संगठनों के लोगों ने उच्चाधिकारियों से वार्ता कर मामले में प्रभावी कार्रवाई किए जाने की मांग की थी। शनिवार की शाम कासिफद्वारा प्रसारित वीडियो आईजी को भेजते हुए पुलिस की लापरवाही की शिकायत दर्ज कराई गई। आईजी ने प्रसारित वीडियो को संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक को गंभीर धाराओं में केस दर्जकर कड़ी कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। आईजी के निर्देश पर एसपी ने थानाध्यक्ष को फ्टकार लगाते हुए मामले में तत्काल केस दर्जकर कड़ी कार्रवाई का आदेश दिया। एसपी के आदेश पर आरोपी को बचाने में जुटी सदरपुर पुलिस को आखिरकार बीएनएस की धारा १९६(१)(ए), १९७(१)(सी), २९९, ३५३(३) के तहत केस दर्ज करना पड़ा। सीओ वेद प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि हिंदू धर्म के लोगों पर अभद्र टिप्पणी करने वाले युवक कासिफ के खिलाफ संदीप बजरंगी की तहरीर पर चार धाराओं में केस दर्जकर मामले की जांच की जा रही है। आरोपी के पासपोर्ट को रद्द करने की रिपोर्ट भी उच्चाधिकारियों के माध्यम से भेजी जा रही है।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग सप्ताह का हुआ शुभारम्भ योग करने से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है-राकेश राठौर गुरू

( स्वतंत्र भारत )

सीतापुर। पुलिस लाइन स्थित सरदार बल्लभभाई पटेल ओपेन हाल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित योग सप्ताह का शुभारम्भ नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू, जिलाध्यक्ष भाजपा राजेश शुक्ला, जिलाधिकारी डा. राजागणपति आर. ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करने के साथ ही मुख्य विकास अधिकारी डा. दीक्षा जोशी सहित उपस्थित सभी जनों द्वारा योगा किया गया। इस अवसर पर नगर विकास राज्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार के १२ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर ०५ जून २०२६ से २१ जून २०२६ के मध्य विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं, जिसमें आज योग दिवस सप्ताह का आयोजन किया



गया है। योग करने से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है और मानसिक शांति का अनुभव होता है। हम सभी को प्रतिदिन योग करना चाहिये। प्रधानमंत्री ने इस योग कार्यक्रम को बढ़ावा दिया है और सभी को योग करने हेतु प्रेरित भी किया है। २१ जून को भव्य योग दिवस का आयोजन किया जायेगा, जिसमें सभी लोगों बढ़चढ़कर हिस्सा लेना चाहिये। जिलाध्यक्ष भाजपा राजेश शुक्ला ने योग के माध्यम से स्वस्थ, संतुलित एवं निरोगी जीवन के महत्व पर प्रकाश डाला तथा सभी से नियमित योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा को जोड़ने वाली भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है।

## पूरे सीजन की आवश्यकता की उर्वरक एक साथ बुक न करें किसान-संजीव कुमार

(स्वतंत्र भारत)

सीतापुर। जनपद के समस्त किसान भाइयों को सूचित किया जाता है कि १५ जून २०२६ से उर्वरक बिक्री के लिए फ्रेमवर्क फार फर्टिलाइजर ऐप के माध्यम से बुकिंग के पश्चात उर्वरक (यूरिया, डी०ए०पी० एवं एन०पी०के०) प्राप्त किया जायेगा। यदि किसी किसान भाई को निजी दुकान से उर्वरक बुकिंग करने अथवा उर्वरक प्राप्त करने में समस्या होती है तो अपने विकास खण्ड के निम्न विवरणानुसार सहायक विकास अधिकारी (कृषि) तथा सहकारी समिति से उर्वरक क्रय करने में समस्या आती है तो अपने विकासखण्ड के सहायक विकास अधिकारी (सहकारिता) से सम्पर्क कर सकते है। जिनके विवरण के अनुसार खैराबाद के हरिशंकर ८३०३८८३६३८, प्रियंका तिवारी ७५१८६१८४०१, ऐलिया के सच्येन्द्र कुमार ७००७५४४१४७, उमाकान्त त्रिवेदी ७००७०३८९६१, हरगांव के संदीप कुमार ७९०५३२९१९९, उमाकान्त त्रिवेदी ७००७०३८९६१, लहरपुर के राजकुमार वर्मा ८५४६००२३१२, सिद्धार्थ कुमार आर्य ९४१५०९३८८६, बेहटा के संदीप कुमार ८९५३५०५०७७,



सिद्धार्थ कुमार आर्य ९४१५०९३८८६, परसेण्डी के शिवरतन ९६९६३७८७९२, सुशील कुमार शुक्ला ६३९३२०१३२९, बिसवां के रविन्द्र कुमार ९४५४४५०४२३, सत्येन्द्र कुमार त्रिपाठी ९४१५५३२९२६, सकरन के रबी प्रकाश८३१८८७६४८८, सत्येन्द्र कुमार त्रिपाठी ९४१५५३२९२६, रेउसा के सुनील कुमार मौर्य ९९१९२२३९११, सत्येन्द्र कुमार त्रिपाठी ९४१५५३२९२६, महमूदाबादके विनोद कुमार यादव ९५९८१५२९७८, आलोक सक्सेना ७९०५६५९१७२, पहला के सुरेश कुमार ७३९८८५२६८८, आलोक सक्सेना ७९०५६५९१७२, रामपुरमथुरा के पंकज कुमार ९४१५३६४८१२, आलोक सक्सेना ७९०५६५९१७२, सिधौली के संतोश कुमार यादव ९१४०७८७७८९, अनिल कुमार शुक्ला ७५१८६१८४०१, कसमण्डा के कमरूद्दीन ७००७१८७७४०, राजेश कुमार गुप्ता ७९८५३५०९९०, गोंदलामऊ के प्रमोद कुमार सोलंकी ९८३९२२८६०९, अनिल कुमार शुक्ला ७५१८६१८४०१, मिश्रिख के जयप्रकाश ९१७०५३६९६७, अमित कुमार अवस्थी ९४५०८५९२९९, मछरेहटा के संजीव कुमार ८४१०५९८३६४, मयंक बाजपेई ९४५३३५६५२३, महोली के हरिओम शुक्ला ९८१६९०५२०९, मंजेश कुमार ९५६५६६३५९७, पिसावां के जावेद अख्तर ८००९८९६९२१, शशिकान्त द्विवेदी ९९१९८३२१०७ शामिल हैं। इसके अतिरिक्त सभी किसान भाईयों से यह भी अनुरोध किया है कि पूर्व में खरीफ२०२६ में उर्वरकों का क्रय कर चुके है, वह मात्रा बुकिंग करते समय घटाकर ही बुक करें, अन्यथा की स्थिति में दुकान/समिति पर जाने पर सम्बन्धित दुकानदार अथवा सचिव द्वारा कम कर दिया जायेगा साथ ही यह भी अनुरोध करना है कि पूरे सीजन की आवश्यकता की उर्वरक एक साथ बुक न करें, क्योंकि उर्वरकों की आपूर्ति माहवार ही होती है। इसलिये कम से कम दो या तीन बार में अपनी आवश्यकतानुसार उर्वरकों की बुकिंग करें। जिलाधिकारी डा. राजागणपति आर०, मुख्य विकास अधिकारी डा० दीक्षा जोशी एवं अपर जिलाधिकारी आयुष चौधरी द्वारा जनपद के फुटकर उर्वरक विक्रेताओं, थोक विक्रेताओं तथा उर्वरक प्रदायकर्ता कम्पनी के अधिकारियों के साथ नयी उर्वरक वितरण प्रणाली/व्यवस्था के संदर्भ में विस्तृत जानकारी की गयी तथा सभी से नयी व्यवस्था में कृषकों का सहयोग करने हेतु निर्देशित किया गया तथा जिलाधिकारी द्वारा सभी उर्वरक विक्रताओं को सख्त निर्देष दिये गये कि कृषकों को निर्धारित दर पर बिना किसी टैंगिग के उर्वरक उपलब्ध कराया जाये, यदि कहीं से कोई शिकायत प्राप्त होती है तो सम्बन्धित के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी। सभी विक्रेताओं को अपने दुकान का नाम लिखने, लाईसेंस को डिस्प्ले करने, स्टाक बोर्ड एवं रेट बोर्ड को प्रतिदिन सुबह-शाम अपडेट करने तथा स्टाक एवं बिक्री रजिस्टर को अद्यतन करने हेतु द्वारा सख्त निर्देश दिये गये। समीक्षा बैठक में डा. एस.के. सिंह उप कृषि निदेशक , संजीव कुमार जिला कृषि अधिकारी , शिवशंकर जिला कृषि रक्षा अधिकारी तथा संजीव कुमार तिवारी सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता उपस्थित रहे।

## आरोग्य मेला में मरीजों का किया गया परीक्षण

( स्वतंत्र भारत )

अटरिया-सीतापुर। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अटरिया में को आरोग्य मेला लगा जिसमें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अटरिया के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. राहुल सिंह चौहान व डाक्टर प्रहलाद सिंह सहित स्टाफ



प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मौजूद रहा वहीं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अटरिया के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी राहुल सिंह चौहान ने कई मरीजों को देखा जिसमें सबसे ज्यादा टीवी बुखार से पीड़ित व अन्य बीमारियों से ग्रसित मरीजों को प्रभारी चिकित्सा अधिकारी राहुल सिंह चौहान द्वारा देखा गया तथा इस भीषण गर्मी में मरीजों को लू से बचने के बारे में भी बताया।

## सरांयन नदी के बगुलापारा घाट एवं पनहरिया घाट पर स्थित पान्टून पुल का आवागमन 15 से बंद

( स्वतंत्र भारत )

सीतापुर। अधिशासी अधिकारी निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि ब्लाक गोंदलामऊ विधान सभा सिधौली के अन्तर्गत सरांयन नदी के बगुलापारा घाट एवं पनहरिया घाट पर स्थित पान्टून पुल को लोक निर्माण में निहित प्राविधान/निकट मानसून सत्र को दृष्टिगत रखते हुए १५.०६.२०२६ की सायंकाल से आम जनमानस का आवागमन बन्द कर दिया जायेगा।

## जन कल्याण शिविर का हुआ आयोजन

( स्वतंत्र भारत )

सीतापुर। महमूदाबाद ब्लाक परिसर में केंद्र सरकार के १२ वर्ष व प्रदेश सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रविवार को जन कल्याण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक आशा मौर्या की अनुपस्थिति में शिविर का उद्घाटन कार्यक्रम संयोजक मंडल अध्यक्ष कमलेश राजपूत ने फीता काटकर किया। शिविर में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, पंचायत, समाज कल्याण, पशुपालन, सहकारिता, विकास सहित एक दर्जन से अधिक विभागों के स्टाल लगाकर जनता के लिये चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गयी। अधिकारियों ने मौके पर ही ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और कई मामलों का तत्काल निस्तारण किया। पात्र लाभार्थियों को योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही आवेदन पत्र भी भरवाए गए।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा नि:शुल्क जांच शिविर लगाया गया और दवाएं वितरित की गईं। इस अवसर पर बीडीओ महमूदाबाद प्रतिभा जायसवाल, एडीओ पंचायत ज्ञानेंद्र सिंह, मंडल पदाधिकारी राजेश जायसवाल, महामंत्री राकेश गुप्त, राजेंद्र राजपूत, नगर मंत्री किरन यादव सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## विश्व रक्तदाता दिवस पर आकाश अग्रवाल बजरंगी ने 65वीं बार व उनकी सुपुत्री नैनी अग्रवाल ने दूसरी बार किया रक्तदान

( स्वतंत्र भारत )

सीतापुर। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री एवं संजीवन ट्रस्ट के संस्थापक आकाश अग्रवाल बजरंगी ने ६५वीं बार स्वैच्छिक रक्तदान कर समाज के सामने सेवा और मानवता का प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया। श्री अग्रवाल वर्षों से नियमित रूप से रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों के जीवन बचाने के अभियान से जुड़े हुए हैं। उनके इस अनुकरणीय कार्य से अनेक युवा रक्तदान के प्रति जागरूक होकर इस महादान में सहभागी बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है, क्योंकि एक यूनिट रक्त कई लोगों को नया जीवन प्रदान कर सकता है।इस अवसर पर उपस्थित



लोगों ने उनके सेभाव की सराहना करते हुए कहा कि समाज के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और मानवता की सेवा के लिए समर्पण सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। विश्व रक्तदाता दिवस पर उन्होंने सभी स्वस्थ नागरिकों से नियमित रूप से रक्तदान करने तथा जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आने का आह्वान किया।

## बाईकों की लगातार हो रही चोरियों से व्यापारियों व अधिवक्ताओं में आक्रोश

( स्वतंत्र भारत )

महमूदाबाद-सीतापुर। नगर से दो माह में गायब हुई १५ बाइकों की चोरी के बाद व्यापारियों के साथ अधिवक्ताओं में आक्रोश व्याप्त है। नागरिक पुलिस की लचर गश्त व्यवस्था पर आक्रोश व्यक्त कर रहे हैं। महमूदाबाद कस्बे से छह अप्रैल को सुभाष नगर के मो. जावेद की घर के पास खड़ी अल्टो कार को बदमाशों ने पार कर दिया। सात अप्रैल को महमूदाबाद के खालिद की बाइक बदमाशों ने रेलवे स्टेशन के सामने स्थित होटल के सामने से पार कर दी थी। १३ अप्रैल को किसी काम से तहसील आए सदरपुर के केवलपुर के असलम की बाइक गायब हो गई थी। १७ अप्रैल को पेशी पर हाजिरी देने आए रामपुर मथुरा के भागीपुर के प्रमोद कुमार की बाइक चोरी हो गई थी। २५ अप्रैल को महमूदाबाद के बीबीपुर के मो. सुहैल की बाइक को बदमाशों ने घर के सामने से पार कर दिया था। तीन जून को कोतवाली आए मानपुर परसेहरा के मुकेश की बाइक कोतवाली के सामने से चोरी हो गई। इसी दिन सदरपुर के महुआडाड़ा के पंकज कुमार की बाइक डाकघर के सामने से चोरी हो गई। चार जून को पैगंबरपुर के अफ्सर की बाइक गल्लामंडी के पास से दोपहर में चोरी हो गई थी। १२ जून की दोपहर सीएचसी महमूदाबाद दवा लेने आए सदरपुर के समीउद्दीन की बाइक चोरी हो गई थी। पुलिस ने भागीपुर के प्रमोद की, सलमान समेत तीन बाइकें बरामद कर ली हैं। नगर में लगातार हो रही बाइक चोरियों के चलते वादकारी तहसील व ग्राहक नगर स्थित दुकानों को तथा मरीज सीएचसी आने में असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। नगर में हो रही दोपहिया वाहनों की चोरियों के चलते आसपास के लोग खरीददारी करने के लिए महमूदाबाद आने से कतरा रहे हैं। पुलिस की गश्त नगर में न के बराबर है जिसके चलते अपराधी सक्रिय हैं। यदि वाहनों की चोरियों पर रोक न लगी तो एसडीएम को ज्ञापन देकर व्यापार मंडल धरना-प्रदर्शन करेगा। आशीष पोरवाल व्यापारी नगर में वाहनों की हो रही चोरी के चलते ग्राहक नगर आने से कतरा रहे हैं जिसके चलते व्यापार कम हुआ है। ग्राहक वाहनों की हो रही चोरियों के चलते असुरक्षित महसूस कर रहा है। लवकेश जैन दुकानदार तहसील आने वाले कई वादकारियों की बाइक चोरी हो जाने के चलते वे तहसील आने से भी कतरा रहे हैं।

कस्बा इंचार्ज समेत तैनात अन्य पुलिसकर्मियों की गश्त बेहद लचर है। सक्रिय गश्त न होने के चलते अपराधिक वारदातें बढ़ रही हैं।

पुरुषोत्तम शुक्ल अधिवक्ता महमूदाबाद नगर क्षेत्र में वाहन चोर गैंग सक्रिय होने से ग्राहकों में बेहद खौफ है और वे नगर स्थित दुकानों पर आने से कतरा रहे हैं। पुलिस गश्त निष्क्रिय होने से अपराधी बखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं।

## सात सौ गांवों की ठप हुई बिजली व्यवस्था नहीं हो पा रही बहाल

( स्वतंत्र भारत )

सीतापुर। जिले में देररात आई तेज आंधी व बारिश के चलते सप्लाई लाइन से जुड़े तार टूटने व जंपर उड़ने से करीब ७०० गांवों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। आंधी के कारण कई जगहों पर तारों पर पेड़ गिरने व ट्रांसफार्मर में खराबी आने से आपूर्ति बृहस्पतिवार सुबह देर तक प्रभावित रही।बिजली निगम की टीम फॉल्ट को ढूंढ कर उसे दुरुस्त बनाने की कवायद में जुटी हुई है। शहरी इलाकों में सुबह तक बिजली आपूर्ति बहाल हो गई लेकिन ग्रामीण इलाकों में देर शाम तो आपूर्ति बाधित बनी रही। बिजली नहीं आने से पेयजल की आपूर्ति भी बाधित होने से लोगों को काफी परेशानी उठाना पड़ी।जिले में देर शाम तेज आंधी के साथ हुई बारिश के कारण रामपुर मथुरा, रेउसा, मिश्रिख, पिसावां, महमूदाबाद, बिसवां, सिधौली, हरगांव आदि इलाकों की बिजली सप्लाई में जगह-जगह फाल्ट आ गया। दो से तीन घंटे बीतने के बाद भी बिजली बहाल नहीं हुई तो उपभोक्ताओं ने शिकायत दर्ज कराई। उपभोक्ताओं को बताया गया कि तेज हवा में तार टूट गए हैं। पेट्रोलिंग की जा रही है। जिससे पूरी रात जिले के ७०० गांवों की बिजली ठप रही। रात के समय बिजली न आने से गर्मी में लोग परेशान रहे। शहरी इलाकों को छोड़कर ग्रामीण इलाकों में देर शाम तक बिजली आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह बहाल नहीं हो सकी।उपभोक्ता राकेश व मोहित ने बताया कि बिजली न आने से फसलों की सिंचाई प्रभावित हो रही है। इस समय गर्मी अधिक पड़ रही है तो गन्ने की फसल को पानी की जरूरत है लेकिन इसके अभाव में फसलें सूखने का डर बना हुआ हैं। सौरभ व शिवम ने बताया कि बिजली के अभाव में कारोबार प्रभावित है। कई बार शिकायत कर चुके हैं लेकिन अभी तक फाल्ट सही नहीं हो पाया है।शहर में विकास नगर, खूबपुर, नई बस्ती, लोहारबाग, इस्माइलपुर, कांशीराम कालोनी, आदर्श नगर सहित अन्य मोहल्लों में सप्लाई लाइन में आई फाल्ट के कारण करीब तीन घंटे तक बिजली कटौती हुई। इस दौरान विकास नगर व नवीन चौक पर जंपर उड़ने की शिकायत रही। वहीं, तरीनपुर इलाके में एबीसी केबल जलने से समस्या आई। लंबी कटौती के बाद दोपहर तीन बजे के बाद आपूर्ति बहाल हो पाई।

अधीक्षण अभियंता ललित कृष्ण ने बताया कि आंधी पानी से सप्लाई लाइन में आई फाल्ट को दुरुस्त करने के लिए टीमें लगातार मरम्मत कार्य में जुटी हैं। भरोसा दिलाया कि जल्द ही फॉल्ट को पूरी तरह दुरुस्त कर आपूर्ति को बहाल करा दिया जाएगा।



# सीएम डैशबोर्ड पर कसा शिकंजा, खराब प्रदर्शन वाले विभागों को सुधार का अल्टीमेटम

## नोडल अधिकारी/ प्रमुख सचिव ग्राम्य विकास व ग्रामीण अभियंत्रण विभाग ने परखी योजनाओं की प्रगति

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाली योजनाओं और विकास कार्यों की प्रगति को लेकर सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जनपद के नोडल अधिकारी एवं प्रमुख सचिव ग्राम्य विकास व ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उत्तर प्रदेश शासन सौरभ बाबू (आईएएस) ने करीब तीन घंटे तक विकास, निर्माण और राजस्व से जुड़े मामलों की विभागवार समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के फ्लैगशिप प्रोजेक्ट्स, विभिन्न योजनाओं की प्रगति और विभागों की रैंकिंग का विस्तार से आकलन किया गया। समीक्षा के दौरान जिन विभागों का प्रदर्शन अपेक्षा के अनुरूप नहीं मिला, उन्हें तत्काल सुधारात्मक



कदम उठाने और तय समयसीमा के भीतर लक्ष्य पूरे करने के निर्देश दिए गए।

नोडल अधिकारी ने कहा कि शासन की शीर्ष प्राथमिकता वाली योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से नियमित मॉनिटरिंग, बेहतर समन्वय और जनहित से जुड़े कार्यों में तेजी लाने पर जोर दिया, ताकि जिले की रैंकिंग में सुधार हो सके। बैठक में जिलाधिकारी अविनाश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी देवयानी यादव, प्रभागीय वनाधिकारी दीक्षा भंडारी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. विश्राम सिंह, जिला आबकारी अधिकारी हुकुम सिंह, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता भगत सिंह, उप आयुक्त उद्योग विकास यादव समेत विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# 91 लाख की वसूली कर विभाग ने बढ़ाया राजस्व, 52 पर मुकदमे ,367 के काटे कनेक्शन

## चोरी पर वार, राजस्व में इजाफा

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** जिले में बिजली चोरी रोकने और उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए बिजली विभाग द्वारा विशेष मॉर्निंग रेड अभियान चलाया गया। मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश के निर्देशन में जिलेभर में चलाए गए अभियान के दौरान 52 बिजली चोरी के मामले पकड़े गए, 367 बड़े बकायेदारों के कनेक्शन विच्छेदित किए गए तथा मौके पर ही लगभग 91 लाख रुपये की राजस्व वसूली की गई।अभियान में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों की आठ टीमों ने एक साथ कार्रवाई की। विजिलेंस, कॉमर्शियल, एसडीओ, एक्सईएन और जेई स्तर के अधिकारियों ने तड़के सुबह विभिन्न इलाकों में जांच कर अवैध कनेक्शनों और कटिया डालकर बिजली उपयोग करने वालों को चिन्हित किया। कई स्थानों पर साक्ष्य संकलन के लिए



वीडियो रिकॉर्डिंग भी कराई गई। किला उपकेंद्र के बाकरगंज क्षेत्र में बिजली चोरी के कई मामले सामने आए, जबकि आंवला और बहेड़ी क्षेत्रों में भी व्यापक जांच कर अनियमितताओं पर कार्रवाई की गई। विभाग ने जरूरत के अनुसार उपभोक्ताओं का बिजली लोड भी बढ़वाया। मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने कहा कि लाइन लॉस कम करने और निर्बाध बिजली आपूर्ति बनाए रखने के लिए ऐसे अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे। उन्होंने उपभोक्ताओं से वैध कनेक्शन लेने और समय पर बिजली बिल जमा करने की अपील की।

# योग की अलख के साथ शुरू हुआ अंतरराष्ट्रीय योग सप्ताह, जनजागरण रैली को दिखाई हरी झंडी

## माननीयों समेत डीएम, सीडीओ ने किया योगाभ्यास

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को शहर के स्पोर्ट्स स्टेडियम से अंतरराष्ट्रीय योग सप्ताह का भव्य शुभारंभ हुआ। आयुष विभाग के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, चिकित्सकों, योग प्रशिक्षकों और बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लेकर योग को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री डॉ. अरुण कुमार, मंत्री छत्रपाल सिंह गंगवार, एमएलसी महाराज सिंह और विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा, अध्यक्ष जिला पंचायत रश्मि पटेल, डा0 एमपी आर्य, सदस्य विधान परिषद बहोरन लाल मौर्य, कुंवर महाराज सिंह, प्रतिपाल सिंह (बंटी ठाकुर) ने जिला अधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी के साथ संयुक्त रूप से योग जागरूकता रैली



को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली के माध्यम से लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और नियमित योगाभ्यास के लिए प्रेरित किया गया। डॉ. अजय पाल सिंह के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य योग प्रशिक्षक नित्या शर्मा ने डीएम और सीडीओ के नेतृत्व में उपस्थित लोगों को विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास कराया।

प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ योग सत्र में हिस्सा लिया और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।आयोजकों के अनुसार, 15 से 21 जून तक जनपद में योग सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम, योग शिविर और सामूहिक योगाभ्यास आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक लोगों को योग से जोड़ा जा सके। योग सप्ताह उद्घाटन कार्यक्रम में डा0 अजय पाल सिंह क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, डा0 मंजू सिंह जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी, डा0 मो0 आरिफ यूनानी चिकित्साधिकारी, प्रतिपाल सिंह अध्यक्ष, अंकित महेश्वरी महामंत्री एक गुंज सेवा समिति, तथा डा0 राज किशोर, डा0 उमेश चन्द्र, डा0 संजीव कुमार, डा0 तपिश माहेश्वरी, डा0 विवेक मिश्रा, डा0 संजीव पटेल, डा0 वन्दना, डा0 विश्वजीत त्रिपाठी, डा0 अमरीश, डा0 जितिन व गण मान्य लोग उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे से पहले सुरक्षा व्यवस्था पर जोर, एसपी सिटी व एसपी ट्रैफिक ने देखी रामायण वाटिका

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 23-24 जून को प्रस्तावित जनपद भ्रमण को लेकर पुलिस और प्रशासनिक अमला पूरी तरह सतर्क हो गया है। इसी क्रम में एसपी सिटी मानुष पारीक ने एसपी ट्रैफिक मो. अकमल खान के साथ रामायण वाटिका , इंडस्ट्रियल पार्क सहित मुख्यमंत्री से जुड़ी विभिन्न विकास योजनाओं और बीडीए क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, वीआईपी रूट, पार्किंग व्यवस्था तथा आमजन की आवाजाही को सुचारु बनाए रखने के संबंध में आवश्यक बिंदुओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने संबंधित पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरतने तथा सुरक्षा



व्यवस्थाओं को समय रहते दुरुस्त करने के निर्देश दिए। एसपी सिटी ने कहा कि एसएसपी अनुराग आर्य के निर्देशन में मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को सुरक्षित, व्यवस्थित और निर्विघ्न संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। वहीं एसपी ट्रैफिक ने यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए वैकल्पिक रूट और पार्किंग योजना पर भी मंथन किया। पुलिस एवं प्रशासन की टीमें लगातार तैयारियों की निगरानी कर रही हैं।

# मंत्री के भतीजे की गर्दन चीर गया चाइनीज मांझा, प्रतिबंध सिर्फ कागजों में! सिस्टम की लापरवाही ने ली जानलेवा शक्ल

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** शहर में प्रतिबंधित चाइनीज मांझे पर प्रशासन की ढीली पकड़ एक बार फिर जानलेवा साबित हुई। इस बार शिकार बने प्रदेश



के गन्ना राज्यमंत्री संजय गंगवार के 15 वर्षीय भतीजे आदित्यवीर सिंह गंगवार। श्यामगंज पुल पर स्कूटी से गुजरते समय चाइनीज मांझा उनकी गर्दन में फंस गया और गहरा जख्म कर गया। बचाव में हाथ लगाने पर उंगली भी कट गई, जबकि गाल और होंठ पर गंभीर चोटें आईं।

खून से लथपथ हालत में सड़क पर गिरे किशोर को राहगीरों ने ईशान अस्पताल पहुंचाया, जहां साढ़े तीन घंटे चली सर्जरी के बाद उसकी जान बच सकी। डॉक्टरों के अनुसार गर्दन की कई नसें कट गई थीं और हालत बेहद गंभीर थी। सबसे बड़ा सवाल यह है कि शासन स्तर पर प्रतिबंध के बावजूद मौत का सामान बन चुका चाइनीज मांझा आखिर शहर में खुलेआम बिक कैसे रहा है ? श्यामगंज पुल पर पहले भी कई लोग इसकी चपेट में आ चुके हैं, लेकिन कार्रवाई के दावे हर हादसे के बाद ठंडे पड़ जाते हैं।

घटना की सूचना मिलते ही मंत्री संजय गंगवार अपना दौरा छोड़कर बरेली पहुंचे और प्रशासनिक कार्रवाई पर सवाल उठाए। एसएसपी अनुराग आर्य ने दोबारा अभियान चलाने की बात कही है, लेकिन सवाल वही है– क्या कार्रवाई हादसे के बाद ही होगी या मौत के इस कारोबार पर स्थायी लगाम भी लगेगी ?

# घटिया केबल बॉक्स से जूझ रही 12 करोड़ की यूजी लाइन, बार-बार फॉल्ट से बिजली व्यवस्था बेहाल

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** शहर में आधुनिक बिजली आपूर्ति व्यवस्था के लिए करीब 12 करोड़ रुपये की लागत से बिछाई गई रामगंगा नगर से हरूनगला तक 17 किलोमीटर लंबी 11 केवी अंडरग्राउंड (यूजी) लाइन अब विभाग के लिए बड़ी परेशानी बन गई है। परियोजना में लगाए गए केबल बॉक्सों की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं, क्योंकि उनके बार-बार क्षतिग्रस्त होने से बिजली आपूर्ति लगातार प्रभावित हो रही है। बिजली विभाग के अधिकारियों के अनुसार, हरूनगला सब स्टेशन से जुड़े रामगंगा नगर फीडर पर लोड सामान्य होने के बावजूद केबल बॉक्स लगातार फुंक रहे हैं। इसके चलते फीडर में बार-बार ब्रेकडाउन हो रहा है और उपभोक्ताओं को घंटों बिजली कटौती झेलनी पड़ रही है। 17 किलोमीटर लंबी लाइन में फॉल्ट तलाशना और उसे दुरुस्त करना



कर्मचारियों के लिए चुनौती बन गया है। विभागीय रिपोर्ट में कई स्थानों पर मानकों के विपरीत अस्थायी जोड़ किए जाने की बात भी सामने आई है, जिससे बड़े ब्रेकडाउन का खतरा बना हुआ है। डी-मार्ट के सामने, डोहरा रोड के सनराइज तिराहे और पीलीभीत बाईपास समेत कई स्थानों पर केबल क्षतिग्रस्त बताई गई है। मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने बताया कि परियोजना में आ रही तकनीकी खामियों की जानकारी बीडीए सचिव वंदिता श्रीवास्तव को दे दी गई है। संबंधित एजेंसी को कमियां दूर कर बिजली आपूर्ति व्यवस्था शीघ्र दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं।

# खाद की दुकानों पर पहुंचे किसान नेता

-स्वतंत्र भारत-

**फरीदपुर।** किसानों को खाद न मिलने एवं खाद की कालाबाजारी से परेशान घूम रहे किसानो की समस्याओं को लेकर सोमवार को भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष चौधरी सोमबीर सिंह के नेतृत्व में यूनियन के कार्यकर्ता एवं किसान नगर के फर्टिलाइजर विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर पहुंचकर मुलाकात की और किसानों को यूरिया डीएपी एनपीके खाद सरकारी रेट पर उपलब्ध कराए जाने की बात की। उन्होंने फर्टिलाइजर विक्रेताओं से कहा है कि क्षेत्र का जो भी किसान यूरिया डीएपी एनपीके खाद लेने के लिए पहुंचे उसे नियमा अनुसार उचित रेट पर खाद उपलब्ध कराई जाए। दुकानों पर खाद उपलब्ध होने के बाद भी किसानों को खाद्य उपलब्ध कराने से इनकार कर दिया जाता है तो किसान यूनियन आंदोलनात्मक कदम उठाने को मजबूर होगी। किसान यूनियन द्वारा उठाए गए इस कदम से फरीदपुर नगर के फर्टिलाइजर



विक्रेताओं में हड़कंप मचा हुआ है। नगर में फर्टिलाइजर विक्रेताओं द्वारा किसानों को यूरिया डीएपी एनपीके जैसी खादो के न होने का बहाना बनाकर उन्हें दुकानों से वापस किए जाने के मामले की जानकारी जैसे ही भारतीय किसान यूनियन टिकैत को हुई तो यूनियन के जिला अध्यक्ष चौधरी सोमवीर सिंह सोमवार को दोपहर 11ः00 बजे नगर के बीसलपुर रोड स्थित कई फर्टिलाइजर की दुकानों पर पहुंचकर दुकानदारों से वार्ता की और किसानों को खाद उपलब्ध कराने की बात की। कुछ किसानों को यूनियन के कार्यकर्ताओं ने मौके पर ही दुकानों से उचित रेट पर खाद भी दिलवाई। उन्होंने दुकानदारों से स्पष्ट शब्दों में कहा है क्षेत्र का कोई भी किसान खाद लेने के लिए दुकान पर पहुंचे तो उसे उचित रेटो पर ही खाद उपलब्ध कराई जाए। दुकान पर खाद उपलब्ध होने के बावजूद भी कुछ दुकानदार खाद न होने का बहाना बना कर किसानों को वापस कर देते हैं जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। और किसान यूनियन इसका जमकर विरोध भी करेगी। इस दौरान किसान यूनियन के जिला महासचिव सत्येंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, गजेंद्र सिंह, साधुराम, रामदास, देवेंद्र सिंह, नन्हे सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# इंग्लिश मीडियम कंपोजिट विद्यालय नवादा बिलसंडी में 15 दिवसीय अंतर्जनपदीय ऑनलाइन समर कैंप का हुआ सफल समापन

-स्वतंत्र भारत-

**फरीदपुर।** बीएसए डॉ विनीता, बीईओ फरीदपुर शीश पाल के निर्देशन में विकास क्षेत्र फरीदपुर स्थित इंग्लिश मीडियम कंपोजिट विद्यालय, नवादा बिलसंडी में आयोजित 15 दिवसीय अंतर्जनपदीय ऑनलाइन समर कैंप का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस नवाचारपूर्ण समर कैंप का आयोजन राज्य पुरस्कृत शिक्षक, राज्य आईसीटी पुरस्कृत विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक डॉ. अमित शर्मा के निर्देशन में किया गया। कबाड़ से जुगाड़ से लेकर ए आई और कम्प्यूटर तक के उपयोगी सेशंस आयोजित हुए। मुख्य रूप से कठपुतली बनाना, रंगोली बनाना, फायरलेस कुकिंग, योग, कंप्यूटर, ए आई, वैदिक गणित, नृत्य कला, चित्र कला, पर्यावरण संरक्षण आदि विषयों पर उपयोगी सत्रों का आयोजन किया गया। इस ऑनलाइन समर कैंप में शाहजहांपुर से डॉ. अरविंद शुक्ल ने विद्यार्थियों



को कंप्यूटर शिक्षा एवं डिजिटल साक्षरता के महत्व से अवगत कराया। मुजफ्फरनगर की शिक्षिका अनु चौधरी ने बालिका शिक्षा के महत्व के साथ-साथ गुड टच एवं बैड टच जैसे अत्यंत संवेदनशील विषय पर बच्चों को सरल एवं व्यवहारिक जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने तथा किसी भी अनुचित व्यवहार की स्थिति में निडर होकर अभिभावकों एवं शिक्षकों को जानकारी देने के लिए प्रेरित किया। शुभ्रा शर्मा ने फायरलेस कुकिंग विषय पर रोचक एवं उपयोगी सत्र प्रस्तुत किया और ब्रेड के दही बड़े बनाना सिखाए। डॉ. प्रज्ञा शर्मा ने योग फॉर बेटर लिविंग विषय पर योगाभ्यास एवं स्वस्थ जीवनशैली के महत्व को बताया। कैंप संयोजक डॉ. अमित शर्मा ने विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के व्यावहारिक उपयोग तथा चित्रकला से संबंधित सत्रों के माध्यम से नई तकनीकों और रचनात्मक अभिव्यक्ति की जानकारी प्रदान की। डायट प्रवक्ता डॉ. नीति माहौर ने पर्सनैलिटी डेवलपमेंट विषय पर प्रभावशाली व्याख्यान देते हुए विद्यार्थियों को आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच, प्रभावी संप्रेषण कौशल तथा नेतृत्व क्षमता विकसित करने के महत्वपूर्ण सूत्र बताए। वहीं वैष्णवी शर्मा एवं प्रज्ञन्य शर्मा ने वैदिक गणित की सरल एवं त्वरित गणना तकनीकों का अभ्यास कराते हुए विद्यार्थियों को गणित के प्रति रुचि एवं आत्मविश्वास विकसित करने के लिए प्रेरित किया।

## संक्षिप्त समाचार

### घर से बाहर जाने को गाड़ी निकालने पर रास्ता रोककर दबंगों ने की मारपीट, मुकदमा दर्ज

**फतेहगंज पूर्वी।** थाना क्षेत्र के जुगुलकिशोर निवासी करतौली ने थाने पहुंचकर तहरीर देकर आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है जिसमें बताया है कि हमारा बेटे रामू चार पहिया गाड़ी अपने बग्गर से जाने के लिए निकाल रहा था तभी गांव शिवकुमार, हुकुम सिंह, पुष्पेन्द्र, परविन्द्र पुत्र राजेंद्र ने गाड़ी नहीं निकलने दी और रास्ता रोककर गन्दी गन्दी गालियां देने लगे जब गाली गलौज करने को मना किया तो वह लोगों ने लाठी डंडों से मारापीटा। जब जुगलकिशोर की बेटी सविता देवी उसे बचाने आई तो दबंगों ने उसके साथ भी मारपीट की जिससे सविता देवी के दाई आंख के ऊपर चोटें आई। जाते-जाते दबंग जान से मारने की धमकी दे गये। थाना प्रभारी राजकुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

### टेलर की दुकान पर कपड़े लेने गई किशोरी को बहला फुसलाकर युवक अपने साथ लेकर हुआ फरार, मामले की प्राथमिकी हुई दर्ज

**भुता।** थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी को एक युवक अपने साथ बहला फुसलाकर लेकर फरार हो गया है। पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर दोनों की तलाश में जुट गई है। पीड़ित पिता ने बताया मेरी लगभग 17 वर्षीय नाबालिग लड़की टेलर की दुकान से सिले हुए अपने कपड़े लेने गई थी। कि वहां से राहुल पुत्र गेंदन निवासी ग्राम गहलुईयां थाना बर खेड़ा जिला पीलीभीत अपने साथ उसको बहला-फुसलाकर लेकर फरार हो गया है। मेरी नाबालिग लड़की घर से कुछ सोने चांदी केआभूषण व 10000 नगद घर से अपने साथ ले गई है। पीड़ित को अपनी नाबालिग लड़की के साथ कुछ अनहोनी होने का डर भी बना हुआ है। पीड़ित पिता ने आरोपी के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा पंजीकृत करवाया है। इधर पुलिस मामले की जांच व किशोरी की तलाश कर रही है। प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। दोनों की तलाश की जा रही है।

### युवक ने दर्ज करायी लूट और मारपीट की शिकायत

**फरीदपुर।** थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले एक युवक के साथ कथित रूप से लूटपाट और मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित ने थाना पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना फरीदपुर क्षेत्र के ग्राम इनायतपुर निवासी अमर पाल ने थाना पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह सोमवार को समय लगभग 4 बजे अपने परचित से अपना मकान बनवाने के लिए 1,00000 उधार लेकर अपने गांव की ओर मोटरसाइकिल से जा रहा था तभी रास्ते में तालाब के समीप पहुंचा ही था की गांव के ही चार दवगो ने उसे घेर लिया और उसे बेल्टों से मारा पीटा और उसकी मोटरसाइकिल एवं 100000 छीन लिए। जब उसने विरोध किया तो दबंग उसे जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस ने पीड़ित के शिकायती पत्र के आधार पर मामले की जांच कर दोषीयो के खिलाफ कार्यवाही किए जाने का आश्वासन दिया है।

### बाबा त्रिवटीनाथ मंदिर में मंगलवार से श्रीरामचरितमानस कथा का आयोजन

**बरेली।** शहर के प्राचीन एवं भव्य बाबा त्रिवटीनाथ मंदिर में 16 जून से 24 जून तक श्रीरामचरितमानस कथा का भव्य आयोजन किया जाएगा। मंदिर सेवा समिति के मीडिया प्रभारी संजीव औतार अग्रवाल ने बताया कि भगवान शंकर को भगवान श्रीराम का नाम अत्यंत प्रिय है, इसी भावना के साथ मंदिर सेवा समिति द्वारा यह आध्यात्मिक आयोजन कराया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर स्थित श्री रामालय में वाराणसी के सुविख्यात कथा व्यास पंडित प्रभाकर त्रिपाठी द्वारा 'सुनिए कथा श्री रघुनाथ की' विषय पर प्रतिदिन सायं 5 बजे से 7 बजे तक श्रीरामचरितमानस कथा का वाचन एवं व्याख्यान किया जाएगा। कथा का शुभारंभ 16 जून, मंगलवार से होगा और समापन 24 जून को होगा।

संजीव औतार अग्रवाल ने कहा कि कलियुग में भगवान के नाम का जप और सत्संग ही मानव जीवन को सफल बनाने की सबसे बड़ी कुंजी है। उन्होंने बताया कि कथा व्यास पंडित प्रभाकर त्रिपाठी, वाराणसी के प्रख्यात कथा शिरोमणि पंडित डॉ. श्रीनाथ मिश्र के प्रधान शिष्य हैं और उनका नाथनगरी बरेली से विशेष स्नेह एवं जुड़ाव रहा है।

उन्होंने बताया कि पिछले लगभग 30 वर्षों से पंडित प्रभाकर त्रिपाठी अपनी ओजस्वी एवं दिव्य वाणी के माध्यम से बाबा त्रिवटीनाथ मंदिर के श्री रामालय में श्रद्धालुओं को श्रीरामचरितमानस कथा का रसपान करा रहे हैं।

मंदिर सेवा समिति ने बरेली की धर्मपरायण जनता से अधिक से अधिक संख्या में कथा श्रवण हेतु पहुंचने का आग्रह करते हुए कहा कि भगवान भोलेनाथ स्वयं जिन श्रीराम नाम का स्मरण करते हैं, उसकी महिमा का श्रवण कर अपने जीवन को धन्य बनाएं।

### पत्नी पर ब्लेड से जानलेवा हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**बरेली।** थाना किला पुलिस ने पत्नी पर जानलेवा हमला करने के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार वादिनी की तहरीर पर आरोपी सुहेल उर्फ सेहिल पुत्र शकरुद्दीन निवासी बाकरगंज, हुसैन बाग, पत्थर शाह बाबा मजार के पास, थाना किला के विरुद्ध मारपीट, गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी तथा जानलेवा हमले के आरोप में थाना किला में मुकदमा दर्ज किया गया था।

# हाईवे की परमीशन की आड़ में किया जा रहा है निजी प्लाटों का पटान, एसडीएम ने एक डंपर को पकड़वाया

## नगर व आसपास के क्षेत्रों में चल रहा अवैध खनन का धंधा

-स्वतंत्र भारत-

**सेंथल।** बरेली से हरिद्वार तक वन रहे नेशनल हाईवे पर आरसीएल कम्पनी के डंपरों द्वारा मिट्टी का पटान किया जा रहा है। नेशनल हाईवे पर मिट्टी पटान की परमीशन जिला खनन अधिकारी द्वारा दी गई है। बताया जाता है कि इस परमीशन की आड़ में कई दूसरे डंपर निजी प्लाटों पर मिट्टी का पटान कर रहे हैं।

इन निजी प्लाटों के पटान को लेकर इन डंपर के चालकों द्वारा अधिकारियों की आंख में धूल झोंक कर मोटी कमाई की जा रही है। ऐसा ही एक मामला क्षेत्र के हरदुआ किफायतुल्ला तिराहे का है जहां पर एक डंपर एक निजी प्लॉट में मिट्टी का पटान कर रहा था रात में एक रास्ते में डंपर के टायर धंस गए थे जिसका कारण वह निकल नहीं पाया था, और सारी रात डंपर उसमें फंसा रहा।

रविवार की सुबह को ग्रामीणों ने



इसकी सूचना एसडीएम उदित पवार को दी जिस पर उन्होंने तत्काल ही क्षेत्रीय लेखपाल अर्जुन सिंह को मौके पर भेज इसकी जांच पड़ताल कराई। लेखपाल ने स्थल पर पहुंच कर पहले तो डंपर को हाइड्रा और जेसीवी से डंपर को बहार खिंचवाया उसके बाद उन्होंने मिट्टी का खनन किए जाने की परमीशन मांगी।

बताया जाता है कि डंपर चालक परमीशन नहीं दिखा सका, जिस पर उन्होंने डंपर को पुलिस के सुपर्द कर दिया, पुलिस ने डंपर को सीज कर दिया, एसडीएम ने इसकी रिपोर्ट खनन अधिकारी से भेज दी।

# गौसगंज में मुस्लिम परिवारों के पलायन के आरोपों की जांच को पहुंची जनशक्ति एकता पार्टी

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** जनशक्ति एकता पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को गोसागंज गांव पहुंचकर उन मुस्लिम परिवारों से मुलाकात की, जिन्होंने प्रशासनिक पक्षपात और सामुदायिक विवादों के चलते पलायन करने का आरोप लगाया है। पार्टी नेताओं ने पीड़ति परिवारों की समस्याएं सुनकर उन्हें हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रोहताश कश्यप एड्वोकेट के आह्वान पर प्रदेश संगठन मंत्री (उत्तराखंड) विजय मैसी के नेतृत्व में गठित प्रतिनिधिमंडल में जिलाध्यक्ष डोरीलाल, महानगर अध्यक्ष तस्लीम, उत्तर प्रदेश प्रभारी जितेंद्र कुमार गुप्ता और प्रेक्षक विनोद गौतम समेत अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।

प्रतिनिधिमंडल ने गांव में पहुंचकर उन परिवारों से बातचीत की, जिन्होंने वर्ष 2025 में हुए विवादों और पूर्व में मोहर्रम के दौरान ताजिया जुलूस को लेकर उत्पन्न हुए तनाव के मामलों में प्रशासन पर एकतरफा कार्रवाई का आरोप लगाया। पीड़ित परिवारों का कहना है कि विवादों में केवल मुस्लिम पक्ष के खिलाफ कार्रवाई की गई, जिससे उनमें भय और असुरक्षा का माहौल पैदा हो गया और कई परिवारों को गांव छोड़ना पड़ा।

परिवारों ने प्रतिनिधिमंडल को बताया कि सुरक्षा की गारंटी और निष्पक्ष कार्रवाई के अभाव में वे अपने घरों में वापस लौटने की स्थिति में नहीं हैं। उनका आरोप है कि प्रशासन को कई बार अवगत कराने के बावजूद उनकी समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाए गए।

जनशक्ति एकता पार्टी के नेताओं ने कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए तथा दोषियों के खिलाफ समान रूप से कार्रवाई होनी चाहिए। पार्टी ने विस्थापित परिवारों को सुरक्षा और सम्मान के साथ पुनर्वासित करने की मांग उठाने की बात कही। प्रतिनिधिमंडल ने भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं और मांगों को प्रशासन एवं शासन स्तर तक पहुंचाया जाएगा।

# दरोगा भर्ती में पारदर्शिता पर एसएसपी की नजर पुलिस लाइन पहुंचकर परखीं व्यवस्थाएं

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित उपनिरीक्षक (एसआई) एवं समकक्ष पदों की भर्ती प्रक्रिया के तहत



सोमवार को पुलिस लाइन में चल रहे दस्तावेज सत्यापन एवं शारीरिक मानक परीक्षण (पीएसटी) का वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने औचक निरीक्षण किया। उन्होंने भर्ती केंद्र पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और प्रक्रिया में लगे अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। एसएसपी ने भर्ती प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता बनाए रखने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी अभ्यर्थी को अनावश्यक परेशानी न हो और सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित ढंग से संचालित की जाएं। उन्होंने अभ्यर्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया। प्रदेश में 4,543 रिक्त पदों पर भर्ती के लिए चल रही प्रक्रिया के तहत अभ्यर्थियों के मूल प्रमाणपत्रों का गहन सत्यापन किया जा रहा है। साथ ही ऊंचाई, सीना और वजन जैसे शारीरिक मानकों की निर्धारित मानकों के अनुरूप जांच की जा रही है। एसएसपी ने स्पष्ट कहा कि भर्ती प्रक्रिया के प्रत्येक चरण में पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता है। योग्य अभ्यर्थियों का चयन निष्पक्ष ढंग से सुनिश्चित करना पुलिस विभाग की जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।



# राज्यमंत्री ने किया जनकल्याण शिविर तथा स्वास्थ्य मेला का शुभारंभ


**● प्रधानमंत्री मोदी के सफलतापूर्वक 12 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित किया गया कार्यक्रम**



**शाहाबाद (हरदोई)।** सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण को समर्पित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 140 करोड़ भारतीयों की निरंतर सेवा के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज उच्च शिक्षा राज्यमंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक रजनी तिवारी ने स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आयोजित जन कल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेला का शुभारम्भ फीता काटकर किया।

इस अवसर पर उन्होने केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराते हुये शासन की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को लाभान्वित किया। राज्यमंत्री ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रांगण में 'एक पेड़ माँ के नाम' रोपित किया। राज्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी के 12 वर्ष पूर्ण होने पर अपनी पार्टी के पुराने कार्यकर्ताओ का उत्साहवर्धन करते हुये नगर मंडल के वरिष्ठ कार्यकर्ताओ तथा प्रबुद्ध जनो को सम्मानित भी किया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख त्रिपुरेश मिश्रा, गंगाराम राठौर, वेदराम राजपूत, गोपाल त्रिपाठी, अनिल पाण्डेय उर्फ पिंटू , सुभाष रस्तोगी, प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. प्रवीण दीक्षित सहित सहित तमाम चिकित्सा कर्मी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## टेढ़ेश्वरनाथ में राज्यमंत्री ने किया रुद्राभिषेक



**शाहाबाद (हरदोई)।** प्रदेश शासन की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने सोमवार के दिन अपने विधान सभा क्षेत्र मे व्यस्त कार्यक्रम के दौरान सोमवती अमावस्या के अवसर पर नगर के ऐतिहासिक नर्मदा तीर्थ स्थल पर स्थित टेढ़ेश्वर नाथ मंदिर जाकर भगवान महादेव का रुद्राभिषेक कर जनकल्याण की कामना करते हुये शीश नवाया। इस अवसर पर उनके साथ लाख प्रमुख त्रिप्रेस मिश्रा भाजपा जिला मंत्री गोपाल त्रिपाठी नगर अध्यक्ष अनिल पांडे आनंद गुप्ता नगर उपाध्यक्ष सहित नगर के तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# सेवा सुशासन राष्ट्र निमार्ण के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**स्वतंत्र भारत**

**माधोगंज।** प्रधानमंत्री के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 'सेवा, सुशासन और राष्ट्र निर्माण' कार्यक्रम के तहत सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माधौगंज में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रमेश वर्मा ने फीता काटकर किया। शिविर में कुल 235 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। इस अवसर पर रमेश वर्मा ने केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्र गरीब परिवारों को प्रतिवर्ष पांच लाख रुपये तक के निःशुल्क उपचार की सुविधा प्रदान की जा रही है। उन्होंने गर्भवती महिलाओं के लिए संचालित योजनाओं के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान क्षय रोग (टीबी) से पीड़ित मरीजों को पोषण किट वितरित की गई। विशिष्ट अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष आनंद सैनी एवं



जिला पंचायत सदस्य चतुर्थ केपी राठौर ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सरकार के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर डॉ. संजय कुमार, डॉ. लोकेश कुमार, प्रमोद गुप्ता, रामनरेश आर्य सहित अस्पताल के चिकित्सक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## गैंगस्टर एक्ट में वांछित गैंग लीडर गिरफ्तार

**हरदोई।** कोतवाली बेनीगंज पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए एक संगठित गिरोह के गैंग लीडर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। पुलिस अभिलेखों के अनुसार लखपति पुत्र लालचन्द्र मौर्य निवासी जुटौला मजरा गोपार थाना बघौली, अपने सहयोगियों अमरपाल पुत्र बलराम तथा रामू पासी पुत्र श्रीराम के साथ मिलकर कथित रूप से चोरी एवं नकबजनी जैसी घटनाओं को अंजाम देने वाले एक संगठित गिरोह का संचालन कर रहा था। पुलिस के अनुसार गिरोह की गतिविधियों से क्षेत्र में भय और असुरक्षा का माहौल व्याप्त था। जिला मजिस्ट्रेट के आदेश के अनुपालन में कोतवाली बेनीगंज पुलिस द्वारा गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1986 के तहत उपरोक्तों पर कार्रवाई की गई। स्थानीय पुलिस ने सतर्कता दिखाते हुए गैंग लीडर लखपति मौर्य को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां अग्रिम विधिक कार्रवाई की गई।

# शाहाबाद ईओ को एंटी करप्शन टीम ने किया गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत**

**शाहाबाद।** नगर पालिका परिषद शाहाबाद के अधिशासी अधिकारी के के सोनकर को सोमवार दोपहर एंटी करप्शन टीम ने एक ठेकेदार से दो लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ कर गिरफ्तार कर लिया । दोपहर करीब ढाई बजे उनके सरकारी आवास पर की गई इस कार्यवाही के बाद उनको गिरफ्तार करके एंटी करप्शन टीम उन्हें अपने साथ लखनऊ लेकर चली गई । बताया जा रहा है हरदोई के एक ठेकेदार स्वदेश गुप्ता से किसी कार्य के एवज में अधिशासी अधिकारी के के सोनकर द्वारा 200000 की रिश्वत मांगी गई थी। ठेकेदार ने इसकी शिकायत एंटी



करप्शन टीम से की थी । जिसके बाद भ्रष्टाचार निरोधक टीम ने पूरी योजना बनाकर जाल बिछाया सोमवार को ठेकेदार मोबाइल पर बातचीत करने के बाद निर्धारित समय पर 2 लाख रुपए लेकर आवास पर पहुंच गया ।जैसे ही उसने रुपए दिए पहले से मौजूद एंटी करप्शन टीम में छापे मारी कर अधिशासी अधिकारी को रिश्वत लेते हुए पकड़ लिया। सूत्रों के अनुसार कार्यवाही के दौरान योग के के सोनकर ने बेहोशी आने का नाटक कर टीम को भ्रमित करने की कोशिश की लेकिन एंटी करप्शन अधिकारियों ने उन्हें अपनी गाड़ी में बैठकर लखनऊ के लिए रवाना कर दिया । इस कार्रवाई की सूचना मिलते ही नगर पालिका परिषद शाहाबाद में हडकंप मच गया । शुरुआत में लोगों के बीच इस कार्रवाई को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं होती रही और इससे पूर्व में चर्चित एक आउटसोर्सिंग महिला कर्मचारी से जुड़े मामले से भी जोड़कर देखा जाता रहा लेकिन बाद में स्पष्ट हुआ कि एंटी करप्शन टीम ने रिश्वतखोरी के आरोप में यह कार्यवाही की है।

## सोमवती अमावस्या पर भंडारा, हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

**स्वतंत्र भारत**

**हरदोई।** ज्येष्ठ सोमवती अमावस्या के पर बेनीगंज-संडीला मार्ग स्थित समाजसेवी एवं व्यापारी सुरेन्द्र गुप्ता 'कल्लू' द्वारा विशाल पूड़ी-सब्जी भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में क्षेत्र सहित दूर-दराज से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान श्री हनुमान जी के प्रिय प्रसाद को श्रद्धापूर्वक ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। भंडारे के दौरान पूरे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में अंकित गुप्ता, नवीन कुमार, अभिमन्यु वैश्य, कुलदीप कुमार, श्रीपाल सिंह, नारायण गुप्ता, राजीव कुमार, शोभित गुप्ता, शिवम तिवारी, सर्वेंद्र गुप्ता, अरविंद गुप्ता, अनंत वैश्य, सोनू तिवारी, अमन गुप्ता, मोहित कुमार, उपेंद्र दिवेदी, मनीष वर्मा, अशोक वर्मा, ऋषि तिवारी, रामचंद्र वैश्य, डॉ. मनोज कुमार, अनुराग गुप्ता, राजकमल गुप्ता, दीप चंद्र, नैपाली तिवारी सहित दर्जनों लोगों का विशेष सहयोग रहा।

# केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर वरिष्ठ जनों से संवाद

**स्वतंत्र भारत**



**हरदोई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व मे केंद्र सरकार के सफल एवं ऐतिहासिक उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व मे केंद्र सरकार के सफल एवं ऐतिहासिक 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संचालित वरिष्ठ जन संपर्क अभियान के अंतर्गत अध्यक्ष जिला पंचायत हरदोई प्रेमावती ने जनपद के वरिष्ठ जन से शिष्टाचार भेंट कर, केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों से संबंधित साहित्य प्रदान किया।इस अवसर पर अध्यक्ष प्रेमावती ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी एवं कुशल नेतृत्व में विगत 12 वर्षो मे भारत ने विकास, सुशासन, आत्मनिर्भरता, आधारभूत संरचना, स्वास्थ्य सेवाओं, महिला सशक्तिकरण तथा गरीब कल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं, केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचा है, जिससे आमजन के जीवन स्तर में व्यापक सुधार आया है।इसी क्रम मे अध्यक्ष प्रेमावती ने अमर शहीद वीर नारी सतरूपा सिंह, अमर शहीद पुत्र अशोक सिंह, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष गण विद्याराम वर्मा व् राम औतार शुक्ला, पूर्व अध्यक्ष अधिवक्ता संघ रविंद्र सिंह एवं कृष्ण दत्त शुक्ला टुल्लू बाबू, सेवानिवृत प्राचार्य बीडी शुक्ला, पूर्व महामंत्री अधिवक्ता संघ महेंद्र प्रताप सिंह,वरिष्ठ अधिवक्ता अविनाश गुप्ता अब्बी बाबू, प्राचार्य असेम्बली ऑफ गॉड रंजना सैम्युल तथा साहित्यकार सुनील त्रिवेदी से भाजपा सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं तथा समसामयिक विषयों पर सकारात्मक संवाद कर, विकसित भारत के निर्माण में समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता को आवश्यक बताया।

# कैंची धाम स्थापना दिवस पर विशाल भंडारे का आयोजन



**पाली, हरदोई।** कैंची धाम स्थापना दिवस के अवसर पर सोमवार को पाली कस्बे के बस अड्डे पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। श्रद्धा-भक्ति के बीच आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया तथा नीम करोली बाबा के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधि-विधान के साथ बाबा नीम करोली महाराज के पूजन एवं आरती से हुआ। इस अवसर पर भाजपा नेता एवं नगर पंचायत अध्यक्ष पद के प्रत्याशी रहे कुलदीप मिश्रा भी पूजन एवं आरती में शामिल हुए। उन्होंने बाबा नीम करोली महाराज के चरणों में श्रद्धा अर्पित करते हुए क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन समाज में एकता, भाईचारे और सेवा भाव को बढ़ावा देता है।

इसके बाद भंडारे का शुभारंभ किया गया, जिसमें प्रसाद के रूप में बूंदी, पूड़ी-सब्जी एवं चना का वितरण किया गया। आयोजकों द्वारा भंडारे में आने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए समुचित व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम के दौरान भक्ति गीतों एवं बाबा नीम करोली महाराज के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष रामू अग्निहोत्री, अमित अग्निहोत्री, सचिन मिश्रा, रोहित मिश्रा सहित कई गणमान्य लोग एवं क्षेत्र के श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# सोशल मीडिया पर अवैध हथियार से फायरिंग का वीडियो वायरल

**हरदोई (पाली)।** अवैध हथियारों के प्रदर्शन और कानून व्यवस्था को ठेंगा दिखाने का एक और सनसनीखेज मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर एक युवक द्वारा अवैध तमंचे से खुलेआम फायरिंग करने का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो सामने आने के बाद स्थानीय पुलिस प्रशासन और महकमे में हड़कंप मच गया है।पाली के आजाद नगर मोहल्ले का है मामलामिली जानकारी के अनुसार, वायरल हो रहा यह वीडियो हरदोई जिले के पाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मुहल्ला आजाद नगर का बताया जा रहा है। वीडियो में एक युवक हाथ में अवैध तमंचा लहराते हुए और खुलेआम हवाई फायरिंग करते हुए साफ तौर पर देखा जा सकता है। युवक को कानून और पुलिस का जरा भी खौफ नहीं दिखाई दे रहा है।

# सपा जिलाध्यक्ष विवाद पर करणी सेना का प्रदर्शन

**हरदोई।** महिलाओं पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष शराफत अली का विवाद लगातार गहराता जा रहा है। अब क्षत्रिय करणी सेना भी इस मामले में खुलकर सामने आ गई है। संगठन के पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर शराफत अली के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी, जेल भेजने तथा कथित अवैध संपत्तियों की जांच कराने की मांग की है।

करणी सेना के जिलाध्यक्ष धनराज सिंह उर्फ राजा ठाकुर जरौआ के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि वायरल वीडियो में पूर्व सांसद ऊषा वर्मा, पूर्व विधायक राजेश्वरी देवी समेत कई महिला जनप्रतिनिधियों के खिलाफ अमर्यादित एवं आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया गया। संगठन का कहना है कि यह केवल कुछ महिलाओं का नहीं, बल्कि पूरे महिला समाज के सम्मान का विषय है और दोषी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। गौरतलब है कि कथित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद राजनीतिक हलकों में भी हलचल मच गई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए समाजवादी पार्टी ने शराफत अली को जिलाध्यक्ष पद से हटा दिया था तथा हरदोई की जिला कार्यकारिणी को भी भंग कर दिया था। वहीं पूर्व सांसद ऊषा वर्मा ने भी इस मामले पर कड़ी नाराजगी जताई थी। अब करणी सेना की मांगों के बाद मामला और अधिक तूल पकड़ता नजर आ रहा है। संगठन ने स्पष्ट कहा है कि केवल राजनीतिक कार्रवाई पर्याप्त नहीं है, बल्कि कानूनी कार्रवाई भी आवश्यक है। ऐसे में अब सभी की निगाहें पुलिस प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

## एक अभियुक्त गिरफ्तार

**हरदोई।** हरियावाँ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बिन्नहा मजरा पीला महुआ में सूर्य प्रताप पुत्र नन्हें लाल निवासी ग्राम महोली थाना टड़ियावां का मिशुन कुमार पुत्र रामविलास निवासी ग्राम बिन्नहा मजरा पीला महुआ की पत्नी मोनिका से प्रेम संबंध था। इसे लेकर हुये विवाद मे सूर्य प्रताप ने मिशुन कुमार पर नीयत से चाकू से हमला कर दिया जिससे मिशुन कुमार घायल हो गया था। उसे जिला अस्पताल हरदोई में भर्ती करायाा गया। मिशुन कुमार के पिता रामविलास द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर विभिन्न धाराओ मे सूर्य प्रताप पुत्र नन्हेलाल निवासी ग्राम महोली थाना टड़ियावां पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। नामित अभियुक्त सूर्य प्रताप पुत्र नन्हेलाल निवासी महोली थाना टड़ियावां जनपद हरदोई को चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया।

# लखनऊ विधानसभा के सामने संडीला की महिला ने किया आत्महत्या का प्रयास

**स्वतंत्र भारत**



**संडीला।** मिथिलेश कुमारी निवासी ककरहिया थाना संडीला द्वारा विधानसभा के सामने आत्महत्या करने का प्रयास किया गया। समय रहते मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने महिला की जान बचाई । महिला का आरोप है संडीला पुलिस ने इसकी शिकायत दर्ज नहीं की। पडताल करने पर दरअसल कहानी कुछ और निकाल कर सामने आई है ।

मिथिलेश का बेटा अरविंद उर्फ अभिषेक शादीशुदा है अपनी पत्नी शिक्षा सिंह से काफी लड़ाई झगड़ा करता रहता है ।नशे का आदी है इसी के चलते शिक्षा सिंह एक दिन अपने ससुराल आई घर में रखा सारा अनाज बेचकर वापस अपने मायके चली गई महिला मिथिलेश कुमारी द्वारा जिन लोगों पर आरोप लगाया जा रहा है । सर्वनाम सिंह रमेश सिंह उमेश सिंह सौरभ सिंह इन्हीं परिवार के लोग हैं महिला की बहू काफी परेशान रहती है। परिवार के लोगों ने इसकी मदद की इसी वजह से महिला द्वारा झूठा चोरी का आरोप लगाकर मुकदमा लिखवाना चाहती थी जिसकी थाना प्रभारी संडीला द्वारा गहन जांच की गई मामला फर्जी होने पर अधिकारियों को अवगत कराया । फर्जी मुकदमा न लिखने के करण महिला मिथिलेश कुमारी पत्नी स्वर्गीय देवेंद्र सिंह आत्मदाह का प्रयास विधानसभा लखनऊ में किया गया ।जानकारी के अनुसार महिला के लड़के अरविंद सिंह उर्फ अभिषेक के खिलाफ थाना संडीला में 9 मुकदमे दर्ज हैं गैंगस्टर के तहत कार्रवाई की जा चुकी है जिसमें गुंडा एक्ट भी शामिल है। अपराधी व्यक्ति होने कारण गांव के लोग भयभीत रहते हैं। महिला द्वारा आत्महत्या का प्रयास अपनी बेटे को बचाने के लिए किया गया सूत्रों की माने तो अरविंद सिंह उर्फ अभिषेक लखनऊ में रोडवेज संविदा पर नौकरी करता है ।हजरतगंज पुलिस ने संडीला पुलिस के साथ महिला को भेदिया है।

## चोरी की भैंस और पिकप डाला सहित चार गिरफ्तार



**हरदोई।** अतरौली थाना छेत्र से हो रही भैंस चोरी की घटनाओं में पुलिस ने चार लोगो को चोरी की गई भैंस और घटना में प्रयुक्त पिकप डाला सहित गिरफ्तार किया है। प्राप्त विवरण में14 जून को प्रकाश उर्फ छोटक्के पुत्र निरंजन निवासी ग्राम सैयापुर थाना अतरौली द्वारा थाना स्थानीय पर तहरीर दि गयी कि 13 जून की रात्रि में वह घर पर मौजूद नही था, इसी दौरान अज्ञात चोरों द्वारा उसके दरवाजे पर बंधी भैंसों में से एक भैंस चोरी कर ली गयी है। इस संबंध में वादी की तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर भैंस चोरों की तलाश शुरू की थी। थाना अतरौली पुलिस द्वारा उपरोक्त अभियोग से संबंधित जितेन्द्र उर्फ मुंशी पुत्र भरोसे निवासी ग्राम महुआ डांडा थाना अतरौली,शाहरुख उर्फ खनाना पुत्र हसरीन निवासी ग्राम बरगदी थाना अतरौली,मुलहे पुत्र अयोध्या निवासी ग्राम महुआ डांडा थाना अतरौली और धीरज पुत्र शिवप्रसाद निवासी ग्राम डेहुआ सैयापुर थाना अतरौली को चोरी की भैंस व पिकअप डाला सहित गिरफ्तार किया गया है।

# लाखों के गहने लेकर फरार हुए सर्राफ को पुत्र सहित पुलिस ने किया गिरफ्तार



**हरदोई।** सांडी थाना के ग्राम चचरापुर से लाखो रूपये के लोगों के गहने लेकर फरार हुए सर्राफ को उसके पुत्र सहित पुलिस ने गिरफ्तार कर आभूषण बरामद किये हैं।

प्राप्त विवरण में 2 जून को रंजीत सिंह पुत्र मनमोहन निवासी ग्राम चचरापुर द्वारा थाना सांडी पर तहरीर दी गयी कि विपिन गुप्ता पुत्र राजपाल निवासी ग्राम साबिरपुर थाना बेहटा गोकुल द्वारा ग्राम चचरापुर में सर्राफा की दुकान खोली थी तथा वादी सें रुपए उधार लिए गए थे जिसके उपरांत विपक्षी विपिन गुप्ता दुकान बन्द करके फरार हो गया है। इस संबंध में पीड़ित की तहरीर के आधार पर थाना सांडी पर अभियोग पंजीकृत किया गया।

11जून को अरविन्द कुमार पुत्र स्व0 जयप्रकाश निवासी मोहल्ला नवाबगंज द्वारा थाना सांडी पर तहरीर दी गयी कि वादी की सर्राफा की दुकान है विपिन गुप्ता पुत्र राजपाल,प्रिंस गुप्ता,पीयूष गुप्ता पुत्रगण विपिन गुप्ता निवासी ग्राम साबिरपुर थाना बेहटा गोकुल जिनकी ग्राम चचरापुर में सर्राफा की दुकान है, उपरोक्त अभियुक्तगण वादी की दुकान से आभूषण बेचने हेतु लेकर गए थे। वादी द्वारा आभूषण के रुपए मांगने पर अभियुक्तगण द्वारा गाली-गलौज की गयी। जिसके उपरांत अभियुक्तगण दुकान बन्द करके फरार हो गए है।14 जून को शिवसागर पाल पुत्र कमलेशपाल निवासी ग्राम चचरापुर द्वारा थाना सांडी पर तहरीर दी गयी कि वादी द्वारा विपिन गुप्ता पुत्र राजपाल प्रिंस गुप्ता पुत्र विपिन गुप्ता निवासी ग्राम साबिरपुर थाना बेहटा गोकुल की सर्राफा की दुकान पर एक सोने का हार गिरवी रखा था तथा गांव के ही कुछ अन्य व्यक्तियों द्वारा भी आभूषण गिरवी रखे गए थे। जिसके उपरांत विपक्षी 1. विपिन गुप्ता 2. प्रिंस गुप्ता दुकान बन्द करके फरार हो गया है।

थाना सांडी के प्रभारी बसंत राम और पुलिस बल द्वारा उपरोक्त अभियोगों से संबंधित नामजद विपिन गुप्ता पुत्र राजपाल गुप्ता व प्रिंस गुप्ता पुत्र विपिन गुप्ता निवासीगण ग्राम साबिरपुर थाना बेहटा गोकुल हाल पता ग्राम चचरापुर थाना साण्डी जनपद हरदोई को 106500 रूपये नगदी, एक अदद पीली धातु का हार, एक अदद कमर करधनी सफेद धातु, एक अदद हार, एक अदद माँगबेदी, एक अदद नथूनी, एक अदद झुमकी, एक अदद हार पीली धातु, एक अदद मंगलसूत्र पीली धातु, एक जोडी बाला पीली धातु, एक जोडी कान के टप पीली धातु, एक जोडी कान के कुण्डलपीली धातु, एक जोडी हथफूल व एक जोडी बिछुआ सफेद धातु, एक जोडी टप्स पीली धातु, एक जोडी झुमकी पीली धातु, एक अदद अगूंठी पीली धातु, एक अदद कमर करधनी सफेद धातु, एक जोडी झाला पीली धातु, एक जोडी पायल सफेद धातु, एक जोडी बाली पीली धातु, दो माँगबेदी पीली धातु, एक नथुनी पीली धातु, एक हथफूल सफेद धातु, एक अदद चैन पीली धातु, एक अदद लाल मोती की माला मय लाकेट पीली धातु, एक जोडी पायल सफेद धातु सहित गिरफ्तार किया गया है।

## 16 व 17 जून को 4 घंटे बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

**हरदोई।** विद्युत विभाग ने 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र सांडी रोड शहर एवं सांडी रोड ग्रामीण से जुड़े उपभोक्ताओं को आगामी 16 और 17 जून को होने वाले बिजली शटडाउन की सूचना जारी की है।प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार एनसीसी लिमिटेड द्वारा नई 33 केवी लाइन के अंडरग्राउंड कार्य के चलते शटडाउन लिया जाएगा। इस दौरान 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र सांडी रोड (शहर) एवं सांडी रोड (ग्रामीण) की विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी। विभाग के अनुसार 16 जून और 17 जून 2026 (मंगलवार एवं बुधवार) को प्रातः 5:00 बजे से 9:00 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत विभाग ने बताया कि यह कार्य विद्युत व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

# अस्तित्व फाउंडेशन ने वितरित किए कौशल विकास के प्रमाणपत्र



**हरदोई।** महिलाओं एवं युवतियों को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से अस्तित्व फाउंडेशन द्वारा आयोजित पांचवें 15 दिवसीय कौशल विकास कार्यक्रम का समापन एवं प्रमाणपत्र वितरण समारोह सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि राज अग्रवाल पत्नी संघ पूर्व नगर प्रचारक , डॉ खुशी अग्रवाल, श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति दल के जिला महासचिव गौरव अग्रवाल, राष्ट्रीय खेल चैंपियन विवेक त्रिवेदी के दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। प्रतिभागियों द्वारा राधा नाम संकीर्तन, पिरामिड प्रदर्शन, नृत्य प्रस्तुति तथा मार्शल आर्ट्स प्रशिक्षक रोहिणी शर्मा द्वारा 'भारत की बेटी' गीत की प्रभावशाली प्रस्तुति ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त अनुभवों एवं अपने जीवन में आए सकारात्मक परिवर्तनों को साझा किया।

इस अवसर पर मार्शल आर्ट्स, डांस, मेहंदी, ब्यूटी पार्लर, ढोलक एवं सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। साथ ही समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिला को 'स्पेशल वूमेन ईयर अवार्ड ' का सम्मान वैष्णवी गुप्ता को दिया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षकों का सम्मान तथा विशिष्ट अतिथियों गौरव अग्रवाल एवं अभिषेक गुप्ता का अभिनंदन भी किया गया। हरदोई में पले बढ़े और इस समय अमेरिका के न्यू जर्सी शहर की साफ्टवेयर कंपनी ओरेकल में कार्यरत प्रवीण अग्रवाल अपनी जन्म भूमि को नहीं भूलते और समय समय पर यहां की प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का प्रयास करते रहते है। इस अवसर पर संस्था की उपाध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी गुप्ता, हिमानी पाठक, संध्या, राममूर्ति, नैन्सी, शिवाय, अनुराग तथा बड़ी संख्या में अभिभावक एवं प्रतिभागी उपस्थित रहे।

## ईरान डील पर ट्रंप को घेर रहे डेमोक्रेट्स

### सांसद क्रिस मर्फी बोले- ये 'सरेंडर' जैसा समझौता



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को ट्रुथ सोशल पर ईरान संग पीस डील होने का एलान किया। ईरान ने भी एमओयू को अंतिम रूप दिए जाने पर बयान जारी किया। दुनिया ने राहत की सांस ली है। इस बीच अमेरिकी सांसद स्वागत तो कर रहे हैं लेकिन तंज भी कस रहे हैं। सांसद क्रिस मर्फी ने इसे आत्मसमर्पण करार दिया है।डेमोक्रेट्स ईरान के साथ हुए समझौते का स्वागत तो कर रहे हैं, लेकिन उनका कहना है कि यह युद्ध अनावश्यक था और यह समझौता केवल स्थिति को वहीं वापस ले जाता है जहां से शुरुआत हुई थी। डेमोक्रेट सांसद क्रिस मर्फी ने एक्स पर एक पोस्ट लिखा। जिसमें दो अहम बातें कहीं। उन्होंने कहा, अगर ईरान के साथ कोई अंतिम समझौता होता है, तो वह तेहरान के सामने 'सरेंडर' जैसा लगेगा। हालांकि, ऐसे समझौते का स्वागत किया जाना चाहिए, क्योंकि युद्ध जारी रहने से अमेरिका और कमजोर होगा। मर्फी ने कहा कि मौजूदा हालात में लंबी जंग अमेरिका के हितों को ज्यादा नुकसान पहुंचाएगी। इसलिए अगर समझौते के जरिए संघर्ष खत्म होता है, तो यह विकल्प युद्ध जारी रखने से बेहतर होगा। मर्फी ने यह भी कहा कि ईरान की ओर से एकमात्र रियायत स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को फिर से खोलने की थी। जबकि यह जलडमरूमध्य संघर्ष से पहले भी खुला हुआ था। उन्होंने तर्क दिया कि ईरान पहले से ही जेसीपीओए के तहत परमाणु हथियार विकसित न करने के लिए प्रतिबद्ध था, जो एक ऐसा समझौता था जिसे बाद में ट्रंप ने छोड़ दिया था।

# अमेरिका-ईरान शांति समझौते का दुनिया ने किया स्वागत

**वॉशिंगटन।** अमेरिका और ईरान के बीच हुए शांति समझौते को दुनिया भर में एक बड़ी कूटनीतिक सफलता के रूप में देखा जा रहा है। कई महीनों से जारी तनाव, सैन्य टकराव और समुद्री व्यापार में बाधाओं के बीच आए इस समझौते से पश्चिम एशिया में स्थिरता लौटने की उम्मीद जगी है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा समझौते की घोषणा के बाद कतर, तुर्किये, ब्रिटेन, जर्मनी और फ्रांस सहित कई देशों ने इसका स्वागत किया है। अंतरराष्ट्रीय नेताओं का मानना है कि यह समझौता न केवल क्षेत्रीय तनाव कम करेगा, बल्कि वैश्विक व्यापार, ऊर्जा आपूर्ति और समुद्री यातायात को भी राहत देगा। खास तौर पर होर्मुज जलडमरूमध्य के दोबारा पूरी तरह खुलने की संभावना को इस समझौते की सबसे बड़ी उपलब्धियों में माना जा रहा है। समझौते की घोषणा के बाद विभिन्न देशों के नेताओं ने इसे शांति की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान बिन जासिम अल थानी ने अमेरिका और ईरान के बीच बनी सहमति का स्वागत करते हुए कहा कि भविष्य की वार्ताएं सकारात्मक और रचनात्मक माहौल में आगे बढ़नी चाहिए। तुर्किये के राष्ट्रपति रेचेप तैयप एर्दोआन ने इसे क्षेत्र में शांति और स्थिरता स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण घटनाक्रम बताया। वहीं ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने कहा कि यह समझौता युद्ध समाप्त करने, क्षेत्रीय स्थिरता बढ़ाने और होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने की दिशा में बड़ा कदम है। उन्होंने इस सफलता में शामिल मध्यस्थ देशों की भी सराहना की।

### ट्रंप की घोषणा के बाद कई देशों ने दी प्रतिक्रिया



## एक नज़र

### पुतिन और जेलेंस्की ने की ट्रंप से फोन पर बातचीत

**रूस बोला- जी-7 शिखर सम्मेलन में होगी यूक्रेन युद्ध पर चर्चा**

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने रविवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से अलग-अलग फोन पर बातचीत की। यह बातचीत ऐसे समय हुई, जब ट्रंप अपना 80वां जन्मदिन मना रहे हैं। वहीं, यूक्रेन युद्ध इस सप्ताह होने वाले जी-7 शिखर सम्मेलन से पहले प्रमुख मुद्दा बना हुआ है। रूसी राष्ट्रपति के सहयोगी यूरी उशाकोव के अनुसार, पुतिन और ट्रंप के बीच बातचीत लगभग एक घंटे तक चली। उशाकोव ने पत्रकारों को बताया कि यूक्रेन के मुद्दे पर ट्रंप ने शत्रुता खत्म करने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वह इस दिशा में यूरोपीय सहयोगियों और कीव को प्रभावित करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने संकेत दिया कि आगामी जी-7 शिखर सम्मेलन में भी इस मुद्दे पर चर्चा होगी। उशाकोव के अनुसार, ट्रंप ने यह भी कहा कि रूस में नागरिक ठिकानों पर हाल के हमलों ने समाधान की प्रक्रिया को और जटिल बना दिया है। हालांकि व्हाइट हाउस ने इस बयान की पुष्टि नहीं की है और न ही बातचीत पर कोई टिप्पणी की है। उशाकोव ने कहा कि ट्रंप का मानना है कि युद्ध का जल्द अंत होने से अमेरिका और रूस के संबंधों में वास्तव में एक नए स्तर की शुरुआत हो सकती है।

### रूस ने यूक्रेन पर फिर बरसाया कहर, धार्मिक स्थल में लगी आग

**बमबारी की चपेट में आए नागरिक ठिकाने, पांच की मौत**

**कीव।** पिछले तीन वर्षों से जारी रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच सोमवार को रूस ने यूक्रेन पर बड़े पैमाने पर हमला किया, जिसमें राजधानी कीव और खारकीव सबसे ज्यादा प्रभावित रहे। इस हमले में खारकीव में पांच बचावकर्मियों की मौत हो गई, जबकि कीव में कम से कम 13 लोग घायल हुए हैं। हमले के दौरान कई रिहायशी इमारतों, बाजारों और नागरिक ठिकानों को नुकसान पहुंचा। सबसे गंभीर नुकसान यूक्रेन के सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों में से एक कीव-पेचेर्स्क लावरा को हुआ, जहां भीषण आग लग गई। यूक्रेनी अधिकारियों ने रूस पर जानबूझकर नागरिक ठिकानों और सांस्कृतिक धरोहरों को निशाना बनाने का आरोप लगाया है। यूक्रेन के गृह मंत्री इहोर क्लाइमेनको के अनुसार, खारकीव में रूसी हमले के बाद लगी आग को बुझाने पहुंचे बचावकर्मी दूसरे हमले की चपेट में आ गए। इस हमले में पांच बचावकर्मियों की मौत हो गई, जबकि कम से कम पांच अन्य आपातकालीन कर्मी घायल हो गए। अधिकारियों का कहना है कि यह हमला ऐसे समय किया गया जब राहत और बचाव कार्य जारी था।

### अमेरिका में क्रैश हुआ विमान, 12 की मौत

**स्काईडाइविंग के लिए ले जा रहा था यात्री**

**मिसौरी।** अमेरिका के मिसौरी राज्य में स्काइडाइविंग के लिए यात्रियों को ले जा रहा एक विमान रविवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस विमान पर सवार सभी 12 लोगों की मौत हो गई। मिसौरी स्टेट हाईवे पेट्रोल ने एक बयान में कहा कि उसके जवान घटनास्थल पर मौजूद हैं और बटलर पुलिस विभाग तथा बेट्स काउंटी शेरिफ कार्यालय की सहायता कर रहे हैं। दुर्घटना बटलर मेमोरियल एयरपोर्ट के निकट हुई। बटलर शहर कैनसस सिटी से लगभग 65 मील दक्षिण में स्थित है। मिसौरी हाईवे पेट्रोल के सार्जेंट जस्टिन इविंग ने बताया कि विमान स्काइडाइविंग के लिए लोगों को ऊपर ले जा रहा था। रविवार सुबह करीब 11.30 बजे आपातकालीन सेवाओं को सूचना मिली कि एक विमान दुर्घटनाग्रस्त होकर आग की लपटों में घिर गया है। इविंग ने कहा कि दुर्घटना के कुछ ही समय बाद राहत एवं बचाव दल ने आग पर काबू पा लिया, लेकिन उन्होंने घटनास्थल को बेहद भयावह बताया।

### जी7 शिखर सम्मेलन से पहले जिनेवा में बवाल

**जिनेवा।** जी-7 शिखर सम्मेलन से पहले स्विट्जरलैंड के जिनेवा में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हिंसक हो गए। हजारों प्रदर्शनकारी नो जी-7 बैनर के तहत सड़कों पर उतरे और युद्ध, आर्थिक असमानता, पूंजीवाद तथा वैश्विक नेतृत्व के खिलाफ नारेबाजी की। स्थिति तब बिगड़ गई जब प्रदर्शनकारियों और दंगा-रोधी पुलिस के बीच झड़पें शुरू हो गईं। पुलिस ने आंसू गैस और पानी की बौछारों का इस्तेमाल किया। इस दौरान एक टेस्ला कार में आग लगा दी गई और संयुक्त राष्ट्र से जुड़े एक कार्यालय में भी तोड़फोड़ की गई। सम्मेलन से पहले पूरे शहर में भारी सुरक्षा बल तैनात कर दिए गए हैं।

## कांगो में इबोला वायरस से मृतकों की संख्या पहुंची 181

**किंशासा।** कांगो में इबोला संक्रमण के पुष्ट मामलों की संख्या बढ़कर 782 हो गई है, जबकि मृतकों की संख्या 181 तक पहुंच गई है। कांगो के स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार देर शाम सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी एक बयान में यह जानकारी दी। हालांकि अधिकारियों का मानना है कि वास्तविक मामलों की संख्या इससे अधिक हो सकती है, क्योंकि संक्रमण की पुष्टि 15 मई को हुई थी, जबकि इसके कई सप्ताह पहले शुरू होने की आशंका है। इसके अलावा संक्रमितों के संपर्कों का पता लगाने की कवरेज दर घटकर 56 प्रतिशत रह गई है, जो पिछले सप्ताह की तुलना में काफी कम है। यह ताजा प्रकोप दुर्लभ बंडिबुग्यो वायरस के कारण फैला है। इस वायरस के लिए अभी तक कोई स्वीकृत टीका या उपचार उपलब्ध नहीं है।

## मैक्रों ने शेयर किया पीएम मोदी से मुलाकात का वीडियो

**नीस।** बॉलीवुड के बड़े निर्देशकों में शामिल आदित्य धर की फिल्म धुरंधर का लोकप्रिय गीत आरी आरी अब फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों को भी पसंद आ गया है। मैक्रों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीस यात्रा की प्रमुख झलकियों को साझा करते हुए इस गाने का इस्तेमाल किया। मैक्रों ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें आरी आरी गाने की धुन का इस्तेमाल किया गया है। इससे पहले उन्होंने एक अन्य पोस्ट में लिखा था, फ्रांस के पास सभी क्षमताएं हैं। यहां न तो प्रतिभा की कमी है और न ही ऊर्जा की। धुरंधर फिल्म का यह गाना आत्माओं के मिलन और बदलती हवाओं की बात करता है, जिसे भारत-फ्रांस संबंधों और बदलते वैश्विक भू-राजनीतिक परिदृश्य के संदर्भ में देखा जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को नीस स्थित विला केरीलोस में राष्ट्रपति मैक्रों के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। इस वर्ष भारत और फ्रांस के संबंधों को विशेष वैश्विक रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक पहुंचाए जाने के बाद दोनों नेताओं की यह पहली मुलाकात थी।

दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर व्यापक चर्चा हुई। उन्होंने रक्षा सहयोग के सभी क्षेत्रों में हुई प्रगति और उसकी गहराई पर संतोष व्यक्त किया तथा रक्षा प्लेटफॉर्म और उन्नत प्रौद्योगिकियों के सह-डिजाइन, सह-विकास और सह-उत्पादन पर विशेष ध्यान देते हुए इसे और मजबूत बनाने पर सहमति जताई। दोनों नेताओं ने अंतरिक्ष क्षेत्र में सहयोग की समृद्ध विरासत का जिक्र किया और मानव अंतरिक्ष उड़ान तथा स्पेस सिचुएशनल अवेयरनेस के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। उन्होंने अंतरिक्ष क्षेत्र में निजी कंपनियों के सहयोग को बढ़ाने के उपायों पर भी विचार-विमर्श किया। असैन्य परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में दोनों नेताओं ने कहा कि भारत का शांति अधिनियम छोटे और उन्नत मॉड्यूलर रिएक्टरों सहित सहयोग के नए अवसर प्रदान करता है।

### बैकग्राउंड में बज रहा था धुरंधर का ये गाना

## अमेरिका-ईरान समझौते पर इस्राइल का विद्रोही रुख

**तेल अवीव।** अमेरिका और ईरान के बीच हुए शांति समझौते को लेकर इस्राइल ने पहली बार खुलकर अपनी आपत्ति दर्ज कराई है। इस्राइल के राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन-गवीर ने साफ शब्दों में कहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मध्यस्थता से तैयार हुआ यह समझौता इस्राइल पर लागू नहीं होता। उन्होंने कहा कि इस्राइल एक स्वतंत्र और संप्रभु राष्ट्र है तथा वह अपनी सुरक्षा से जुड़े फैसले खुद करेगा। उनका यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका और ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने और क्षेत्र में जारी संघर्ष को रोकने के लिए एक प्रारंभिक समझौते की घोषणा की है।

बेन-गवीर ने सोशल मीडिया पर जारी अपने बयान में कहा कि इस्राइल इस समझौते का हिस्सा नहीं है और इसलिए यह उस पर किसी भी रूप में बाध्यकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि इस्राइल अमेरिका का सम्मान करता है और राष्ट्रपति ट्रंप का आभारी है, लेकिन राष्ट्रीय सुरक्षा के मामलों में कोई भी बाहरी समझौता उसके निर्णयों को नियंत्रित नहीं कर सकता। उनके अनुसार, किसी भी अंतरराष्ट्रीय समझौते से ऊपर इस्राइल की सुरक्षा और उसके नागरिकों की रक्षा है। उन्होंने यह भी कहा कि अतीत में अंतरराष्ट्रीय दबाव के आगे झुकने की कीमत इस्राइल को कई बार चुकानी पड़ी है।

### लेबनान को लेकर खींची लाल रेखा

## इस्राइल-हमास युद्ध : अब तक 73 हजार फलस्तीनियों ने गंवाई जान

**मॉस्को।** गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इस्राइल-हमास युद्ध में मरने वाले फलस्तीनियों की संख्या 73,000 के पार पहुंच गई है। यह आंकड़ा ऐसे समय सामने आया है, जब अक्टूबर से लागू युद्धविराम के बावजूद इस्राइल का सैन्य अभियान जारी हैं। इस्राइल का कहना है कि वह हमास और अन्य उन उग्रवादियों को निशाना बना रहा है जो सुरक्षा के लिए खतरा हैं। साथ ही उसका दावा है कि यह कार्रवाई युद्धविराम उल्लंघनों और समय-समय पर होने वाले हमलों के जवाब में की जा रही है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, युद्धविराम लागू होने के बाद से अब तक करीब 1,000 लोग मारे जा चुके हैं। वहीं संघर्षविराम के बाद पांच इस्राइली सैनिकों की भी मौत हुई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक 73,001 लोगों की मौत हो चुकी है। सात अक्तूबर 2023 से जारी संघर्ष में 1,73,200 से अधिक लोग घायल हुए हैं। यह युद्ध सात अक्तूबर 2023 को हमास के नेतृत्व में इस्राइल पर हुए हमले के बाद शुरू हुआ था। उस हमले में लगभग 1,200 लोग मारे गए थे और 251 लोगों को बंधक बना लिया गया था। हमास संचालित सरकार के तहत काम करने वाले स्वास्थ्य मंत्रालय में चिकित्सा पेशेवर कार्यरत हैं और वह विस्तृत रिकॉर्ड रखता है। संयुक्त राष्ट्र एजेंसियां और स्वतंत्र विशेषज्ञ आम तौर पर उसके आंकड़ों को विश्वसनीय मानते हैं। हालांकि मंत्रालय नागरिकों और लड़ाकों के बीच अंतर नहीं करता, लेकिन उसका कहना है कि मृतकों में लगभग आधी संख्या महिलाओं और बच्चों की है।

### आईडीएफ के हमले अभी भी जारी



## ज्वालामुखी के किनारे कर रहा था स्टंट

**सना।** यमन के मशहूर एडवेंचर क्रिएटर और सोशल मीडिया स्टार अंतर अल अब्सी, जिन्हें लोग यमन का स्पाइडरमैन कहते थे, की एक खतरनाक स्टंट के दौरान दर्दनाक मौत हो गई। 30 वर्षीय अंतर अल अब्सी दक्षिणी यमन के अल धाले प्रांत स्थित हराधत दमत ज्वालामुखीय क्रेटर की खड़ी चट्टानों पर चढ़ाई कर रहे थे। इसी दौरान उनका संतुलन बिगड़ गया और वह गहरे क्रेटर में गिर गए। इस हादसे का वीडियो भी सामने आया है, जिसने सोशल मीडिया पर लोगों को झकझोर दिया है। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, अंतर अल अब्सी बिना किसी सुरक्षा उपकरण के ज्वालामुखीय क्रेटर की लगभग सीधी चट्टान पर चढ़ रहे थे। वीडियो में वह चट्टान से लटके हुए दिखाई देते हैं, लेकिन कुछ ही क्षण बाद उनकी पकड़ छूट जाती है और वह नीचे गिर जाते हैं। बताया गया है कि यह क्रेटर करीब 120 मीटर गहरा है। हादसे के बाद तुरंत बचाव दल को मौके पर भेजा गया।

यमन के नागरिक सुरक्षा प्राधिकरण ने विशेष बचाव दल, गोताखोरों और जल-रिकवरी टीमों को घटनास्थल पर तैनात किया। हालांकि दुर्गम और पथरीले इलाके के कारण राहत कार्य आसान नहीं था। करीब चार घंटे तक चले अभियान के बाद गोताखोरों ने क्रेटर के भीतर मौजूद पानी से अंतर अल अब्सी का शव बरामद किया। अधिकारियों के अनुसार, शव पानी की सतह से लगभग 30 मीटर नीचे मिला।

### एक गलती और खत्म हो गई जिंदगी

### यमन के स्पाइडरमैन की जिंदगी का दर्दनाक अंत

## ब्रिटेन की संसद के बाहर जुटे हजारों कश्मीरी

**लंदन।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में पाकिस्तानी सेना प्रदर्शनकारियों का बर्बरता से दमन कर रही है। इस मानवाधिकार उल्लंघन और बल प्रयोग के खिलाफ हजारों ब्रिटिश कश्मीरी रविवार को लंदन में वेस्टमिंस्टर के पैलेस के बाहर एकत्रित हुए। प्रदर्शनकारियों ने इस मामले में अंतरराष्ट्रीय हस्तक्षेप करने और जवाबदेही की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने क्षेत्र में नागरिकों की मौतों, महिलाओं के उत्पीड़न, घायलों और शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के खिलाफ बल प्रयोग पर चिंता जताई। अपनी मांगों के समर्थन में बैनर और तख्तियां लिए हुए प्रदर्शनकारियों ने अशांति से प्रभावित लोगों के लिए न्याय की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से पीओके की स्थिति पर ध्यान देने का आग्रह किया। ब्रिटेन की संसद के बाहर प्रदर्शनीकारियों ने संयुक्त राष्ट्र और वैश्विक मानवाधिकार संगठनों से क्षेत्र के घटनाक्रम की जांच करने की अपील की। ब्रिटिश संसद के बाहर जमावड़े के दौरान पीड़ितों के लिए जवाबदेही और न्याय की मांग वाले नारे गूंज रहे थे।

रैली को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने बताया कि पीओके के निवासी लंबे समय से बुनियादी अधिकारों के लिए विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इनमें आर्थिक राहत, सस्ती बिजली, बेहतर शासन और अधिकारियों द्वारा किए गए वादों का पूरा होना शामिल है। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि सुरक्षा बलों ने शांतिपूर्ण प्रदर्शनों पर अत्यधिक बल का प्रयोग किया, जिसके परिणामस्वरूप नागरिक हताहत हुए और घायल हुए।

### पीओके में सेना की बर्बरता पर जवाबदेही की मांग



**जश्न** | अब तक का सबसे महंगा शो, 567 करोड़ खर्च

# ट्रम्प ने जन्मदिन पर व्हाइट हाउस में यूएफसी फाइट कराई

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने व्हाइट हाउस के साउथ लॉन में अल्टीमेट फाइटिंग चैम्पियनशिप यानी स्नष्ट मुकाबलों के साथ अपना 80वां जन्मदिन मनाया।

### जीत के बाद विजेता राष्ट्रपति से मिला

यूएफसी ने इस आयोजन पर करीब 6 करोड़ डॉलर (567 करोड़ रुपए) खर्च किए। ये अब तक का सबसे महंगा यूएफसी आयोजन माना जा रहा है। इस फाइट कार्ड में कुल 7 मुकाबले हुए। मेन फाइट लाइटवेट चैंपियन रहे इलिया टोपुरिया और जस्टिन गेथजे के बीच हुई। 4 राउंड तक चले मुकाबले में अमेरिकी फाइटर गेथजे ने अपने स्पेनिश विरोधी टोपुरिया को हराकर उलटफेर किया। गेथजे को लाइटवेट टाइटल बेल्ट मिली, जबकि टोपुरिया को अपने करियर की पहली हार मिली। मुकाबले देखने के लिए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, उनके कई सीनियर अफसर, खास मेहमान और हजारों सैन्यकर्मी मौजूद थे। पहले मुकाबले में बो निकल ने पहले ही राउंड में काइल डाउकस को नॉकआउट कर दिया। उन्होंने एक जोरदार लेफ्ट हुक और राइट पंच से प्रतिद्वंद्वी को गिराया, जिसके बाद रेफरी ने मुकाबला रोक दिया। जीत के तुरंत बाद बो निकल रिंग से बाहर आए और सीधे राष्ट्रपति ट्रम्प के पास पहुंचे। दोनों ने हाथ मिलाया और कुछ देर बातचीत की।

**ट्रम्प ने कहा- यह धरती का सबसे बड़ा शो**

राष्ट्रपति ट्रम्प और कई अधिकारियों ने आयोजन की तारीफ की। ट्रम्प ने इसे 'धरती का सबसे बड़ा शो' बताया और 'क्लॉ' की तुलना पेरिस के एफिल टॉवर से की। वहीं विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने स्नष्ट को अमेरिका की सॉफ्ट डिप्लोमैटिक पावर बताया। इस इवेंट में कुल 14 फाइटर ने हिस्सा लिया। एक्सपर्ट्स के मुताबिक इस आयोजन का सबसे बड़ा फायदा यूएफसी ब्रांड को मिल सकता है। एक समय ऐसा था, जब इस खेल को प्रायोजकों और कई आयोजकों ने स्वीकार नहीं किया था। एक अमेरिकी सीनेटर ने इसे कभी मानव मुर्गा लड़ाई तक कहा था।




**33 साल पहले शुरू हुआ था यूएफसी का सफर**

अल्टीमेट फाइटिंग चैम्पियनशिप (यूएफसी) आज दुनिया की सबसे बड़ी मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स (एमएमए) लीग है। इसकी शुरुआत 1993 में अमेरिका में हुई थी। उस दौर में बॉक्सिंग, कराटे, कुश्ती और ब्राजीलियन जिउ-जित्सु जैसी अलग-अलग फाइटिंग शैलियों के समर्थक अपनी-अपनी तकनीक को सबसे प्रभावी बताते थे। इस पर काफी बहस होती थी कि असली मुकाबले में कौन-सा मार्शल आर्ट सबसे ज्यादा कारगर साबित होगा। इसी सवाल का जवाब तलाशने के लिए स्नष्ट का पहला टूर्नामेंट आयोजित किया गया। इसमें ब्राजीलियन जिउ-जित्सु विशेषज्ञ रॉयस ग्रेसी चैंपियन बने। ग्रेसी शारीरिक रूप से कई प्रतिद्वंद्वियों से छोटे और हल्के थे, लेकिन उन्होंने अपनी तकनीक के दम पर बड़े और ताकतवर फाइटर्स को हराकर सबको चौंका दिया। समय के साथ खेल का स्वरूप भी बदल गया। अब फाइटर्स सिर्फ एक शैली पर निर्भर नहीं रहते, बल्कि बॉक्सिंग, रेसलिंग, जूडो, कराटे, ताइक्वांडो, जिउ-जित्सु और किक बॉक्सिंग जैसी कई तकनीकों को मिलाकर मुकाबला करते हैं। यही वजह है कि इसे आज 'मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स' कहा जाता है।

## बाजार दर्पण




विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर



डॉ. विश्वास वर्मा
नेत्र सर्जन

मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध

विराम खण्ड, राम भवन के सामने
गोमती नगर लखनऊ
मोबाइल: 9415016089